हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार, 14 फरवरी 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

ALLEN THE CLEAR LEADER IN JEE MAIN 2025 (SESSION 1)

ALLEN JEE Main (Session 1) 2025 results validated by Official result validator EY

5 Overall 100%ile Scorers **14** State Toppers

RAJASTHAN TOPPER — Rajit Gupta — 7-Year Classroom Course

RAJASTHAN TOPPER — Arnav Singh — 6-Year Classroom Course

RAJASTHAN TOPPER — Om Prakash Behera — 3-Year Classroom Course

RAJASTHAN TOPPER — Saksham Jindal — 3-Year Classroom Course

DELHI (NCT) TOPPER — Harsh Jha — Online Test Series

Chhattisgarh Topper — 99.996%ile — Shourya Agrawal — 2-year Classroom Course

Jharkhand Topper — 99.996%ile — Abhimanyu Tibrewal — 2-year Classroom Course

Bihar Topper — 99.994%ile — Panini — 2-year Classroom Course

Odisha Topper — 99.989%ile — Nabaneet Priyadarshi — 5-year Classroom Course

Himachal Pradesh Topper — 99.985%ile — Dherya Sharma — 5-year Classroom Course

Assam Topper — 99.969%ile — Kanishka Chakraborty — 2-year Classroom Course

Puducherry Topper — 99.867%ile — E Kumaran — 2-year Classroom Course

Meghalaya Topper — 99.435%ile — Nistha Gautam — 2-year Classroom Course

Manipur Topper — 98.699%ile — Loyanganba L. — 1-year Classroom Course

ONLINE LIVE COURSE CHAMPIONS

99.998%ile — Aritro Ray — 1-Year Live Course

99.990%ile — Chirag Singh — 2-Year Live Course

99.979%ile — Arka Banerjee — 1-Year Live Course

99.964%ile — Ahmad Shayan — 2-Year Live Course

99.933%ile — Aditya Mishra — 1-Year Live Course

99.898%ile — Veeram N. Shah — 1-Year Live Course

ALLEN MADHYA PRADESH CHAMPIONS

Setting new records in 2025 with **Leading Performance in the STATE**

99.99%ile — INDORE TOPPER — Atharva Airen — 3-year Classroom Course

99.96%ile — Chirayu Jain — 7-year Classroom Course

99.94%ile — Shivansh Goyal — 1-year Classroom Course

99.91%ile — Ram Upadhyay — 6-year Classroom Course

99.90%ile — Parth Nyati — 3-year Classroom Course

99.90%ile — Kanishk Parmar — 2-year Classroom Course

99.90%ile — Pratyush Gupta — 3-year Classroom Course

99.89%ile — Prakhar Kothari — 3-year Classroom Course (DROPPER BATCH)

99.88%ile — Shantanu Patil — 3-year Classroom Course

99.84%ile — Rishi Kumar — 7-year Classroom Course

99.83%ile — Izyan Zuberi — 3-year Classroom Course

99.82%ile — Shreyash Paliwal — 8-year Classroom Course

99.81%ile — Abhibhava Shivam — 5-year Classroom Course

99.81%ile — Tanmay Sharma — 1-year Classroom Course (DROPPER BATCH)

99.80%ile — Siddhartha Agarwal — 3-year Classroom Course

99.80%ile — Medhansh Pandit — 2-year Classroom Course

101 Students Score Overall **99 %ile** & Above **314** Students Score Overall **95 %ile** & Above **454** Students Score Overall **90 %ile** & Above

ADMISSIONS OPEN

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | JEE (Main)
Olympiads | Class 6th to 12th & 12th Pass

SIGN-UP FOR ASAT

GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*

TEST DATES: 16 FEB & 02 MAR, 2025

ALLEN

0744-3556677

allen.ac.in

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

ALLEN Indore Center

9513731667 allen.ac.in/indore

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

As per result compiled till 12 Feb. 2025 (11:00 PM)

श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच प्रयागराज में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू

बेरोकटोक और सुगमता से लोग लगा रहे संगम में डुबकी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित है। प्रशासन की ओर से किए गए व्यापक प्रबंधों का सकारात्मक असर दिख रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और वे सुगमता के साथ संगम स्नान कर रहे हैं। मेला पुलिस के अनुसार मलाक हरहर (लखनऊ), मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, सहसो (जौनपुर), फाफामऊ (लखनऊ), अंदावा (वाराणसी रूट) और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।यातायात विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करें।

सुरक्षा बल और यातायात पुलिस तैनात

यहां लोगों को समझाइश दी जा रही

> मेला पुलिस के अनुसार लखनऊ, मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, जौनपुर, फाफामऊ, वाराणसी रूट और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है।

दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर छाया

माघ पूर्णिमा के मौके पर महाकुंभ का दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर भी छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माघ पूर्णिमा महाकुंभ' नंबर वन पर ट्रेंड करता रहा। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुंभ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

सीएम साय और डॉ. रमन ने किया स्नान-ध्यान

प्रयागराज में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कैबिनेट सहयोगियों के साथ स्नान किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से राज्यपाल, स्पीकर, मंत्री और विधायकों समेत 166 लोगों का दल पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचा। उन्होंने प्रदेश के लिए खुशहाली और लोगों का जीवन सुख-समृद्ध होने की कामना की। विधानसभा के स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भीआस्था की डुबकी लगाई।

ट्रेनों में तोड़फोड़ करने पर वालों पर होगी कार्रवाई

वाराणसी, चंदौली, मधुबनी और नवादा के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों ने ट्रेनों में तोड़फोड़ की। कई जगह लोग इंजन और लगेज वैन में बैठ गए। रेलवे ने कहा कि अव्यवस्था फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

मेला क्षेत्र में फिर लगी आग

महाकुंभ मेला क्षेत्र से एक बार फिर आग लगने की खबर है। यह आग मेला क्षेत्र में स्थित सेक्टर-18 में लगी है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और किसी तरह आग पर काबू पाया। बताया जा रहानागवासुकी के पास टेंट में आग लगी। इससे दो टेंट जल गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

खबर संक्षेप

खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक

नई दिल्ली। आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अग्रिम जमानत

याचिका दायर की। कोर्ट में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह को जांच में शामिल होने के लिए कहा है। पुलिस टीम पर हमले का आरोप है।

विपक्षी पार्टी के सरपंच को नहीं मिलेगा पैसा

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है

कि शिवसेना (यूबीटी) और अन्य विपक्षी दलों के समर्थकों को उनके क्षेत्रों के लिए कोई विकास निधि नहीं मिलेगी। ओरोस में कहा कि अगर विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन के कार्यकर्ता अपने निर्वाचन क्षेत्रों का विकास चाहते हैं तो भाजपा में शामिल हों।

ट्रक की टक्कर से मैजिक सवार 4 की मौत

शाहजहांपुर। कलान थाना क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर मदनपुर और बिचौला मार्ग पर बुधवार रात टाटा

मैजिक और ट्रक की टक्कर हो गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 16 लोग घायल हुए हैं। घायलों को फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह घटनास्थल पर मंजर देख लोग सन्न रह गए थे। जहा हादसा हुआ, वहां हाईवे लाल हो गया था।

बांसुरी के खिलाफ मानहानि का मामला

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत 20 फरवरी को यह तय करेगी कि आप नेता सत्येंद्र जैन

द्वारा भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने आदेश सुरक्षित रख लिया। बांसुरी पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

बांसवाड़ा में फैक्ट्री में धमाका, 30 लोग झुलसे

बांसवाड़ा। गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के रीको इंडस्ट्रीज इलाके में स्थित एक

पटाखे की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिससे 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस हादसे में तेज धमाकों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

जगदंबिका पाल ने सदन के पटल पर रखी जेपीसी की रिपोर्ट

विपक्षी सांसदों की असहमतियों को किया गया शामिल, स्पीकर के अधिकार सुरक्षित

संसद में जमकर बरपा हंगामा, लोकसभा में शाह ने तो राज्यसभा में मंत्री रिजिजू ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में हंगामे के बीच भाजपा सांसद और संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल ने सदन के पटल पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश की। इसके बाद भारत माता की जय के नारे भी लगे। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्पीकर को रिपोर्ट का कोई भी हिस्सा रखने या हटाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली और नियमावली को देखते हुए नीर-क्षीर विवेक के आधार पर स्पीकर को फैसला करना है, जिस पर भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है। स्पीकर ओम बिरला ने भी कहा कि विपक्षी सांसदों की असहमतियों और सभी बयानों को संसदीय नियमावली के आलोक में जेपीसी की रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री ने कहा कि नियमों से जुड़े नियमों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा किसी रिपोर्ट को स्वीकार करना सभापति का विशेषाधिकार है। सभापति के फैसले को गलत नहीं बताया जा सकता। विपक्ष की आपत्ति बेबुनियाद और तथ्यहीन है। विपक्ष जान-बूझकर गतिरोध और व्यवधान पैदा कर रहा है।

केंद्रीय पर्यावरण, वन मंत्री ने नियमों का उल्लेख कर दिया स्पष्टीकरण

संसदीय कार्यप्रणाली और नियमावली को देखते हुए नीर-क्षीर विवेक के आधार पर स्पीकर को इस पर फैसला करना है

केवल आक्षेप लगाने वाले कुछ अंश हटाए गए: रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जेपीसी की रिपोर्ट से किसी हिस्से को हटाने का आरोप बिल्कुल झूठा है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। अब सदन के पटल पर रिपोर्ट पेश किए जाने पर विपक्षी सदस्य गुमराह कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि असहमति के तमाम बयानों को भी जेपीसी की रिपोर्ट में शामिल किया गया है। सभी बातें सदन के रिकॉर्ड में हैं।

विपक्ष का हंगामा करना हास्यास्पद

रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा और मंथन के बाद जेपीसी रिपोर्ट सदन के पटल पर रखा गया है। रिपोर्ट को दोबारा पेश किया जाएगा, सदस्य इस पर चर्चा कर सकते हैं। विपक्ष का हंगामा करना बिल्कुल हास्यास्पद है।

विपक्ष ने बेबुनियाद हंगामा किया: नड्डा

सदन के नेता जेपी नड्डा ने जेपीसी रिपोर्ट पर हंगामा करने वाले विपक्षी सांसदों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों को पूरा मौका दिए जाने के बावजूद उन्होंने बेबुनियाद मुद्दों पर हंगामा किया। नड्डा ने कहा कि हंगामा करने वाले विपक्षी सांसद तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं।



आप ही सांसदों के अधिकार छीन रहे

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे कांग्रेस सांसदों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आपकी पार्टी ने देश में लंबे समय शासन किया है। अब आप ही नियोजित तरीके से हंगामा करके सदस्यों का अधिकार छीनना चाहते हैं।

विधेयक का मकसद वक्फ को बर्बाद करना : ओवैसी

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने

कहा कि यह विधेयक असंवैधानिक है। बिल संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 का उल्लंघन करता है। इस विधेयक का मकसद वक्फ को बचाना नहीं बल्कि इसे बर्बाद करना और मुसलमानों से इसे छीनना है।

वक्फ बिल भी इतिहास बनाने जा रहा: धनखड़

राज्यसभा में जेपीसी रिपोर्ट मेधा कुलकर्णी ने पेश की। जेपीसी की रिपोर्ट पर सरकार और विपक्ष के बीच वार-पलटवार के बीच सभापति धनखड़ ने

कहा कि जब देश में मंडल कमीशन की रिपोर्ट सामने आई थी। उस समय भी बड़े बदलाव हो रहे थे। सभापति ने कहा कि जब भी देश की जनता बदलाव और समस्या का समस्या का समाधान चाहती है तो विरोध की ऐसी घटनाएं भी होती हैं। उन्होंने कहा कि वे 9वीं लोकसभा के सदस्य थे उसी समय मंडल कमीशन की रिपोर्ट आई थी। तत्कालीन सरकार का भी जमकर विरोध हुआ था। अब वक्फ बिल भी वैसा ही इतिहास बनाने जा रहा है।

सरकार ने असहमति के स्वर को जगह नहीं दी: खरगे

नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इससे कई सदस्य असहमत हैं। खरगे ने जेपीसी की

रिपोर्च को फर्जी और अलोकतांत्रिक करार दिया। बाहर से सदस्यों को आमंत्रित कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं। ऐसी असंसदीय रिपोर्ट को सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं बने। खरगे ने कहा कि अगर रिपोर्ट में असहमति के स्वर को जगह नहीं दी गई है तो ऐसी स्थिति में इसे अस्वीकार किया जाना चाहिए।

3 सदस्यों के निलंबन की मांग

सत्तापक्ष की तरफ से कहा गया कि तीनों सदस्यों को गुरुवार को पूरे दिन के लिए निलंबित किया जाए। सभापति ने कहा कि इस संबंध में संसदीय नियमावली और कानून का पालन करते हुए जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

एमवीए में घमासान,मेल- मिलाप शुरू

पार्टी में 'दरार' के बीच आदित्य ने केजरीवाल और राहुल से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार द्वारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के बाद विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) में मचे घमासान के बीच शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। आदित्य ने राष्ट्रीय राजधानी में गांधी से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं ने चुनाव आयोजित कराने में निर्वाचन आयोग के खिलाफ लगे आरोपों पर भी चर्चा की। आदित्य ने अरविंद केजरीवाल से भी मुलाकातकी जिनकी आम आदमी पार्टी (आप) पिछले सप्ताह दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। आदित्य ने कहा कि जो लोग महाराष्ट्र विरोधी हैं, वे राष्ट्र विरोधी हैं। हम ऐसे लोगों को सम्मानित नहीं कर सकते जो इस तरह के गंदे काम में लिप्त हैं। यह हमारे सिद्धांतों के खिलाफ है। मुझे शरद पवार के सिद्धांतों के बारे में पता नहीं है।

- गठबंधन में जगह की तलाश

यह गठबंधन तक पहुंचने का प्रयास तो नहीं?

ठाकरे ने पवार की आलोचना करने पर राउत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि शिंदे ने हमारी पार्टी और चुनाव चिह्न चुरा लिया। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में उद्योगों को पड़ोसी राज्यों में भेजा। उन्हें सम्मानित क्यों किया गया? ठाकरे ने दिल्ली में अपने सांसदों से भी मुलाकात की। हालांकि उन्होंने एनसीपी (शरद पवार) शरद पवार से मिलने का फैसला नहीं किया।

बैंड-बाजे के साथ निकली अंतिम यात्रा

सरयू में आचार्य सत्येंद्र दास को दी गई 'जल समाधि'

एजेंसी ▶▶ सरयू

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज को गुरुवार को सरयू नदी में जल समाधि दी गई। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान राम गोपाल मंदिर से निकाली गई और श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते अंतिम यात्रा राम मंदिर के सामने से नहीं निकाली गई। आचार्य का पार्थिव शरीर पालकी से लता मंगेशकर चौक होते हुए सरयू घाट तक लाया गया और इसके बाद यहां उन्हें जल समाधि दी गई।

- निवास से निकाली गई यह यात्रा

लोगों ने पुष्पवर्षा कर दी श्रद्धांजलि

दोपहर 12 बजे के करीब सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर रथ पर रखा गया। इसके बाद बैंड बाजा जय श्री राम, राम नाम सत्य है के साथ अंतिम यात्रा शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आचार्य जी के अंतिम दर्शन के लिए सरयू घाट के किनारे हजारों की संख्या में लोग खड़े रहे। अंतिम यात्रा में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, निर्वाणी अनिअखाड़ा के पूर्व श्री महंत धर्मदास, विधायक वेद गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, वशिष्ठ भवन के महंत राघवेश दास अयोध्या और देश के विभिन्न जगहों के साधु-संत, भक्त आदि लोग शामिल हुए।

नोटिस के जवाब पर मंत्री मीणा बोले- गलती की थी

जयपुर। राजस्थान सरकार के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने प्रदेश नेतृत्व से मिली नोटिस का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। उन्होंने खुद को पार्टी का सच्चा सिपाही बताते हुए बयान को लेकर स्पष्टीकरण भी दिया है। किरोड़ी लाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर दिए अनुशासनहीनता के नोटिस का जबाब दे दिया है, लेकिन ये नहीं बताऊंगा। ये स्वीकार किया कि मैंने गलती की।

विशेषज्ञों की सलाह- इन दिनों दूध-अंडे खाने से बचें

नए वैरिएंट एच5एन1 वायरस ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाला, ज्यादा खतरनाक बताया

कई देशों में नए म्यूटेशन के मामले मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एच5एन1 वायरस इन दिनों वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। एक साल से इस वायरस के मामले कई देशों में बढ़ते हुए देखे गए हैं। बर्ड फ्लू को आमतौर पर मुर्गियों और कुछ पक्षियों में होने वाला संक्रमण माना जाता रहा है। इंसानों में इसके मामले काफी दुर्लभ रहे हैं। कुछ वर्षों के डेटा से पता चलता है कि वायरस में कुछ नए म्यूटेशन हुए हैं जिसके कारण ये गायों, कई अन्य जानवरों और यहां तक कि इंसानों को भी संक्रमित कर रहा है। हालिया रिपोर्ट्स में वायरस में एक और नए म्यूटेशन का पता चला है।

नए वैरिएंट को डी1.1 नाम दिया गया

वायरस के इस नए वैरिएंट को डी1.1 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शुरुआती अध्ययनों में इसकी प्रकृति काफी खतरनाक पाई गई है जिसमें संभावित रूप से महामारी का कारण बनने की क्षमता हो सकती है। विशेषज्ञों ने सभी लोगों को इस संक्रामक रोग से बचाव के लिए प्रयास करते रहने की सलाह दी है।

मवेशियों में बर्ड फ्लू का नया स्ट्रेन : यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक रिपोर्ट में बताया कि नेवादा में मवेशियों में बर्ड फ्लू का एक नया स्ट्रेन देखा गया जिसके बाद डेयरी में काम करने वाला एक कर्मचारी भी संक्रमित हो गया।

राज्यसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने सांसदों से कहा

कठिन समय में तैयार किया गया बजट, सभी का ध्यान रखा

कई क्षेत्रों और राज्यों के लिए आवंटन में कटौती के आरोपों को निराधार बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को राज्यसभा में बजट बहस पर जवाब दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में कई क्षेत्रों और राज्यों के लिए आवटंन में कटौती के विपक्ष के आरोपों को निराधार करार देते हुए राज्यसभा में कहा कि आयकर सीमा बढ़ाने सहित बजट में घोषित विभिन्न उपायों से मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। सीतारमण ने कहा कि उच्च सदन में आम बजट पर चर्चा में 90 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बजट में उन सभी समस्याओं को ध्यान में रखा गया है जो आज देश के समक्ष हैं।

क्षेत्रवार बजट आवंटन में कोई कमी नहीं की

गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर विशेष ध्यान

उन्होंने कहा कि बजट में चार वर्गों-गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं में इन वर्गों का ध्यान रखा गया है ताकि उन्हें लाभ मिल सके। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय पर पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने पिछले साल के आंकड़े देते हुए कहा कि आगामी वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय में कोई कमी नहीं की गई है।

विपक्ष की आशंकाएं निर्मूल

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में प्रभावी पूंजीगत व्यय 19.80 लाख करोड़ रुपए रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चर्चा में कुछ सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में बजटीय आवंटन घटाने की बात की थी। वित्त मंत्री ने इन आशंकाओं को निर्मूल करार देते हुए कहा कि क्षेत्रवार बजट आवंटन में कोई कमी नहीं की गई है।

राज्यों द्वारा ली जा रही उधारी से ब्याज का बोझ बड़ी समस्या

उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा ली जा रही उधारी के कारण ब्याज का बोझ एक समस्या है। इससे उबरने के लिए बुद्धिमत्ता से राजकोषीय प्रबंधन करना आवश्यक उपाय है। सरकार ने इस बार बजट इस प्रकार बनाया है, जिससे विकास को गति मिल सके, समावेशी विकास को हासिल किया जा सके, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिल सके, गृहस्थ लोगों की भावनाओं को बल दिया जा सके। मध्यम वर्ग को भी लाभ हो।

अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर कार्रवाई

रणवीर को पुलिस ने दूसरा समन भेजा, आज हाजिर हों

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर फंसे रणवीर इलाहाबादिया को

पुलिस ने दूसरी बार समन भेजा है। रणवीर को गुरुवार को अपना बयान दर्ज कराना था, लेकिन वह पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचे। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवादित मामले में मुंबई की खार थाना पुलिस ने रणवीर इलाहाबादिया को अब दूसरा समन भेजकर शुक्रवार को पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा है। खार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाहाबादिया को गुरुवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।

उन्हें दोपहर बाद 3बजे बुलाया गया था, लेकिन वे थाने में हाजिर नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने रणवीर को दूसरा समन भेजा। रणवीर ने पुलिस से गुजारिश की थी कि उनका बयान थाने में बुलाकर न लिया जाए, लेकिन पुलिस ने उनकी सिफारिश को खारिज कर दिया था।

जबलपुर

शुक्रवार, 14 फरवरी 2025

माघ मास कृष्ण पक्ष -1

- वर्ष : 19, अंक : 282
- पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 29

न्यून. 09

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

4 साल में सिर्फ 27 मैच खेले

आरसीबी के नए कप्तान बनाए गए रजत पाटीदार

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को आईपीएल 2025 के लिए अपने कप्तान की घोषणा कर दी। आरसीबी के नए कप्तान रजत पाटीदार हैं। आरसीबी ने एक स्पेशल कार्यक्रम में पाटीदार के नाम का ऐलान किया। उनकी चार साल में किस्मत चमक उठी। उन्होंने 2021 में आरसीबी की ओर से आईपीए डेब्यू किया था।

◆ बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास के साथ यह समिट शहर और उसके नागरिकों के लिए उसकी दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करेगी

कल्याण दाल मिल्स के संचालक व मंडी बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर राजेश जैन ने 'हरिभूमि' से कहा

जीआईएस-2025 भोपाल को 'औद्योगिक राजधानी' के रूप में स्थापित कर देगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कल्याण दाल मिल्स के संचालक, मंडी बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर और विश्व हिंदू परिषद के प्रांतमंत्री राजेश जैन ने 'हरिभूमि' से चर्चा करते हुए कहा कि भोपाल औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। जीआईएस-2025 से भोपाल प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा। रोजगार बढ़ेंगे, बाजारों में पैसे का प्रवाह भी बढ़ेगा। जिससे भोपाल सहित प्रदेशभर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस बदलाव का सबसे बड़ा प्रमाण बनेगी। पहली बार राजधानी भोपाल में हो रहा यह आयोजन न सिर्फ एक निवेश सम्मेलन है, अपितु भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।



बेहतर रेल और एयरवेज कनेक्टिविटी

जैन ने कहा कि बेहतर रेल और एयरवेज कनेक्टिविटी के कारण निवेशक नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित होंगे। भोपाल को वैश्विक पहचान मिलेगी, जिससे नए बिजनेस, शैक्षणिक संस्थान और अनुसंधान केंद्र स्थापित होने की संभावना बढ़ेगी। भोपाल एक आर्थिक हब के रूप में उभरेगा। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार के अवसर और औद्योगिक विकास के साथ यह समिट शहर और उसके नागरिकों के लिए दीर्घकालिक समृद्धि सुनिश्चित करेगी।

पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रोत्साहन मिलेगा

जैन के मुताबिक यह समिट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को भोपाल और मध्य प्रदेश में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करेगी। आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश होगा, जिससे आर्थिक विकास तेज होगा। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे व्यापारिक माहौल और अधिक अनुकूल बनेगा।

इंपैक्ट फीचर

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

धर्मगुरु दलाई लामा को जेड श्रेणी सुरक्षा

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को जेड कैटेगरी सुरक्षा दी है। ये फैसला तब लिया गया जब आईबी ने दलाई लामा पर खतरे की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दी थी। जेड सिक्योरिटी के तहत दलाई लामा को कुल 33 सुरक्षाकर्मी मिलेंगे। धर्मशाला में उनके निवास पर चौबीसों घंटे सुरक्षा देंगे।

नर्मदापुरम में ट्रक में घुसी कार, 3 की मौत

नर्मदापुरम। बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार ट्रक से पीछे से जा भिड़ी। कार सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक घायल है, हादसे में कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा इटारसी रोड पर बुधवार रात करीब 2.30 बजे नवोदय विद्यालय पंवारखेड़ा और कन्या स्कूल के सामने हुआ।

हनीट्रैप: किसान को रेप में फंसाने की धमकी

धार । जिले में हनीट्रैप का मामला सामने आया है। एक किसान को रेप केस में फंसाने की धमकी देकर उससे 12 लाख रुपए मांगे। धार बुलाकर 28 घंटे तक बंधक बनाए रखा। उसके और साले के साथ हॉकी और डंडे से मारपीट की। परिवार की सूचना पर पुलिस ने बुधवार देर रात दोनों को छुड़ाया। मुख्य आरोपी कीर्ति शर्मा सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मोदी का प्रभाव

पीएम मोदी वॉशिंगटन पहुंचे, कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच उनका 'ब्लेयर हाउस' में जोरदार स्वागत

भारत के खिलाफ किसी भी दंडात्मक व्यापार कार्रवाई को 'रोक' सकते हैं ट्रंप

मोदी की इस यात्रा के दौरान प्रमुख प्राथमिकता संभवतः भारत के खिलाफ अमेरिका की ओर से की जाने वाली किसी भी दंडात्मक व्यापार कार्रवाई को रोकना होगी

भारतीय अमेरिकी समुदाय ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' एवं 'मोदी मोदी' के नारे लगाए

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गर्मजोशी से अगवानी की। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली द्विपक्षीय वार्ता होगी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर तस्वीरों के साथ पोस्ट किया- वाशिंगटन डीसी पहुंचा हूं। भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। दोनों देश अपने लोगों के लाभ और बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

पारस्परिक आयात शुल्क पर हस्ताक्षर कर सकते हैं ट्रंप

मोदी और ट्रंप की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी

ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली द्विपक्षीय वार्ता

पारस्परिक आयात शुल्क लगाने पर अड़े हैं ट्रंप

दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप मीटिंग से पहले रिसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक आयात शुल्क लगाने से जुड़े एक्जीक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह आदेश उन देशों पर आयात शुल्क लगाएगा, जो अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। पारस्परिक आयात शुल्क एक व्यापार नीति है, जिसमें एक देश दूसरे देश पर उतना ही टैरिफ लगाता है, जितना उस देश ने उसके सामानों पर लगाया होता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि मेरा मानना है कि राष्ट्रपति इस पर विस्तार से बात करेंगे। लेविट ने यह भी कहा कि अन्य देश अमेरिका को लूट रहे हैं।

अमेरिकी ड्राई फ्रूट पर शुल्क कम करने पर भारत कर रहा विचार

ट्रंप पहले भी भारत के आयात शुल्क दरों की आलोचना करते रहे हैं। पिछले हफ्ते ट्रंप के मुख्य व्यापार वार्ताकार जेमिसन ग्रीर की अमेरिकी सीनेट में पेशी के दौरान कई बार भारत का जिक्र हुआ। द्विपक्षीय वार्ता की तैयारी के तहत भारत, अमेरिकी ड्राई फ्रूट पर शुल्क कम करने का विचार कर रहा है। 1 फरवरी को पेश बजट में सरकार ने अमेरिका से आयात होने वाले कई उत्पादों पर शुल्क कम किया है। ट्रंप ने चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है। वहीं मैक्सिको और कनाडा पर लगने वाले 25 फीसदी टैरिफ को 1 मार्च तक के लिए टाल दिया है।

ग्वालियर में दिनदहाड़े बच्चे का अपहरण

मां की आंखों में मिर्ची झोंकी और हाथों से छीनकर ले गए मासूम को

- घटना सीसीटीवी में कैद आरोपियों पर 30 हजार का इनाम घोषित
- बदमाशों की आखिरी लोकेशन लक्ष्मणगढ़ के पास मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

मुरार थाना क्षेत्र की सीपी कॉलोनी में गुरुवार सुबह 6 साल के बच्चे का अपहरण हो गया। बच्चा, मां के साथ स्कूल बस का इंतजार कर रहा था। तभी बाइक पर दो बदमाश पीछे से आए और महिला की आंखों में मिर्ची झोंक दी। इसके बाद बच्चे को उठाकर ले गए। घटना मौके पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। शिवाय अपनी मां आरती गुप्ता के साथ स्कूल बस पकड़ने के लिए सुबह 8 बजे घर से निकाला था।

मां ने समझा कोई कर रहा है मजाक

आरती को लगा कि कोई मजाक कर रहा है। वह कौन है, कौन है, कहती रहीं और पीछे से एक नकाबपोश ने उनके चेहरे पर मिर्च पाउडर डाल दिया। इसके बाद बदमाश धक्का देकर उनके मासूम बेटे को छीन ले गया। बदमाश के धक्के से आरती सड़क पर गिरकर घायल हो गई थीं।

3 दिन से बिना नंबर प्लेट की बाइक से कर रहे थे रेकी

आसपास के लोगों ने बताया कि गली में लगातार एक बिना नंबर प्लेट की बाइक घूम रही थी। कभी उस पर एक युवक सवार होता, तो कभी दो। दोनों ही हमेशा चेहरे ढके रहते थे। बदमाश उसके स्कूल जाने के रूट की रेकी कर रहे थे। पुलिस अब कारोबारी के घर और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे में बस और ट्रक की भिड़ंत

महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे मंदसौर के 3 श्रद्धालुओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर से महाकुंभ में स्नान करने गए श्रद्धालुओं की बस राजस्थान के कोटा में हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

बताया गया है कि मंदसौर के श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान करने बस से गए थे, ये श्रद्धालु वापस अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान उनकी बस की राजस्थान के कोटा जिले के सिमलिया गांव के पास नेशनल हाईवे दिल्ली-मुंबई पर ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

- सीएम ने दुख जताया आर्थिक मदद का ऐलान

9 फरवरी को सीएम ने दिया था इस्तीफा

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया सत्र बुलाने की समय सीमा भी खत्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मणिपुर में बीरेन सिंह के सीएम पद से इस्तीफे के बाद अब सूबे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बीते रविवार को बीरेन सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाने के लिए भाजपा नेताओं की बैठकों का दौर शुरू हो गया था।

- अब तक हिंसा में 300 से ज्यादा मौतें

फिनलैंड की संस्था वी रियल और एमपी टूरिज्म बोर्ड के बीच एमओयू

वर्चुअल टूर से मिलेगी प्रदेश के इतिहास और संस्कृति की जानकारी : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरुवार को एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवंत अनुभूति देने वाले इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे।

ग्वालियर में एमबीबीएस छात्रा से डिजिटल ठगी

फौजी पिता के निधन पर मिले थे पैसे, गंवा दिए क्रिप्टोकरेंसी के लालच में 44 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

आदित्यपुरम कॉलोनी में रहने वाली 23 वर्षीय एमबीबीएस छात्रा मेघना चौहान से 44 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। ये ठगी मेघना से टेलीग्राम नाम की सोशल एप्लिकेशन पर की गई। मेघना ने जो रुपए गंवाए हैं, वह उसे फौजी पिता के निधन के बाद मिले थे।

मेघना ने बताया कि टेलीग्राम पर सूरज विक्रम नाम के ग्रुप से उसे जोड़ा गया था। इस ग्रुप में और भी यूजर थे, जिसमें 12 दिसंबर 2024 को एक यूजर ने मुझे क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने के लिए अकाउंट बनाने की सलाह दी। अकाउंट भी बना दिया। जिस ग्रुप में मुझे जोड़ा गया, उसमें टास्क पूरा करने पर पैसे दिए जाते थे। इस दौरान कुछ टास्क पूरा करने पर पैसा मेरे अकाउंट में आने लगा तो मुझे एप पर भरोसा होने लगा। इसके बाद जब मेरे 3.75 लाख रुपए फ्रीज हो गए। तब मुझे पता चला कि मुझसे करेंसी सलेक्ट करने में गलती हो गई है। तब कस्टमर केयर से बात करने पर बताया गया कि इतने ही रुपए और जमा करने की बात की। मैंने पैसे निकालने के चक्कर में पैसे जमा कर दिए।

- टेलीग्राम ग्रुप सूरज-विक्रम से जुड़ी थी महिला

आयकर विधेयक 2025 छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में किया था नए आयकर कानून का ऐलान

नए आयकर कानून में 'कर निर्धारण वर्ष' की जगह अब होगा केवल 'कर वर्ष' ही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया, लेकिन सदन ने इसे प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया।

सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेज दिया

मूल्यांकन वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त

एक बार कानून बनने के बाद आयकर विधेयक 2025 छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। पहले का कानून समय के साथ और विभिन्न संशोधनों के बाद काफी जटिल हो गया है, इसलिए इसकी जगह नया आयकर विधेयक लाया जा रहा है। सरकार की ओर से प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित 'पिछले वर्ष' शब्द को बदलकर 'कर वर्ष' कर दिया गया है। इसके साथ ही, मूल्यांकन वर्ष की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है। वर्तमान में, पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए कर का भुगतान निर्धारण वर्ष (2024-25) में किया जाता है।

पहले 880 पेज थे, अब 622 पेज

हालांकि, नए आयकर विधेयक में भी वर्तमान कानून की तरह ही अध्यायों की संख्या 23 ही रखी गई है। जबकि पृष्ठों की संख्या काफी कम होकर 622 हो गई है, जो वर्तमान के भारी-भरकम अधिनियम का लगभग आधा है। वर्तमान में जो कानून अमल में है, उसमें पिछले छह दशकों के दौरान किए गए संशोधन शामिल हैं। जब आयकर अधिनियम, 1961 लाया गया था, तो इसमें 880 पृष्ठ थे।

केंद्र सरकार ने दी जानकारी

ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले चीन के 'मेगा-डैम' पर भारत सावधानी से नजर रख रहा, कूटनीतिक माध्यमों से लगातार की जा रही चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने हाल ही में तिब्बत में भारत की सीमा के निकट ब्रह्मपुत्र नदी पर एक विशाल बांध बनाना शुरू कर दिया है। चीन के इस कदम ने ब्रह्मपुत्र नदी के पामी को लेकर भारत में चिंता पैदा कर दी है। अब भारत सरकार ने कहा है कि वह ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की मेगा बांध की योजना समेत अन्य डेवलपमेंट्स पर नजर रख रही है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में इस बात की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इस बारे में संसद में बताया है कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के 'मेगा-डैम' और अन्य योजनाओं पर पर भारत सावधानी से नजर रख रहा है।

भारत अपने हितों की रक्षा के लिए उपाय कर रहा

हाइड्रोलॉजिकल डेटा साझा करने पर होगी चर्चा

सरकार सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी

विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार अपने हितों की रक्षा के लिए सीमा पार नदियों के मुद्दे पर चीन के साथ बातचीत करना जारी रखने का इरादा रखती है। सरकार ब्रह्मपुत्र नदी से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर सावधानीपूर्वक नजर रखती है, जिसमें चीन द्वारा जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित करने की योजना भी शामिल है, और हमारे हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक उपाय करती है। उन्होंने कहा कि सरकार जीवन व आजीविका की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी।

भारत ने अपनी चिंताओं को औपचारिक रूप से चीन को व्यक्त किया

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक लिखित उत्तर में कहा कि सरकार ब्रह्मपुत्र नदी से संबंधित सभी डेवलपमेंट्स की सावधानीपूर्वक निगरानी कर रही है। इसमें चीन द्वारा जलविद्युत परियोजनाएं विकसित करने की योजना भी शामिल है। सरकार राष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय कर रही है। उन्होंने बताया कि सीमा क्षेत्रों पर नदियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चीन के साथ 2006 में स्थापित संस्थागत विशेषज्ञों के तंत्र के तहत कूटनीतिक माध्यमों से चर्चा की जाती है। 30 दिसंबर 2024 को भारत ने इस परियोजना के बारे में अपनी चिंताओं को औपचारिक रूप से चीन से व्यक्त किया था।

ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियों पर अध्ययन किया

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने जानकारी दी है कि भारत ने सरकार ने चीनी अधिकारियों के सामने अपनी चिंताओं को लगातार जाहिर किया है। भारत ने चीन से इस बात को सुनिश्चित करने को कहा है कि नदी के ऊपरी इलाकों में किसी भी गतिविधि से निचले भाग के हितों को नुकसान न पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन में जलविद्युत परियोजनाओं के पारिस्थितिक और सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को कम करने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए पूर्वोत्तर भारत में ब्रह्मपुत्र की प्रमुख सहायक नदियों पर अध्ययन किया गया है।

60 हजार मेगावाट का डैम

चीन की ओर से तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र के मेडोग काउंटी में यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्र) नदी के ऊपरी भाग में 60,000 मेगावाट का मेगा डैम बनाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, ब्रह्मपुत्र नदी पर इस बांध का नाम 'यारलुंग जांगबो' होने जा रहा है। बांध में करीब 137 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की लागत लग सकती है।

खबर संक्षेप

पॉल कपूर ट्रंप प्रशासन में प्रमुख राजनयिक नामित

वॉशिंगटन। दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है।

एपल ने बेच डाले 15 करोड़ से अधिक फोन

नई दिल्ली। कैलिफोर्निया की टेक कंपनी एपल ने भारतीय मार्केट में नया रिकॉर्ड बनाया है और इसके आईफोंस मॉडल्स का मार्केट लगातार तेजी से बढ़ रहा है। मार्केट रिसर्च कंपनी इंटरनेशनल डाटा कॉर्पोरेशन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि एपल ने सालाना करीब 4 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ 15 करोड़ से ज्यादा आईफोन यूनिट्स बेचे हैं। पिछले साल पहले छह महीने में ऐपल ने शिपमेंट्स में 7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

अमेरिका पहुंचे पीएम मोदी, नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड से हुई मुलाकात

काउंटर टेररिज्म, साइबर सिक्योरिटी और उभरते खतरों को लेकर आपसी सहयोग बढ़ाने पर बात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

फ्रांस के दौरे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिका पहुंच गए हैं। पीएम मोदी गुरुवार तड़के 4.30 बजे के करीब राजधानी वॉशिंगटन में जॉइंट बेस एंड्रयूज पर उतरे। पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कई अधिकारी मौजूद थे। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग एयरपोर्ट पहुंचे थे। पीएम मोदी ने इनका अभिवादन किया। अमेरिका पहुंचकर भारतीय पीएम ने सबसे पहले यूएस नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। पीएम मोदी और अमेरिकी हिंदू समुदाय से आने वाली तुलसी गबार्ड की मुलाकात काफी महत्वपूर्ण रही। बुधवार को ही अमेरिकी सीनेट ने तुलसी गबार्ड की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की है। तुलसी अब सीआईए और एनएसए समेत अमेरिका की 18 खुफिया एजेंसियों की जिम्मेदारी संभालेंगी। पीएम मोदी ने मुलाकात के दौरान तुलसी गबार्ड को बधाई दी। दोनों नेताओं ने काउंटर टेररिज्म, साइबर सिक्योरिटी और उभरते खतरों को लेकर आपसी सहयोग बढ़ाने पर बात की।

ट्रंप के साथ डिनर करेंगे पीएम मोदी

मोदी का प्रतिनिधिमंडल कुल 6 बैठकों में शामिल होगा। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मीटिंग के बाद मोदी स्टेट डिनर में शामिल होंगे। पीएम मोदी प्रेसिडेंट गेस्ट हाउस यानी आलीशान ब्लेयर हाउस में रुकेंगे। यह व्हाइट हाउस के ठीक सामने है। इस गेस्ट हाउस में वर्ल्ड लीडर्स ठहरते हैं। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह किसी भी विदेशी राष्ट्र प्रमुख से चौथी मुलाकात है। इससे पहले वो इजराइल, जापान के पीएम और जॉर्डन के किंग से मुलाकात कर चुके हैं।

एस. जयशंकर और अजित डोभाल भी पीएम के साथ

भारतीय दल में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा शामिल रहेंगे। पीएम अमेरिका में भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच भारत व अमेरिका के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े हर मुद्दे पर बात होगी। खास तौर पर ट्रंप के पहले कार्यकाल में जिन क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी थी, लेकिन बाद में प्रगति नहीं हो सकी।

ये होंगे मुद्दे

टैरिफ, वीजा और अवैध अप्रवासियों पर होगी चर्चा

पीएम मोदी की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से टैरिफ, अवैध अप्रवासियों और एचा1बी वीजा पर बात होगी। ट्रंप कई बार भारत के हाई टैरिफ रेट की आलोचना कर चुके हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने भारत पर किसी भी तरह का टैरिफ नहीं लगाया है। इसके साथ ही दोनों देश रक्षा, अंतरिक्ष, स्वच्छ उर्जा, एआई और हिंद प्रशांत महासागर में चीन के बढ़ते वर्चस्व को लेकर भी चर्चा करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप दोबारा सत्ता में आने के बाद कनाडा, मेक्सिको और चीन पर टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। हालांकि उन्होंने बाद में कनाडा और मेक्सिको को टैरिफ में 30 दिन के लिए राहत दे दी। प्यू रिसर्च के मुताबिक, अमेरिका में 7 लाख 25 हजार से ज्यादा अवैध अप्रवासी भारतीय रहते हैं। इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट (आईसीई) ने नवंबर 2024 में बताया था कि अब तक बिना वैध दस्तावेज वाले 20 हजार 407 भारतीयों को चिह्नित किया गया है।

पीएम से मस्क की होगी मुलाकात

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम मोदी से टेस्ला के सीईओ इलन मस्क भी मुलाकात करेंगे। ये मुलाकात भारतीय समयानुसार शुक्रवार को होगी। ट्रंप के करीबी मस्क के साथ पीएम मोदी की मुलाकात अंतिम समय पर तय हुई है। ट्रंप-मस्क भारत में टेस्ला का ईवी प्लांट लगने के बारे में चर्चा कर फैसला कर सकते हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान पीएम मोदी अन्य बिजनेसमैन के साथ भी बैठक करेंगे। भारत अमेरिका में निवेश करार होने की संभावना है।

ट्रंप ने पुतिन-जेलेंस्की से की बात बोले

जंग रोकने के लिए चर्चा होगी सऊदी अरब में होगी मुलाकात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर जंग खत्म करने को लेकर बातचीत की। ट्रंप की पुतिन से लगभग डेढ़ घंटे बातचीत हुई। दोनों नेता एक-दूसरे के देशों का दौरा करने पर सहमत हुए। ट्रंप ने मीडिया को बताया कि मेरे और राष्ट्रपति पुतिन की टीमों के बीच तुरंत बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी। हमारी मुलाकात सऊदी अरब में होगी। ट्रंप ने यूक्रेन में नए सिरे से आम चुनाव की जरूरत बताई।

उधर, ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को बड़ा झटका दिया है। बेल्जियम में नाटो मुख्यालय में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने साफ कर दिया कि अमेरिका अब यूक्रेन को पहले की तरह बड़ी आर्थिक और सैन्य सहायता नहीं देगा।

यूं बोला ट्रंप-पुतिन की बातचीत सकारात्मक

संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत किया है। साथ ही अमेरिका और रूस के नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत को सकारात्मक बताया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को कहा कि हम यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए किए जा रहे किसी भी प्रयास की सराहना करेंगे, जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों पक्ष शामिल हों। अगर वे दोनों एक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार हैं, तो यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। फरहान हक ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच नियमित संपर्क से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। हम इसे एक सकारात्मक पहल मानते हैं।

पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का निमंत्रण दिया

क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन और ट्रंप ने लगभग डेढ़ घंटे तक टेलीफोन पर बात की और मुलाकात पर सहमति जताई। अपनी बातचीत के दौरान पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का भी निमंत्रण दिया है। उधर, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि मेरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात हुई। इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश मिलकर रूसी आक्रामकता को रोकने और एक स्थायी, विश्वसनीय शांति सुनिश्चित करने के लिए अपने अगले कदमों की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

पेरिस में हुई सीरिया के भविष्य पर चर्चा

अमेरिकी सहायता रोके जाने के बाद एकजुट हुए पश्चिमी और अरब देश

एजेंसी ▶▶ पेरिस

सीरिया में जारी गृहयुद्ध के बीच अमेरिका द्वारा सहयोग रोकने की घोषणा सीरिया के भविष्य के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है। इसी बात पर चर्चा के लिए पेरिस में गुरुवार को एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें पश्चिमी देशों और अरब देशों के प्रतिनिधि सीरिया के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। यह सम्मेलन सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के पतन के बाद हो रहा है, और इस दौरान क्षेत्र में अमेरिका की प्रतिबद्धता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

बता दें कि दिसंबर में असद को सत्ता से हटाए जाने के बाद यह सीरिया पर तीसरा सम्मेलन है और ट्रंप के आने के बाद यह पहला सम्मेलन है।

ट्रंप ने यूएसएआईडी कर्मचारियों को हटाया

अमेरिका द्वारा विदेशी सहायता रोकने के फैसले से सीरिया में चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि सीरिया पहले से ही गृहयुद्ध से बर्बाद हो चुका था और वह अमेरिका से सहायता पर निर्भर था। ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी कर्मचारियों को काम से हटा दिया, जिससे मुखमरी, शिक्षा और महामारी से लड़ने के मिशन को भी समाप्त किया जा रहा है। देखा जाए तो सीरियाई नागरिकों ने असद के शासन के खत्म होने का स्वागत किया था, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि यदि नए शासक देश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने में असफल होते हैं, तो उनकी सत्ता सीमित हो सकती है।

पाकिस्तान ने फिर तोड़ा सीजफायर

15 राउंड फायरिंग, कोई हताहत नहीं, भारत ने दिया करारा जवाब

एजेंसी ▶▶ पुंछ

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मेंढर सेक्टर में बुधवार शाम पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के भारतीय चौकियों पर गोलीबारी की, जिससे संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ। भारतीय सेना ने भी इस नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया।

भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान झेलना पड़ा। पाकिस्तानी सेना ने करीब 10 से 15 राउंड फायरिंग की, जिसका भारतीय सेना ने सटीक जवाब दिया। भारतीय सेना के सूत्रों के मुताबिक, दुश्मन को भारी नुकसान हुआ है, हालांकि पाकिस्तान ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है।

एलओसी पर बढ़ी टेंशन

पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन करने से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तनाव बढ़ गया है। भारतीय सुरक्षाबलों ने सतर्कता बढ़ा दी है। बता दें कि एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट किया गया था। इसमें एक कैप्टन समेत कुल दो जवान शहीद हो गए थे। इस घटना के बाद पाकिस्तान की ओर से फायरिंग करने की हिमाकत की गई है। पाकिस्तान की इस हरकत से एलओसी पर तनाव बढ़ गया है और निगरानी बढ़ा दी गई है।

मिस्त्र और कतर के मध्यस्थों ने दिया आश्वासन

हमास ने कहा- शनिवार को 3 और इजराइली बंदियों की करेंगे रिहाई

एजेंसी ▶▶ काहिरा

गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को हल होता नजर आ रहा है। दरअसल, चरमपंथी समूह हमास ने कहा कि वह समझौते के अनुसार इजराइली बंदियों की रिहाई करेगा। हमास ने एक बयान में कहा कि मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि वे सभी अड़चनों को हटाने के लिए काम करेंगे। हमास युद्धविराम समझौते को लागू करेगा। बयान में कहा गया है कि शनिवार को तीन और इजराइली बंदियों को रिहा किया जाएगा। हमास की घोषणा पर इजराइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमास के इस कदम से युद्धविराम समझौता फिलहाल जारी रहेगा।

गाजा में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की मांग

चरमपंथी संगठन ने आरोप लगाया था कि इजराइल ने बंधकों को रिहा करने के समझौते को सही तरीके से लागू नहीं किया है और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति नहीं की है। वहीं, इजराइल और अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अगर बंधक बनाए गए उनके नागरिक रिहा नहीं किए जाएंगे, तो युद्धविराम समझौता खत्म हो जाएगा और युद्ध दोबारा शुरू हो जाएगा। हमास ने कहा कि उसके प्रतिनिधि मंडल काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से बातचीत की और कतर के पीएम से भी संपर्क किया, ताकि गाजा में आश्रय, चिकित्सा आपूर्ति, ईंधन और भारी उपकरणों की आपूर्ति बढ़ा जा सके। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि मिस्र और कतर ने इस विवाद को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है।

जर्मनी के म्यूनिख में बड़ा हमला

सनकी ड्राइवर ने कार से भीड़ को कुचला, 15 घायल, चालक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ म्यूनिख

जर्मनी के म्यूनिख में एक व्यक्ति ने अपनी कार भीड़ पर चढ़ा दी, जिससे कम से कम 15 लोग घायल हो गए। यह घटना शहर के केंद्रीय रेलवे स्टेशन के पास हुई है। पुलिस और सुरक्षाबल ने ऐक्शन लेते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब शुक्रवार से म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन शुरू होने वाला है।

सम्मेलन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और यूक्रेनी प्रेजिडेंट वलोडोमिर जेलेंस्की उपस्थित रहेंगे। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह घटना कैसे हुई। उन्होंने अधिक जानकारी देने से मना किया।

पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना वर्दी यूनियन द्वारा आयोजित एक हड़ताल से जुड़ी प्रदर्शन रैली में शामिल लोगों को प्रभावित करने के लिए हो सकती है। हालांकि, पुलिस कई एंगल पर मामले की जांच कर रही है। म्यूनिख की घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। हालांकि, अब तक इसे आतंकवादी हमला मानने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

स्पैम कॉल से मिलेगी निजात, ट्राई ने लिया बड़ा एक्शन

टेलिमार्केटिंग के लिए बैन किए 10 अंकों वाले नंबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में स्पैम कॉल की समस्या लगातार बढ़ रही है और देशभर में मोबाइल फोन यूजर्स इससे परेशान हैं। टेलिकॉम कंपनियां कई बार अपने-अपने स्तर पर इस व्यापक समस्या से निपटने की कोशिशें कर रही हैं। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की तरफ से भी कई बार स्पैम कॉल व मैसेज की समस्या हल करने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। अब दूरसंचार संसाधनों के गलत इस्तेमाल को रोकने और कंज्यूमर प्रोटेक्शन को बढ़ाने के लिए, ट्राई ने संशोधित टेलीकॉम कमर्शियल कम्यूनिकेशन्स कस्टमर प्रीफरेंस रेग्युलेशंस (टीसीसीसीपीआर), 2018 के तहत सख्त नियम पेश किए हैं। इन संशोधन की जानकारी कल यानी 12 फरवरी, 2025 को दी गई और इनका उद्देश्य ट्रांसपेरेंट फ्रेमवर्क के साथ वैध मार्केटिंग गतिविधियों को सुनिश्चित करना व अनचाहे कमर्शियल कम्युनिकेशन से निपटना है। संशोधित नियम, टेलिकॉम चैनल में सेंध लगाकर विकसित हो रही टेलीमार्केटिंग प्रैक्टिसेज के जवाब में आए हैं।

प्रमोशनल के लिए '140' और सर्विस कॉल के लिए '1600' सीरीज का इस्तेमाल

उपभोक्ता शिकायत तंत्र बढ़ेगा



यह कदम 28 अगस्त, 2024 को शुरू की गई एक परामर्श प्रक्रिया के बाद आया, जब ट्राई कि रेग्युलेटरी गेप्स पर इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया मांगी थी। नए संशोधन में उन टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ कड़े नियम बनाने पर ध्यान दिया गया है जो रजिस्टर्ड नहीं हैं। मार्केटिंग के लिए 10 डिजिट वाले नंबरों के दुरुपयोग को रोकने, उपभोक्ता शिकायत तंत्र को बढ़ाने और सेंडर व सर्विस प्रोवाइडर के लिए जवाबदेही बढ़ाने पर केंद्रित है।

शिकायत प्रक्रिया को सरल बनाया गया

ट्रांसपेरेंसी को बेहतर करने के लिए ट्राई ने 10 अंकों वाले मोबाइल नंबर के जरिए कमर्शियल कम्युनिकेशन पर रोक लगा दी है। इसकी जगह एक स्पेसिफिक नंबर सीरीज इस्तेमाल होगी। प्रमोशनल कॉल के लिए '140' जबकि ट्रांजैक्शनल और सर्विस कॉल के लिए नई दी गई '1600' सीरीज का इस्तेमाल होगा। कंज्यूमर्स अब अनरजिस्टर्ड कंपनियों से आने वाले स्पैम मैसेज और कॉल की शिकायत अपने कम्युनिकेशन प्रेफरेंस के बिना भी दर्ज करा सकेंगे। ट्राई ने शिकायत प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है- जिस शिकायत में सभी जरूरी डिटेल्स होंगी, उसे वैध माना जाएगा।

एयर इंडिया ब्रिटेन, यूरोप के मार्गों पर अधिक उड़ानें संचालित करेगी

नई दिल्ली। टाटा समूह की विमानन कंपनी 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक प्रभावी उत्तरी ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के लिए ब्रिटेन यूरोप, सुदूर पूर्व एशिया और अफ्रीका के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाएगी। वहीं अमृतसर-बर्मिंघम और अमृतसर-लंदन गैटविक मार्गों पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी जाएगी, जबकि अहमदाबाद-लंदन गैटविक मार्ग पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच कर दी जाएगी। एयर इंडिया ने कहा कि परिचालन बेड़े में कमी के कारण मुंबई-मेलबर्न और कोच्चि-लंदन गैटविक सेवाएं बंद की जाएंगी।

किसान की पैतृक संपत्ति पर लगे बोर्ड को अधिकारियों ने उखाड़ा

न्यायालय के आदेश का भी पालन नहीं हो रहा

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा न्यायालय के आदेश के बावजूद किसान की पैतृक जमीन पर कब्जा छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं यहां तक की किसान द्वारा लगाए गए अपने बोर्ड को भी बलपूर्वक उखाड़ कर फेंक दिया गया है जिसकी शिकायत किसान द्वारा थाना प्रभारी विजयनगर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर से की गई है। दरअसल जबलपुर जिला न्यायालय 22 वें सत्र न्यायाधीश ने जबलपुर विकास प्राधिकरण और किसान मंजेश पटेल के बीच चल रहे विवाद पर डिक्री जारी करते हुए स्पष्ट आदेश दिया कि प्रत्यर्थी / प्रतिवादी गण विवादित भूमि पर अपीलर्थी / वादीगण आधिपत्य में ना तो स्वयं कोई हस्तक्षेप करें और ना किसी अन्य से कराये. आदेश आने के पश्चात किसान मंजेश पटेल द्वारा अपनी जमीन पर स्वामित्व का बोर्ड लगा दिया गया था जिसको जेडीए के अधिकारी अमित धुर्वे द्वारा वहां पर बलपूर्वक हटा दिया गया इतना ही नहीं जेडीए वहां पर जेसीबी भी चलवा दी.

आदेश पर नहीं लिया गया किसी प्रकार का कोई स्टे-

सक्षम न्यायाधीश 22वें के निर्णय दिनांक 16/01/2025 अपील कमांक आर.सी.ए. नंबर 150/2023 में पारित डिकी के आधार पर मेरी पैत्रिक भूमि जिसका खसरा नंबर 8/1 रकवा 0.841 हेक्टे. जो कि मौजा लक्ष्मीपुर, प.ह.नं. 25, तहसील अधारताल में एकता चौक विजय नगर से 41 नंबर स्कीम मार्ग में मुख्य मार्ग से लगकर है. उक्त भूमि पर मंजेश पटेल द्वारा अपनी भूमि होने का दावा पेश करते हुए बोर्ड लगाया गया था जैसे जेडीए अधिकारियों ने बलपूर्वक हटा दिया।

जेडीए सीईओ का दावा भी हुआ झूठा साबित-

पीड़ति ने बताया की सक्षम न्यायालय द्वारा मंजेश पटेल के पक्ष में आदेश जारी करने के बाद जबलपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ दीपक वैद्य ने बताया था कि न्यायालय का आदेश आने के पश्चात उक्त भूमि पर चल रहे निर्माण आदेश कार्यों को रोकने के आदेश जारी कर दिए हैं. परंतु आज दिनांक तक वहां पर निर्माण का लगातार जारी है यही नहीं अधिकारी स्वयं खड़े होकर निर्माण कार्य करवा रहे हैं।

पुलिस को भी दिया आवेदन-

पीड़ति किसान मंजेश पटेल की पत्नी सरिता पटेल ने बताया कि जबलपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी अपनी मनमानी पर उतारू है. यह हमारी पैतृक जमीन है और अचानक 2009 में हमको पता चला कि जेडीए ने यह जमीन अपने नाम कर कर प्लाटिंग शुरू कर दी है.इस पर जब हमने जानकारी चाहिए तो जेडीए ने किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी. जिस पर हमको न्यायालय किस लेना पड़ी, न्यायालय से हमारे पक्ष में आदेश आया. न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जेडीए हमारी जमीन पर किसी प्रकार का कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा ना ही किसी अन्य के द्वारा कराएगा. इसके बाद भी उन्होंने हमारा बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया एवं निर्माण कार्य जारी है। जबकि हमारा सीमांकन भी राजस्व न्यायालय द्वारा किया जा चुका है जिसमें हमारा कब्जा बताया गया है. जेडीए अधिकारियों की गुंडागर्दी के खिलाफ हमारे द्वारा एक शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं थाना प्रभारी विजयनगर को भी दी गई है।

इनका कहना है

मंजेश पटेल द्वारा जमीन पर बोर्ड लगा लिया गया था न्यायालय का आदेश आने के बाद उन्होंने सीमांकन नहीं कराया इसलिए उनका बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया है। आपको इस संदर्भ में जो भी चर्चा करनी है सीईओ साहब से कर सकते हैं, हम उनके आदेश का पालन कर रहे है।

अमित धुर्वे
राजस्व निरीक्षक जेडीए

हाई कोर्ट ने बिजली कंपनियों व नियामक आयोग से मांगा जवाब

बिजली खरीदी व आपूर्ति पर दो प्रक्रियाओं से वसूली पर आपत्ति का प्रकरण

जबलपुर।

मप्र हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने बिजली खरीदी व आपूर्ति पर दो प्रक्रियाओं से वसूली पर आपत्ति के प्रकरण में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सहित अन्य को आवश्यक पक्षकार बनाए जाने की व्यवस्था दी। इसी के साथ नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। वहीं दूसरी ओर विवाद के प्रश्न पर कानूनी बिंदु के निर्धारण तक अंतरिम रोक की मांग के मामले में मप्र राज्य विद्युत नियामक आयोग को नोटिस जारी कर दिए गए। आयोग के वकील के निवेदन पर जवाब प्रस्तुत करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान जनहित याचिकाकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के अध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे व सामाजिक कार्यकर्ता रजत भार्गव की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मप्र राज्य विद्युत नियमाक आयोग द्वारा नो कामेंट जैसी प्रतिक्रिया दिए जाने के उपरांत व्यापक जनहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है। पूर्व में प्रस्तुत फ्यूल सरचार्ज के सिलसिले में दायर याचिका में संशोधन हेतु कानूनी कदम उठाया गया है।

क्या है मामला :

दरअसल, बिजली कम्पनियों द्वारा बिजली रेट बढ़ाने हेतु वार्षिक राजस्व आवश्यकता रिपोर्ट (एआरआर) में रेट निर्धारण हेतु बिजली खरीदी व बिजली आपूर्ति की लागत बताई गई है। यही बिन्दु फ्यूल सरचार्ज के निर्धारण में भी शामिल किया गया है। अतः एक ही बिन्दु पर दो प्रक्रियाओं से दो बार वसूली करना कानूनन गलत है। जब तक इस कानूनी मुद्दे का निराकरण नहीं किया जाता है, तब तक आयोग को वर्ष 2025-2026 बिजली दर निर्धारण पर रोक लगाना चाहिए। यह आपत्ति विद्युत नियामक आयोग को भेजी थी। लेकिन विद्युत नियामक आयोग ने इस आपत्ति पर केवल नो कमेंट कहा है। साथ ही बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया जारी रखी है। यदि आपत्ति पर आयोग अनावेदक नो कमेंट कहता है तो यह माना जाना चाहिए की याचिकाकर्ताओं की आपत्ति सही है।

हाई कोर्ट ने सात वर्ष विलंब से दायर याचिका कर दी निरस्त

पदोन्नति को चुनौती से जुड़ा प्रकरण

जबलपुर। मप्र हाई कोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच ने सात वर्ष विलंब से दायर याचिका निरस्त कर दी। मामला पदोन्नति को चुनौती दिए जाने से संबंधित था। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि विलंब किए जाो से समानता की बात खत्म हो जाती है। इस मामले में अनावेदकों को वर्ष 2014 व 2015 मे पदोन्नति प्रदान की गई थी, जिसे वर्ष 2021 में सात वर्ष उपरांत चुनौती दी गई। याचिका स्पष्ट रूप से देरी और लापरवाही से ग्रस्त है। अतएव, याचिका पर विचार करना तय स्थिति को अस्थिर करने के बराबर होगा।मप्र पुलिस हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड में पदस्थ जितेन्द्र कुमार पांडे की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि वह वर्ष 1984 में उप अभियंता के पद पर पदस्थ हुआ था। इसके बाद उसे परियोजना अधीक्षण के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई थी। वर्ष 2014 में अधीक्षण यंत्री के लिए विभागीय डीपीसी हुई। डीपीसी में उनसे कनिष्ठ जेपी पस्तोरे का चयन किया गया। इसके बाद वर्ष 2015 में हुई डीपीसी में किशन विधानी का चयन किया गया। डीपीसी में पिछले पांच सालों की एसीआर के साथ 13 अंक बेंचमार्क के रूप में थी। इसके बाद उसने विभागीय स्तर पर इस संबंध में जानकारी मिली। उसे बताया गया कि डीपीसी में उसे 12 अंक मिले थे और दोनों चयनित व्यक्तियों को 15 तथा 17 अंक मिले थे। विभाग ने उसे पांच वर्षों के एसीआर की जानकारी प्रदान नहीं की थी। जिसे चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने याचिका का निराकरण इस आदेश के साथ किया था कि वह विभागीय स्तर पर अभ्यावेदन प्रस्तुत करे। विभागीय स्तर पर अभ्यावेदन पेश करने पर उसका निराकरण इस आदेष के साथ किया गया कि भविष्य में उसके मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने की चर्चा

जबलपुर बनेगा हाई स्पीड कोरिडोर का केंद्र

जबलपुर। भोपाल हाई स्पीड नई सड़क के निर्माण के साथ ही जबलपुर से प्रयागराज, जबलपुर से नागपुर और जबलपुर से अंबिकापुर - वाराणसी के लिए अब नया हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण होगा, इस हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से मप्र के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने दिल्ली में भेंट कर जबलपुर एवं प्रदेश में बनने वाले नए हाई स्पीड कॉरिडोर के संदर्भ में चर्चा कर आग्रह किया।लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप 2047 के विजन के आधार पर देश में ऐसी सड़को का निर्माण जो जिनकी हाई स्पीड कनेक्टिविटी हो इसको लेकर केंद्र सरकार द्वारा यातायात, उद्योग, व्यापार, पर्यटन, धार्मिक स्थलों को दृष्टिगत रखते हुए अध्ययन कराया गया और प्रसन्नता की बात ही कि इसमें मप्र के साथ ही जबलपुर से चार नए हाई स्पीड कॉरिडोर जुड़ने जा रहे है।श्री सिंह ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व व उनके दूरगामी विजन के साथ प्रदेश सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर पर व्यापक योजना से कार्य कर रही है, इसी क्रम में आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंट में प्रदेश में हाई स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण पर चर्चा हुई।श्री सिंह ने बताया केन्द्र सरकार के मास्टर प्लान में प्रथम चरण में जिन मार्गों पर निर्णय हो सकता है, उनमें जबलपुर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर, जबलपुर,- भोपाल के साथ ही लखनादौन-रायपुर, इन्दौर-भोपाल, आगरा-मुरैना-ग्वालियर, झांसी-सागर को शामिल किया गया है।श्री सिंह ने बताया अन्य 9 मार्गों- जबलपुर-बैकुंठपुर (अंबिकापुर) - वाराणसी, जैसलमेर - उदयपुर - इन्दौर - नागपुर, इन्दौर - धुले - पुणे, ग्वालियर - बरेली, ग्वालियर - इन्दौर, कानुपर -सागर -भोपाल, गोधरा -इन्दौर, और कोटा -सागर को भी प्रथम चरण में शामिल करने का आग्रह किया हैं।श्री सिंह ने कहा इन हाई स्पीड कॉरिडोर की विशेषता है कि यह नए मार्ग होंगे साथ ही यह एक्सिस कंट्रोल होंगे इनमें वर्तमान फोरलेन से अलग एलायमेंट होंगे जो पूरी तरह से नए मार्ग होंगे। इन हाई स्पीड कॉरिडोर के बनने के बाद लोगो के समय और ईंधन की बचत होगी साथ ही हाइवे पर दुर्घटना की संभावना कम हो जायेगी और जबलपुर से जुड़ने वाले इन हाई स्पीड कॉरिडोर के निर्माण से जबलपुर के साथ ही सम्पूर्ण महाकौशल में विकास की नई दिशा तय होगी।श्री सिंह ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने हमेशा की तरह ही जबलपुर और प्रदेश के इंफ्रास्ट्रकचर को विकसित करने के दिशा में आश्वस्त करते हुए कहा ही कि शीघ्र ही इन हाई स्पीड कॉरिडोर निर्माण पर विचार पर निर्णय लिया जाएगा।

लूटी गई एक्टिवा व एक्सिस बरामद

2 नाबालिग सहित 5 लुटेरे गिरफ्तार

जबलपुर।

शहर में नाबालिग उम्र के बच्चें तेजी से अपराधिक गतिविधियों में संलग्न हो रहे है यह न केवल समाज के लिए बल्कि शहर के लिए भी चिंता का विषय भी है। पिछले दिनों ओमती और गढ़ा थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें 16- 17 साल के दो नाबालिग आरोपी भी शामिल है। इन आरोपियों से लूटी गई दो दोपहिया वाहन, एक मोबाइल और 500 रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त कार भी जब्त की गई है। क्योंकि घटना में पांच आरोपियों की संलिप्तता पाई गई है लिहाजा पुलिस ने डकैती की धारा भी बढ़ा दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने कंट्रोल रुम में पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि गत 11 फरवरी की रात 2 बजे दवाई लेने आयुष्मान अस्पताल जा रहे 21वर्षीय सब्बीर अहमद को रास्ते में रोककर स्कूटी में आ रहे दो लोगों ने लूटने का प्रयास किया जब उसने कहा कि पैसे नहीं है तो सामने से आई एक कार में से एक लड़का उतरा और उसने उसका हाथ मरोड़ा और जेब में रखा मोबाइल और 500 रुपए छीन लिए और स्कूटी सवार लड़कों ने उसकी एक्टिवा छीन ली।इसी प्रकार गढ़ा थाना क्षेत्र में मेडीकल कॉलेज मरचुरी के गेट के पास मारुति कार सवार युवकों ने 21 वर्षीय अनुराग उपाध्याय को रोका और कछपुरा का रास्ता पूछा इसी बीच कार में बैठे दो लोग उतरे और उसे गिराकर उसकी एक्सिस वाहन लेकर कर भाग गए। सीसीटीव्ही फुटेज और मुखबिर के आधार पुलिस ने कंचनपुर अधारताल निवासी 19 वर्षीय निशु केसरवानी, द्वारिका नगर झंडा चौक घमापुर निवासी 19 वर्षीय ऐश्वर्य नाहर और लालमाटी घमापुर निवासी ऋषि यादव व 16-17 साल की उम्र के दो नाबालिगों को पकड़ा जिनने वारदात करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों से लूट का माल बरामद कर लिया।

वसीयत की भूमि का विक्रय अनुबंध कर 20 लाख 40 हजार हड़पे

जबलपुर। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तिवारी की अदालत ने वसीयत की भूमि का विक्रय अनुबंध का 20 लाख 40 हजार हड़पने की आरोपित वृद्धा शहपुरा निवासी जमुना बाई सहित अन्य की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। आपत्तिकर्ता अमित पटेल की ओर से अधिवक्ता आरके सिंह सैनी, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र पंकज, गुलाब ठाकुर, कहकशां मंसूरी, अभय सोनी व सरबजीत सिंह सैनी ने जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि मुख्य आरोपित जमनाबाई ने 22 हजार वर्गफुट भूमि विक्रय करने का अनुबंध आपत्तिकर्ता अमित पटेल के साथ किया था। जिसके एवज में राशि अपने पुत्र के बैंक खाते में ट्रांसफर करा ली। इससे पहले की भूमि की रजिस्ट्री कराई जाती, जमुनाबाई ने उसी भूमि की वसीयत अपने पुत्र धर्मेंद्र व पुत्री सावित्रीबाई के नाम कर दी। जैसे ही इस सच्चाई का पता चला अमित पटेल ने भेड़ाघाट थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। चूंकि आरोपितों की गिरफ्तारी होनी है, अतः बचने के लिए अग्रिम जमानत अर्जी दायर की गई है, जो कि प्रकरण की गंभीरता के कारण निरस्त किए जाने योग्य है।

उपार्जन में वास्तविक किसानों का भुगतान शीघ्रता से हो : कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने धान उपार्जन केन्द्रों में गैर परिवहन, स्टॉक शेष व घटी के संबंध में गठित जांच दल के रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जांच दलों द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन की समीक्षा कर कहा कि पुनः उच्च अधिकारियों द्वारा इस संबंध में जांच कराई जायेगी ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सके। उन्होंने मुख्य रूप से कहा कि किसानों का भुगतान सुनिश्चित हो। इसके लिए तत्परता से संबंधित अधिकारी कार्य करे। साथ ही कहा कि ऐसे उपार्जन केन्द्र जहां गड़बड़ी की आशंका है वहां के संस्थाओं में जिन-जिन लोग शामिल थे उनकी संपत्ति को अटैच करें और वसूली का केस भी दर्ज करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि ऐसे उपार्जन केन्द्रों में कितने किसान सिकमी वाले हैं तथा उस क्षेत्र के बाहर के हैं उनकी सूची भी उपलब्ध कराया जाये। ताकि उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर उनका सत्यापन किया जा सके। उपार्जन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जो वास्तविक किसान है उनके भुगतान में अवरोध न हो। इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र अहके सहित उपार्जन से जुड़े सभी अधिकारी मौजूद थे।

सीएम हेल्पलाईन के निराकरण की समीक्षा

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाईन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखें, साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें।

सड़क दुर्घटना में बाईक सवार 2 युवक घायल

जबलपुर। गोरखपुर थाना अतंर्गत गौरीघाट रोड नाले के पास रामपुर में दो बाईकों की आपस में भिडंत हो गई। टक्कर लगने से बाईक सवार दो युवक घायल हो गए, वहीं टक्कर मारने वाला आरोपी बाईक चालक मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगनी मंदिर के पास रामपुर निवासी गजेंद्र चौरसिया अपने दोस्त फूलसिंह के साथ मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेड सी 3218 से घर वापस आ रहा था। शाम लगभग 7 बजे गौरीघाट रोड नाला के पास रामपुर पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक पल्सर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेडबी 5529 के चालक ने उनकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों मोटरसायकिल सहित नीचे गिर गए और गजेंद्र के पैर एवं दोस्त फूलसिंह को हाथ में चोटे आ गयी। भीड़ इकट्ठा होने पर पल्सर मोटर सायकल का चालक वहां से भाग गया। गजेंद्र ने अपने बड़े भाई राजेंद्र को फोन पर सूचना दी। सूचना पाकर उसका भाई राजेंद्र घटना स्थल पर पहुंचा और दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

रंगदारी वसूलने बदमाशों ने की मारपीट, 6 घायल

गोरखपुर, अधारताल और गढ़ा में वारदातें

जबलपुर।

गोरखपुर, अधारताल और गढ़ा थाना क्षेत्रों में रंगदारी नहीं मिलने पर बदमाशों ने मारपीट कर चाकू व कडे से हमला कर 6 युवकों को घायल कर दिया।गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रजमोहन नगर कालोनी रामपुर निवासी 39 वर्षीय यूसुफ खान का किराएदार अजाज खान ने यूसूफ को फोन पर बताया कि उसके घर के सामने कोई गाली गलौज कर रहा है और चाकू चमका रहा है। सूचना पाकर युसूफ अपने अपने भाई अब्दुल यासिफ खान, अब्दुल यासीन खान , साहिल खान के साथ रात लगभग 11 बजे अजाज खान के किराये के मकान के पास पहुंचे तो देखा कि अंशू कुरैशी, भूरा चौधरी, अयान कुरैशी, सोहेल खान गालीगलौज कर शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करने लगे। उसने व उसके भाईयों ने उन्हें गालियां देने से मना किया और समझाने का प्रयास किया तो अंशू कुरैशी ने चाकू से युसूफ के हाथ व मुंह पर हमला कर दिया। उसके भाईयों ने बीच बचाव कि तो सभी ने मारपीट कर साहिल खान के गर्दन एवं पैर में चाकू से हमला कर दिया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।इसी तरह अधारताल थाना क्षेत्र में सुभाषनगर कंचनपुर निवासी 22 वर्षीय सुदामा बर्मन गत रात लगभग 9 बजे अपने घर के पास खड़ा था, तभी प्रियांशु गोटिया उर्फ पउआ आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो प्रियांशु गाली गलौज अपने हाथ में पहने हुये कड़ा से उसके सिर पर हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

इसी प्रकार महेश स्कूल पास गढ़ा निवासी 40 वर्षीय संजू पटवा गत रात लगभग 11.30 बजे अपने साढू भाई राकेश पाटकर एवं अपने परिवार के साथ मोहल्ले के अनिल सैनी की शादी में मदनमहल गुरुद्वारा गया था। जहां से वापस आते समय राजुल अपार्टमेंट के पास पहुंचे तभी मोहल्ले के सागर हिरानी तथा अन्नू मिले और उससे शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो दोनों गाली गलोज व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर हाथ में पहने कड़े से सिर पर हमला कर दिए। उसके साढू भाई राकेश एवं सुंदरलाल गोंड ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

गौरव साइप्रस में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

सिहोरा। शहर के जाने माने कराटे खिलाड़ी एवं कोच गौरव सिंधिया

14-16 फरवरी तक साइप्रस के लारनाका शहर में होने जा रही वर्ल्ड कराटे सीरीज ए कराटे प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप की क्वालिफ़ाइंग प्रतियोगिता है। गौरव सिंधिया विश्वामित्र एवॉर्डी स्व. रतन गंभीर के छात्र हैं।

जबेरा से संत रविदास जयंती मनाकर लौटा जत्था

जबलपुर। संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि जबेरा से संत रविदास जयंती मनाकर लौटे जत्था के सदस्यों का भव्य स्वागत संत रविदास विचार मंच के कार्यकर्ताओं ने किया। बताया गया मंच के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने जबेरा आश्रम में भारी आमसभा के मध्य अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि मंदिरों में सिर्फ पूजा-अर्चना, प्रार्थना की जाती है किन्तु ज्ञान प्राप्त नहीं होता, जब से यह संगठन बना है, साल भर लगातार विभिन्न शहरों, क्षेत्रों में जनता को ज्ञान की शिक्षा दी जा रही है। तदोपरांत जबेरा में क्षेत्रवासियों ने संत रविदास विचार मंच के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उनकी विदाई कर शील्ड प्रदान की एवं प्रशंसा पत्र सौंपा। इस अवसर पर मंच के मोहनलाल चौधरी, छोटू, गोविंद चौधरी, राजू चौधरी, दयाशंकर, मुन्नालाल, गुलजारी, वृन्दावन चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना की, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

हाई कोर्ट ने कलेक्टर सिवनी को दो सप्ताह में शपथ पत्र पर जवाब पेश करने दिए निर्देश

पेच टाइगर रिजर्व फारेस्ट एरिया से आदिवासियों को बार-बार क्यों कर रहे बेदखल

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने पेच टाइगर रिजर्व फारेस्ट एरिया से आदिवासियों को बार-बार बेदखल किए जाने के रवैये को चुनौती के मामले में स्पष्टीकरण मांग लिया है। इस सिलसिले में कलेक्टर सिवनी को दो सप्ताह के भीतर शपथ पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दया याचिका की सुनवाई नियमित याचिका के रूप में किए जाने की भी व्यवस्था दे दी है।

दया याचिकाकर्ता सिवनी निवासी किशोरी लाल भलावी, शांता बाई व यशवंत करवेती की ओर से अधिवक्ता बालकिशन चौधरी, नारायण चौधरी, महेन्द्र अहिरवार व एकता चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता पेच टाईगर रिजर्व फारेस्ट एरिया के पुश्तैनी निवासी हैं और पिछली कई पीढ़ियों से फारेस्ट एरिया के अंदर निवासरत हैं। वर्ष 1995 में भारत सरकार व मप्र शासन ने उक्त एरिया को अधिसूचित कर टाईगर रिजर्व एरिया घोषित कर दिया था। मप्र शासन ने याचिकाकर्ताओं सहित ग्राम के अन्य लोगों को जबलपुर से नागपुर हाईवे के किनारे ग्राम कर्माझिरि, ग्राम टूरिया और ग्राम जमतरा तहसील बरघाट, जिला सिवनी के आदिवासियों को अधिसूचित क्षेत्र से बाहर उक्त क्षेत्र में बसाया था। मप्र शासन द्वारा आदिवासियों को पट्टा अधिनियम 2006 के तहत पट्टे प्रदान किए गए थे। जहां सभी आदिवासी अपने मकान बनाकर शांतिपूर्ण रूप से अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। लेकिन पिछले दिनों टाईगर सफारी के नाम पर बड़े-बड़े होटल बनाकर 24 घंटे भारी वाहनों से आवागमन कर वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा आर्टिफिशियल बल लगाकर ग्रीन इंडिया के नाम पर लूटामारी की जा रही है। समय-समय पर आदिवासियों की रक्षा के लिए पांचवीं व छटवीं अनुसूची के अनुरूप मप्र शासन द्वारा बड़े-बड़े वादे किए गए किंतु उस पर अमल नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में कलेक्टर सिवनी द्वारा इन तीन ग्राम के आदिवासियों को बेदखल करने का प्रयास कर होटल बनाने की तैयारी की जा रही है।

पंच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

जबलपुर। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा चंद्रना संभाग द्वारा पंच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लॉर्डगंज जैन मंदिर में किया गया। द्वितीय दिवस भक्तांबर महामंडल का 48 दीपों से लॉर्डगंज जैन मंदिर में किया गया। तृतीय दिवस विक्टोरिया हॉस्पिटल में सुदामा थाली एवं मिठाई का वितरण किया गया। चौथे दिवस जॉर्ज टाउन स्कूल में हैंडिकैप्ड बच्चों को कॉपियां, स्टेशनरी, नाश्ता और लड्डू का वितरण किया गया। पांचवें दिवस दयोदय तीर्थ तिलवारा में माताजी एवं महाराज जी को आहार दान एवं गौशाला में गायों को गुड़, चना, रोटी खिलाई गई। सभी कार्यक्रम आचार्य श्री के आशीर्वाद से संपन्न हुए। कार्यक्रम में डॉ. बिमला जैन, डॉक्टर कुसुम जैन, रानी जैन, मनी जैन, साधना बड़कुल, सुषमा पार्षद, शशि प्रभा, चित्रा जैन, संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता पन्नी का सहयोग प्राप्त हुआ।

स्नेहिल झा को मिली महाकोशल रीजन में फर्स्ट रैंक

12 छात्रों ने जेईई मेन्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर। परीक्षा तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी कोचिंग संस्थान नारायणा कोचिंग सेंट ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स 2025 (सत्र-1) में असाधारण उपलब्धि की घोषणा की है। इस संस्थान के 12 छात्रों ने परीक्षा के पहले सत्र में 90 से अधिक पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए हैं। एकेडमिक डायरेक्टर पवन कुमार शुक्ला ने मीडिया से संस्थान की उपलब्धि शेयर करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह परिणाम देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों की मेहनत और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर करते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को परिणामों की घोषणा की, जो इस साल के दो निर्धारित जेईई सत्रों की शुरुआत का संकेत है। उन्होंने कहा हम सभी सफल छात्रों को बधाई देते हैं और उनके भविष्य के अगले चरणों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। शाखा प्रबंधक सत्यप्रकाश ने बताया कि संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है, जो छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास दिलाकर शैक्षणिक लक्ष्यों में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है।

राज्य कर्मचारियों को भी केन्द्र के समान स्वास्थ्य सुविधा दी जाएं

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि केन्द्र कर्मचारियों के समान राज्य कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करायी जानी चाहिए ताकि राज्य कर्मचारियों को कुछ राहत मिल सके और राज्य कर्मचारी भी समय पर अपना पूर्ण इलाज करा सकें, परंतु राज्य कर्मचारियों को यह सुविधा नहीं मिल पाने के कारण कर्मचारियों का समय पर सही इलाज नहीं हो पाता जिससे कर्मचारियों आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है एवं समय पर ईलाज के अभाव में कई कर्मचारी काल के गाल में समा जाते हैं, जिससे राज्य कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

माघी पूर्णिमा पर महाकुंभ, त्रिवेणी संगम का जल व प्रसाद किया वितरित

जबलपुर। महाकुंभ मेले के पावन अवसर पर प्रयागराज में जगद्गुरु सुकनंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य जी ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर अमृत जल प्राप्त किया। इस दिव्य जल को भक्तों के कल्याण एवं आशीर्वाद स्वरूप जल प्रसाद के रूप में गुरू जी के द्वारा निवास स्थान से वितरित किया गया। जगद्गुरु जी के द्वारा बताया गया कि यह अमृत जल का प्रसाद जबलपुर के हर एक शासनिक, प्रशासनिक, हर एक जनप्रतिनिधि और जबलपुर की हर वह जनता जो कुंभ नहीं पहुंच पा रही है वहां तक उनके शिष्यों के द्वारा पहुंचने का कार्य किया जाएगा और साथ ही यह निवेदन भी है कि जिन व्यक्ति तक जल नहीं पहुंच पाता है वह आश्रम में आकर अमृत जल का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं।

इस पुण्य अवसर पर जबलपुर संस्कारधानी के श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने महाकुंभ के इस महायोग में सम्मिलित होकर त्रिवेणी संगम के जल प्रसाद का लाभ उठाया और धर्म, अध्यात्म एवं संस्कारों को आत्मसात किया।

अमृत जल प्रसाद वितरण की इस बेला में क्षेत्रीय पार्षद राघवेंद्र उर्फ लालू भैया, रघु तिवारी, पंकज तिवारी, दीपांशु सिंह, अमन शिवारे, चीकू अवस्थी, शांतनु, नयन पटेल एवं अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

श्रीराम कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने फहराया परचम

जबलपुर। श्री राम कॉलेज के तीन एनसीसी कैडेट्स ने दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2025 में भाग लिया। 4 मध्य प्रदेश कंपोजिट टेक्निकल रेजीमेंट के सीनियर अंडर ऑफिसर हेमंत साकेत ने कर्तव्य पथ पर मार्च पास किया। इसके साथ ही 2 एमपी नेवल यूनिट से सीनियर कैप्टन कैडेट चंचल दुबे ने भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं महानिदेशक को गॉड ऑफ ऑनर दिया। इसके अलावा तीसरे एनसीसी सीनियर कैडेट अरुण पटेल ने बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता के रूप में भाग लेकर प्रधानमंत्री रैली में ड्रिल कंटिजेंट में भाग लिया। एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते हुए संस्था के अध्यक्ष आर करसोलिया, रामेंद्र करसोलिया, राजुल करसोलिया, सुश्री सोनम करसोलिया, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एलके पटेल, डायरेक्टर डॉ. वाईएम दुबे, प्राचार्यगण डॉ. शैलेश गुप्ता, डॉ. अविनाश गौर, डॉ. भरत सोलंकी, पीआरओ सुधीश सक्सेना के साथ ही एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. प्रदीप दुबे, सब लेफ्टिनेंट शुभम खरे, रूपांशी साहू एवं इंस्ट्रक्टर मधुसूदन पटेल ने पुष्प गुच्छ, मूमेंटो एवं माल्यार्पण के साथ दिल्ली से आए कैडेट्स को सम्मानित कर हर्ष व्यक्त किया।

शोभायात्रा से श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

जबलपुर। चरगवां रोड परासिया स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ 13 फरवरी को शोभायात्रा से किया गया। कथा से पूर्व अजय-रागिनी पटेल के निवास से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो क्षेत्र का भ्रमण कर कथा स्थल पहुंची। 13 से 20 फरवरी तक दोपहर 02 बजे से प्रभु इच्छा तक कथाव्यास पं. ब्रह्मानंद तिवारी श्रीमद् भागवत की मीमांसा करेंगे। कथा के मुख्य यजमान गयाप्रसाद- गैनाबाई, लेखराम- गुड्डीबाई, केवल प्रसाद- ताराबाई हैं। निवेदक अजय-रागिनी पटेल, गनेश-उमा पटेल, श्रीराम-अंजली पटेल, मिथलेश-आरती पटेल, अखिलेश-प्रिया पटेल, विमलेश पटेल एवं रविन्द्र पटेल ने श्रीमद् भागवत ज्ञानयज्ञ में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

सिहोरा आगमन पर भक्तों ने किया आत्मीय स्वागत

भगवान और भक्त के बीच प्रेम का संबंध : नरसिंह दास

सिहोरा। भगवान और भक्त के बीच प्रेम ही एक ऐसा संबंध है जो उन्हें जोड़े रखता है उक्ताशय के विचार पूज्य जगतगुरु डॉ नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने शिव मंदिर बाबाताल में भक्तों द्वारा आयोजित स्वागत समारोह से अभिभूत होकर व्यक्त किए। महाराज नरसिंह दास जी को प्रयागराज के महाकुंभ में संतों द्वारा जगतगुरु रामरंगी द्वाराचार्य की उपाधि प्रदान की है एंव उनका पट्टाभिषेक किया है उसके बाद उनका सिहोरा प्रथम नगर आगमन हुआ था। इस दौरान नरसिंह मंदिर के महंत श्री गोविन्द दास जी महाराज ने भी स्वागत किया। महाराज जी के शिष्य शिक्षक संदीप तिवारी ने बताया महाराज जी को महाकुंभ में उपाधि मिलने के बाद प्रथम सिहोरा नगर आगमन हुआ है इसलिए महिलाओं बच्चों ने उनके स्वागत हेतु सर पर कलश रखकर आगवानी करने के साथ रंगोली भी सजाई।

जगतगुरु जी के शिष्यों सहित महाकुंभ से वापस आगमन पर विधायक संतोष बरकडे, नगर पालिका पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे, जनपद सदस्य श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री के साथ ब्राह्मण समाज सिहोरा, सर्वोदय ब्राह्मण समाज सहित सभी, राजनैतिक, समाजिक, धार्मिक संगठनों के लोगों ने पुष्प वर्षा कर एंव शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया एंव आशीर्वाद प्राप्त किया।

महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं को कराया जा रहा प्रसाद वितरण

जबलपुर। महाकुम्भ प्रयागराज माँ गंगा में स्नान करके वापस आने वाले और स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को शिवशक्ति सेवा समिति के तत्वावधान में नर्मदापुरम ग्राम चाँटी महाराजपुर बायपास में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन कराया जा रहा है, विदित है कि बायपास में हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन भारत के कोने कोने से महाकुम्भ में स्नान के लिए प्रयागराज के लिए नर्मदापुरम ग्राम चाँटी महाराजपुर बायपास से बसों और निजी वाहनों से गुजरते हैं जिन्हें शिवशक्ति सेवा समिति द्वारा सुबह से रात तक नियमित प्रसाद वितरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के सदस्य नवीन पटेल, रूपेश पिंटू पटेल नगर उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, विनोद पटेल, मुकेश पटेल, सुनील पटेल, रोहित पटेल आदि सदस्य का सहयोग रहा।

भाकपा का प्रदर्शन 17 को

जबलपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की केन्द्रीय पार्टी के आह्वान पर केन्द्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए बजट में जनविरोधी प्रावधानों के विरोध में 17 फरवरी को अपरान्ह 04 बजे सिविक सेंटर मढ़ाताल में प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पार्टी के सदस्य एवं उससे संबंधित जनआंदोलनों के साथ हिस्सा लेंगे। पार्टी के अरविंद श्रीवास्तव, एसवी रानाडे, एसके मिश्रा, पीके बोस, रामरतन पारस, शिवकुमार चौधरी, कृष्णा चौधरी, मुस्तफा अंसारी, अमीरुद्दीन, काम. शफीक, काम. सलामत, गुलाब, रोशन, नर्मदा प्रसाद सहित अन्य ने उपस्थिति की अपील की है।

कुष्ठ पखवाड़ा आयोजित

मझौली। कुष्ठ पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंद्रान में डॉ अनुपम एवं उपस्थित स्टाफ को कुष्ठ पखवाड़ा के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। पूज्य बापू के स्मरण के साथ एनएमए गिरीश पालीवाल द्वारा संकल्प पत्र एवं अपील का वाचन किया गया। उपरान्ह ग्राम नैगई में सरपंच, एएनएम, आशा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी के साथ कुष्ठ मरीज मदन बर्मन एवं उसके परिवार से चर्चा कर उन्हें एमडीटी ना खाने से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। काफी समझाने के बाद अब मरीज द्वारा नियमित दवा खाने का आश्वासन दिया गया है।

श्री सुनील शर्मा- संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री सुनील शर्मा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अजीत सिंह- न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अजीत सिंह (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री लाल सिंह- सुभाष नगर महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री लाल सिंह (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. काजल रजक- गोहलपुर धोबी मोहल्ला निवासी श्री रूपलाल रजक की पुत्री कु. काजल रजक (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री करोड़े- सीओडी कॉलोनी रांझी निवासी श्री करोड़े (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कमला बाई रजक- सूजीपुरा मिलौनीगंज निवासी श्री मूलचंद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई रजक (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री संजय तिवारी- न्यू शास्त्री नगर गढ़ा निवासी श्री संजय तिवारी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री हेमंत चक्रवर्ती- भानतलैया कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री लख्खू लाल चक्रवर्ती के पुत्र श्री हेमंत चक्रवर्ती (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सरोज शर्मा- समीक्षा टाउन कांचघर निवासी श्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज शर्मा (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जगदीश वाल्मीक- सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री जगदीश वाल्मीक (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती गिरजा देवी श्रीवास- सुहागी बीजासेन मंदिर के पास निवासी श्री लक्ष्मण राम श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती गिरजा देवी श्रीवास (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती अंजना रैकवार- मांडवा टेंडर 1 रामपुर निवासी श्री राकेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना रैकवार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री गजेंद्र कुमार चंदोल- शक्तिनगर सैनिक सोसायटी निवासी श्री गजेंद्र कुमार चंदोल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कोमल सिंह- गंगासागर लोधी मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री कोमल सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज ५०/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय/2024-25 एम/260
दिनांक:- 13/02/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1.श्री संतोष वर्मा पिता स्व. श्री आर.एम. वर्मा 2. श्रीमति प्रीति वर्मा पति श्री संतोष वर्मा ने मकान नं. 303/ सिक्स फ्लोर वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती 602 छठवीं मंजिल 1045 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय/2024-25 एम/256
दिनांक:- 13/02/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनमोल जैन पिता श्री स्वदेश जैन ने मकान नं. आर.के. टावर्स एफ.एफ. वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान ऑफिस चेम्बर प्रथम तल 264 व.फु. दानपत्र/ शपथपत्र/ सहमति पत्र/ मृत्यु पत्र/ विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ त्यागपत्र/ रिलीजडीड/ बंटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.अधि./13/मुख्यालय/2024-25 एम/261
दिनांक:- 13/02/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोनिसा गुप्ता पिता श्री विश्वेन्द्रनाथ गुप्ता मकान नं. 2665/7 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 800 व.फु. दानपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

खबर संक्षेप

भेल को मिला रघुनाथपुर संयंत्र के बॉयलर का ठेका

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में 2x660 मेगावाट रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन के दूसरे चरण में स्टीम जनरेटर आइलैंड पैकेज स्थापित करने का ठेका मिला है। यह ठेका दामोदर वैली कॉरपोरेशन ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के जरिये मिला है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने बनाए डीलर साझेदार

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल में लांच अपने लक्जरी ब्रांडों के बिक्री मंच एमजी सिलेक्ट के लिए देश भर में 12 डीलर साझेदार नियुक्त किए हैं। डीलरों की नियुक्ति कई स्थानों पर की गई हैं जिसमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और चंडीगढ़ आदि शामिल हैं। कंपनी बिक्री मंच से साइबरस्टर और एमजी एम9 मॉडलों की बिक्री करेगी।

जुबिलेंट फूडवर्क्स का शुद्ध मुनाफा 43.24 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 43.24 करोड़ रुपये रहा।
डंकिन जैसे ब्रांड के लिए फ्रेंचाइजी अधिकार रखने वाली जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 65.71 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था ने सामान्य वृद्धि दर्ज की

लंदन। दिसंबर में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन के बाद ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में 0.1 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज की। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिसंबर महीने में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान क्रिसमस से पहले पबों का प्रदर्शन विशेष रूप से अच्छा रहा।

श्रीराम प्रॉपर्टीज के मुनाफे में 30 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी श्रीराम प्रॉपर्टीज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 30 प्रतिशत घटकर 12.97 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 18.48 करोड़ रुपये रहा था। कुल आमदनी भी घटकर 179.87 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 240.57 करोड़ रुपये थी।

अब कोई नहीं उठा पाएगा एनआरआई स्टेटस का गलत फायदा, भरना होगा टैक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को न्यू इनकम टैक्स बिल को संसद में पेश कर दिया। इसमें टैक्स रेजिडेंसी के मानदंडों को पुनः परिभाषित किया गया है, जिसका अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। खासकर, उन लोगों पर जो भारत में 15 लाख रुपए या उससे अधिक कमाते हैं और टैक्स नहीं भरते हैं।

- अब 15 लाख से अधिक कमाने वाले को भारत का नागरिक माना जाएगा

इस नए नियम के तहत 15 लाख से अधिक कमाने वाले व्यक्तियों को भारत का नागरिक माना जाएगा और उन्हें भारत में कमाए गए अपने इनकम पर टैक्स देना होगा। इस नए कदम को उठाए जाने का मकसद एनआरआई स्टेटस के दुरुपयोग और टैक्स चोरी को रोकना है।

नए इनकम टैक्स बिल में टैक्स रेजिडेंसी के मानदंड पुनः परिभाषित

इन पर नहीं लागू होगा 60 दिन वाला नियम

हालांकि, अगर कोई व्यक्ति किसी इंडियन एयरलाइन या शिप के क्रू मेंबर के तौर पर भारत छोड़ता है या बाहर नौकरी के लिए जाता है, तो उसे 60 दिन के नियम के दायरे में नहीं लाया जाएगा। इसी तरह, भारत आने वाले एनआरआई को भी इस शर्त पर छूट मिलेगी। अगर भारत आने वाला कोई व्यक्ति 15 लाख रुपए (विदेशी स्रोत से होने वाली आय को छोड़कर) से अधिक कमाता है, तो 60 दिन के नियम को बढ़ाकर 120 दिन कर दिया जाएगा।

भारत का टैक्स सिस्टम इस बात पर देता जोर

भारत का टैक्स सिस्टम नागरिकता के बजाय देश में किसी व्यक्ति की उपस्थिति पर आधारित है। मौजूदा समय में एनआरआई पर टैक्स केवल भारत में उनके कमाए गए आय पर लगाया जाता है, जबकि देश के बाहर किया गया उनका इनकम टैक्स फ्री रहता है। पिछले कुछ सालों में देखा गया कि कई लोग टैक्स से बचने के लिए एनआरआई स्टेटस का लाभ उठा रहे हैं, जबकि कमाई भारत में रहकर कर रहे हैं। नया नियम टैक्स में चोरी को रोकने के साथ ही साथ निष्पक्ष कराधान को भी सुनिश्चित करेगा।

अब एनआरआई स्टेटस का नहीं उठा पाएंगे फायदा

इस बिल के तहत माना गया है कि अगर कोई व्यक्ति एक टैक्स ईयर में कम से कम 182 दिन भारत में बिताता है या 60 दिन या उससे अधिक समय भारत में बिताता है या चार वर्षों में भारत में कुल 365 दिन या उससे अधिक समय बिताया है, तो उसे यहां का नागरिक माना जाएगा और इनकम पर टैक्स देना होगा।

वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी ने जारी की रिपोर्ट

उभरते कौशल, नेतृत्व भूमिकाओं के लिए 30-40 प्रतिशत तक वेतन वृद्धि संभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इस साल छह से लेकर 15 फीसदी तक वेतन वृद्धि का अनुमान
- नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है
- भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में वृद्धि दिखाई

भारतीय उद्योग जगत में इस साल छह प्रतिशत से लेकर 15 प्रतिशत तक की सीमा में वार्षिक वेतन वृद्धि होने का अनुमान है। वेतन वृद्धि का अनुपात उद्योग, भूमिका के महत्व और विशिष्ट कौशल पर निर्भर करेगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

वैश्विक भर्ती परामर्श कंपनी माइकल पेज की तरफ से जारी '2025 सैलरी गाइड' के मुताबिक, उभरते कौशल और महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिकाओं के लिए वेतन वृद्धि का आंकड़ा 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है।फर्म ने कहा कि भारत के नौकरी बाजार ने हाल के महीनों में मजबूती दिखाई है, जिससे 2024 की शुरुआत की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों में वृद्धि हुई है।

पदोन्नति के मामले में वेतनवृद्धि 20 से 30 फीसदी के बीच

इसने कहा, "भारत में वार्षिक वेतन वृद्धि आम तौर पर छह से 15 प्रतिशत के बीच होती है जबकि पदोन्नति के मामले में वेतन वृद्धि आम तौर पर 20-30 प्रतिशत के बीच होती है। हालांकि, महत्वपूर्ण नेतृत्व और उभरते कौशल भूमिकाओं में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाती है।"

एक दर्जन कोषों ने भारत में परिचालन बढ़ाया

इसमें कहा गया है कि एक दर्जन से अधिक नए वैश्विक निजी इक्विटी, सॉवरेन, उद्यम पूंजी, रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा कोष ने भारत में अपने परिचालन का विस्तार किया है, जो वैश्विक निवेश परिदृश्य में देश के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

औसत वृद्धि नौ फीसदी के आसपास होगी

पेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष के लिए वेतन वृद्धि अनुमान छह से 15 प्रतिशत है तथा औसत वृद्धि नौ प्रतिशत के आसपास होगी, जो पिछले वर्ष के आंकड़े के समान है। हालांकि उद्योग और कौशल के आधार पर यह असमानता बहुत अधिक है।

भर्तियां उपभोक्ता मांग बढ़ने से बढ़ी

नौकरियों की जानकारी देने वाले मंच फाउंडइट के इनसाइट्स ट्रैकर के मुताबिक, जनवरी में भर्तियों में वृद्धि का श्रेय बढ़ती उपभोक्ता मांग, केंद्रीय बजट 2025-26 में उल्लिखित रणनीतिक प्रोत्साहन और स्थिरता पहलों पर बढ़ते ध्यान को दिया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी, 2025 में भर्ती में 32 प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है, जो बाजार में नए सिरे से विश्वास का संकेत है।

नवीकरणीय क्षेत्र में सबसे ज्यादा नौकरियां

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी में नवीकरणीय क्षेत्र में नौकरियां सबसे ज्यादा रहीं। इनमें पिछले दो वर्षों की तुलना में 41 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका कारण स्वच्छ ऊर्जा पहलों का विस्तार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्र वैश्विक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों से प्रेरित होकर इस वृद्धि में सबसे आगे हैं।

कार्यालय वाली नौकरियों में भर्ती बढ़ी

जनवरी में कार्यालय वाली नौकरियों के लिए भर्ती में सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जिसमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन और विनिर्माण जैसे उद्योगों का मुख्य योगदान रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

जनवरी में सर्वाधिक 3.99 लाख यात्री वाहन बिके : सियाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत बढ़कर 3,99,386 इकाई हो गई। जनवरी माह में दर्ज यह अब तक की सर्वाधिक बिक्री है जिसे यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग से समर्थन मिला। उद्योग संगठन सियाम की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, जनवरी 2024 में यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 3,93,074 इकाई रही थी। यूटिलिटी वाहनों की आपूर्ति जनवरी, 2025 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,12,995 इकाई हो गई जबकि जनवरी, 2024 में यह संख्या 2,00,917 इकाई थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि पिछले महीने यात्री कारों की थोक बिक्री 1,27,065 इकाई पर स्थिर रही, जो जनवरी 2023 में 1,26,505 इकाई थी। वैन की आपूर्ति जनवरी 2024 में 12,019 इकाइयों से 6.4 प्रतिशत घटकर पिछले महीने 11,250 इकाई रह गई।

- यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग रही
- सालाना आधार पर बिक्री 1.6 फीसदी अधिक रही

हुंडई की वाहन बिक्री पांच फीसदी कम रही : वहीं हुंडई मोटर इंडिया ने 54,003 वाहनों की बिक्री की जो जनवरी 2024 के 57,115 वाहनों से पांच प्रतिशत कम है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की थोक बिक्री जनवरी में बढ़कर 50,659 इकाई हो गई जो जनवरी 2024 में 43,068 इकाई थी।

दोपहिया वाहनों की बिक्री में रहा इजाफा

सियाम ने कहा कि पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत बढ़कर 15,26,218 इकाई हो गई, जबकि जनवरी 2024 में यह 14,95,183 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 5,48,201 इकाई हो गई।

वैल्यू म्यूचुअल फंडों में जनवरी में आया 1,556 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वैल्यू म्यूचुअल फंड्स में निवेशकों का भरोसा कायम
- कम मूल्य वाले शेयरों की ओर ध्यान में बदलाव के संकेत

वैल्यू म्यूचुअल फंडों में निवेशकों का भरोसा मजबूत बना हुआ है और इस श्रेणी में जनवरी में 1,556 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। यह निवेश मौलिक रूप से मजबूत लेकिन कम मूल्य वाले शेयरों की ओर उनके ध्यान में बदलाव का संकेत है।

वैल्यू फंड एक तरह का म्यूचुअल फंड होता है जो उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है जिनका मूल्यांकन कम माना जाता है। वैल्यू फंड लंबी अवधि के निवेशकों के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, यह दिसंबर में दर्ज 1,514 करोड़ रुपये के निवेश से कुछ ज्यादा है। इसके बावजूद इस श्रेणी में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) दिसंबर में 1.88 लाख करोड़ रुपये से घटकर जनवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये रह गईं। एम्फी का कहना है कि वैल्यू फंड के एयूएम में आई यह गिरावट कुछ चुनौतियों को दर्शाती है, लेकिन 2025 में वैल्यू फंड के लिए दृष्टिकोण आशावादी बना हुआ है। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष जोसेफ ने कहा कि वैल्यू फंड का भविष्य काफी हद तक क्षेत्रीय रुझानों और व्यापक आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगा।

वैल्यू फंड में बढ़त जारी रहेगी

जोसेफ ने कहा, "साल 2023 और 2024 में वैल्यू फंड बढ़त को आगे बढ़ाने वाले प्रमुख क्षेत्रों में धातु, रियल एस्टेट, निर्माण, पूंजीगत सामान, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और विनिर्माण शामिल हैं। इन क्षेत्रों में मजबूती रहने की उम्मीद है। इसे निरंतर सरकारी बुनियादी ढांचे के खर्च और औद्योगिक विस्तार से बल मिलेगा।" उन्होंने कहा कि जब तक ये क्षेत्र मजबूती और वृद्धि की संभावनाएं दिखाते रहेंगे, 2025 में मूल्य निवेश एक आकर्षक रणनीति बनी रहेगी।

वोल्वो बेंगलुरु के होसकोटे संयंत्र पर 1400 करोड़ करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्वीडन की बस और ट्रक विनिर्माता कंपनी वोल्वो ने बेंगलुरु शहर के पास होसकोटे में स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र का 1,400 करोड़ रुपये के निवेश से विस्तार करने का फैसला किया है। कंपनी को इस निवेश से 2,000 से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में उनके आधिकारिक आवास 'कावेरी' में इस संबंध में बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह प्रक्रिया बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री एम बी पाटिल की मौजूदगी में पूरी हुई। उद्योग विभाग के प्रधान सचिव सेल्वाकुमार और वोल्वो इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) कमल बाली ने 'इन्वेस्ट कर्नाटक-2025' के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर सिद्धरमैया ने कहा कि 25 साल पहले वोल्वो ने कर्नाटक में कदम रखा, निवेश किया और बदलाव की शुरुआत की।

- कंपनी के निवेश से 2000 से अधिक नौकरियां पैदा होगी

कंपनी प्रति वर्ष 3000 बसें व ट्रक बना रही

वोल्वो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्टिन लुंडस्टेड ने कहा, "कंपनी की कर्नाटक में धारवाड़ के पास पीन्या, होसकोटे और पीथमपुर में विनिर्माण इकाइयां हैं।"उन्होंने कहा, "अब हम यहां प्रति वर्ष 3,000 बसें एवं ट्रक बना रहे हैं। होसकोटे संयंत्र के विस्तार से हम प्रति वर्ष 20,000 बसें एवं ट्रक बना सकेंगे।

आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर लगे प्रतिबंध हटाए

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कोटक महिंद्रा बैंक पर नौ महीने से अधिक समय से लगे प्रतिबंधों को हटा लिया है। बैंक पर प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर चिंताओं के कारण कारोबारी प्रतिबंध लगाये गये थे। आरबीआई ने कहा कि वह निजी क्षेत्र के बैंक द्वारा किए गए सुधारात्मक उपायों से 'संतुष्ट'' है, और उसे नए क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दी है। कोटक ने एक बाहरी सलाहकार से तृतीय पक्ष सूचना प्रौद्योगिकी 'आईटी'' ऑडिट कराया था, तथा अन्य कई उपाय भी किए।

शेयर बाजार ने शुरूआती बढ़त गंवाई, सेंसेक्स 32 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- बाजार में लगातार सातवें दिन गिरावट रही
- आईटी व बैंकिंग शेयरों में रही बिकवाली

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और लगातार सातवें दिन हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चुनिंदा आईटी एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के चलते बाजार की धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 76,764.53 के उच्चतम और 76,013.43 के निम्नतम स्तर को छुआ। इस तरह निचले और ऊपरी स्तर के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 13.85 अंक फिसलकर 23,031.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले और टाइटन में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ने से अंडे महंगे

ओमाहा (अमेरिका)। अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ जाने के कारण अंडों की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। हालिया मासिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) से पता चला है कि अमेरिकी शहरों में एक दर्जन 'ग्रेड ए' अंडों की औसत कीमत जनवरी में 4.95 डॉलर तक पहुंच गई, जो दो साल पहले के रिकॉर्ड 4.82 डॉलर से भी ज्यादा है। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, अंडों की कीमतों में आई तेजी 2015 में हुए 'बर्ड फ्लू' के प्रकोप के बाद से सबसे अधिक बढ़ोतरी है।

रियल एस्टेट कंपनियों ने क्यूआईपी से जुटाई राशि

नई दिल्ली। रियल एस्टेट डेवलपर ने पिछले साल यानी 2024 में योग्य संस्थागत नियोजन के जरिए निवेशकों को इक्विटी शेयर बेचकर करीब 22,320 करोड़ रुपये जुटाए हैं। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म एनारॉक ने बताया कि सभी क्षेत्रों में क्यूआईपी के जरिए 99 निर्गम से कुल 1,41,482 करोड़ रुपये जुटाए गए। इसमें रियल एस्टेट का प्रमुख योगदान रहा, जहां आठ डेवलपर और एक 'रीट' ने कुल मिलाकर 22,320 करोड़ रुपये जुटाए। यह आंकड़ा क्यूआईपी के जरिए जुटाई गई कुल राशि का 16 प्रतिशत है।

होंडा निसान को अपनी सहायक कंपनी बनाना चाहती थी

होंडा, निसान के बीच एकीकरण पर नहीं होगी बातचीत

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

जापानी वाहन विनिर्माता कंपनियों होंडा, निसान और मित्सुबिशी ने अपने कारोबार के एकीकरण के लिए जारी बातचीत बंद करने की बृहस्पतिवार को घोषणा कर दी। निसान के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मकोतो उचिदा ने कहा कि बातचीत का मकसद संयुक्त 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने से हटकर निसान को होंडा की अनुषंगी कंपनी बनाने पर केंद्रित हो गया था।

- अब होंडा के बिना ही निसान बदलाव के लक्ष्य से आगे बढ़ेगी

उचिदा ने कहा, ''इरादा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में जीतने के लिए सभी ताकतों को एक साथ लाने का था, लेकिन इससे निसान की क्षमता प्रदर्शित नहीं होगी। इसलिए मैं इसे स्वीकार नहीं कर सकता था। उचिदा ने कहा कि अब होंडा के बिना ही निसान बदलाव के लक्ष्य से आगे बढ़ेगी।

होंडा ने शेयर अदला-बदली का दिया था सुझाव

होंडा के मुख्य कार्यकारी तोशीहिरो मिबे ने कहा कि होंडा ने निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शेयर अदला-बदली का सुझाव दिया था। मिबे ने कहा, ''मैं वास्तव में इस नतीजे से निराश हूं। मुझे लगा था कि बहुत अच्छी संभावनाएं हैं लेकिन मुझे यह भी पता था कि इसे साकार करने के लिए ऐसे कदम उठाने जरूरी थे जो पीड़ा देंगे।''

ईवी और स्मार्ट कारों पर मिलकर काम जारी रहेगा

होंडा और निसान ने शुरू में कहा था कि वे जून तक एक समझौते को अंतिम रूप देने और अगस्त तक 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, तीनों वाहन कंपनियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे इलेक्ट्रिक वाहनों और स्मार्ट कारों की दिशा में एक साथ काम करना जारी रखेंगी।

संयुक्त होल्डिंग कंपनी बनाने पर विचार जारी था

होंडा मोटर कंपनी और निसान मोटर कॉर्पोरेशन ने दिसंबर, 2024 में घोषणा की थी कि वे एक संयुक्त 'होल्डिंग' कंपनी स्थापित करने के लिए बातचीत करने जा रहे हैं। निसान की सहयोगी मित्सुबिशी मोटर्स कॉर्पोरेशन ने भी कहा था कि वह उस समूह में शामिल होने पर विचार कर रही है। इस विचार ने शुरुआत से ही वाहन उद्योग के विश्लेषकों को उलझन में डाल दिया था कि बातचीत में शामिल किसी भी कंपनी को इस एकीकरण से किस तरह का फायदा होगा।

शेवरॉन भारत में करेगा इंजीनियरिंग केंद्र स्थापित

नई दिल्ली। ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी शेवरॉन भारत में एक अरब डॉलर का इंजीनियरिंग व नवोन्मेष केंद्र स्थापित कर रही है। यह दुनिया में उसका दूसरा सबसे बड़ा केंद्र होगा। कंपनी अपने वैश्विक परिचालन तथा परियोजनाओं के समर्थन के लिए देश की इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी प्रतिभा का उपयोग करना चाहती है। शेवरॉन के भारत में प्रमुख अक्षय साहनी ने यहां 'भारत ऊर्जा सप्ताह' से इतर बताया कि तेल रिफाइनरियों के लिए डिजिटल ट्विन्स विकसित करने और आपूर्ति विश्वसनीयता में सुधार के लिए उन्नत प्रक्रिया निगरानी तक के लिए काम करेगा।

चिंतन

एआई का लोकतंत्रीकरण समूचे विश्व के हित में

विदेश यात्रा

अरविंद जयतिलक

फ्रांस में दो दिवसीय एआई सम्मेलन में भारत ने इस तकनीक के लोकतंत्रीकरण पर जोर दिया। एआई की बढ़ती स्वीकार्यता के बीच इस तकनीक को लेकर भारत की यह सोच विश्व के अधिकांश विकासशील देशों के हित में है। फ्रांस भी एआई को सार्वजनिक हित में लाभकारी बनाने के पक्ष में है। इस तकनीक पर किसी भी देश का एकाधिकार विश्व में वंचित देशों को अहित करेगा। विश्व स्तर पर ज्ञान आधारित खाई बढ़ेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बाजार को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मचे घमासान के दौर में फ्रांस की राजधानी पेरिस में एआई सम्मेलन का वैश्विक महत्व है और इसमें भारत की उपस्थिति के बहुत मायने हैं। एआई सम्मेलन से इतर भारत और फ्रांस के बीच एआई, परमाणु ऊर्जा व इनोवेशन के क्षेत्र में दीर्घावधि साझेदारी पर सहमति बनी है, जिसमें एआई अनुसंधान, नवाचार और डेटा सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों मुल्क एआई के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नीति-निर्माण में सहयोग करेंगे। फ्रांस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त रूप से 'इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026' का आधिकारिक लोगो लॉन्च किया। यह पहल दोनों देशों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। दोनों देश न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में अपने सहयोग बढ़ाएंगे। एडवांस्ड मॉड्यूलर और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर स्थापित करेंगे। यह पहल साफ और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। दोनों देश न्यूक्लियर साइंस और टेक्नोलॉजी में सहयोग करने पर भी सहमत हुए हैं। फ्रांसीसी स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में 10 भारतीय स्टार्टअप की मेजबानी के लिए समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। ये सभी सहयोग समझौते उच्च तकनीकी दक्षता हासिल करने में भारत की मदद करेंगे। पिछले 25 वर्षों में भारत व फ्रांस के बीच एक बहुआयामी संबंध विकसित हुआ है। एआई में चीन की डीपीसीक तकनीक की सनसनी ने हलचल मचा दी है। भारत दस महीने में अपना एआई मंच विकसित करेगा। अमेरिका की कोशिश इस पर बादशाहत की है, जबकि भारत व फ्रांस जैसे उदारवादी लोकतांत्रिक देश तकनीक की पहुंच सब तक सुनिश्चित करने की जमीन तैयार कर रहे हैं। एआई आज के समय में किसी भी देश की बड़ी जरूरत बन गया है। भारत में करीब 70 फीसदी कंपनियां तकनीकी जरूरतों को एआई से जोड़ रही हैं। अगले 2 साल में एआई पर 44 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस दौरान एआई, जनरेटिव एआई और एनालिटिक्स में 1.2 लाख अधिक नौकरियां पैदा होंगी। भारत ने बजट में मिशन एआई के लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। भारत 3 एआई एक्सीलेंस सेंटर बना रहा है। अमेरिका, चीन, ब्रिटेन के साथ भारत मिशन एआई का नेतृत्व कर रहा है। वैश्विक स्तर पर एआई के विकास मॉडल में सामंजस्य, एकरूपता, खतरे को न्यूनतम करने के तरीके आदि का समावेशन जरूरी है। भारत में एआई के विकास व इसके दुरुपयोग पर रोक में अहम भूमिका निभाने की क्षमता है। एआई सम्मेलन में शिरकत से भारत की टेक पावर को ग्लोबल फोरम पर उभरने का अवसर मिला है। भारत ने एआई को केवल कुछ विशेष देशों, संस्थाओं या कंपनियों के उपयोग के लिए सीमित करने के बजाय सबके लिए, विशेष रूप से विकासशील और गरीब देशों के लिए उपलब्ध कराने की वकालत की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

नए क्षितिज पर भारत-फ्रांस संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के साथ-साथ डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

दोनों देशों ने संकल्प व्यक्त किया है कि वे एक फ्रेमवर्क बनाएंगे जिससे कि ऐसा जनरेटिव एआई विकसित हो जो भेदभाव रहित समानता पर आधारित हो। दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एक-दूसरे को सहयोग का भरोसा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के शहर मासेय में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का शुभारंभ किया जिसकी एक अरसे से जरूरत महसूस की जा रही थी। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों के आर्थिक कारोबार को नई ऊंचाई मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन भारतीय सैनिकों की शहादत को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में अब दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक दूसरे का स्वर बनेंगे। गौर करें तो विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौते हुए हैं जिससे दोनों देशों के सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। अभी गत वर्ष ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी कंधा जोड़े हुए हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत के इरादे का समर्थन कर चुके हैं। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में

रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितना मधुर संबंध है, इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। तब उन्होंने कहा था कि विश्व इतिहास में एक दिग्गज, भविष्य में एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला, रणनीतिक साझेदार एक मित्र का स्वागत करने पर उन्हें गर्व है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्कों ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है। दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। फ्रांस आत्मनिर्भर भारत मुहिम का साझीदार बनने के साथ-साथ 2025 तक बीस हजार भारतीय छात्रों को अपने यहां पढ़ाई का सुअवसर उपलब्ध कराने का ऐलान कर चुका है। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एकदूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था।

भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका काई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोला। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक है। दरअसल दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। मसलन हिंद-चीन क्षेत्र की स्वतंत्रता मुद्दे पर जहां भारत दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र की आजादी की बात पर बल देता है, वहीं फ्रांस लगातार औपनिवेशिक स्थिति बनाए रखने का पक्षधर रहा है। दोनों देशों ने मोरक्को, तुनीसिया और अल्जीरिया की उपनिवेशिक स्थिति पर विरोधात्मक विचार प्रकट किए। 1956 में मिस्र द्वारा स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के मुद्दे पर भी भारत ने बहुत सशक्त रूप से फ्रांस व ब्रिटेन के संयुक्त प्रयास का विरोध किया। इस संयुक्त हस्तक्षेप के विरोध में भारत ने मिस्र का साथ दिया। 1958 में डी गॉल के फ्रांस के सत्ता संभालने के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आना शुरू हो गया। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है, वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

वैलेन्टाइन डे

श्वेता गोयल

जब शब्द कम पड़ जाएं तब बोलते हैं गुलाब

वैलेंटाइन दिवस का अवसर हो और फूलों का जिक्र न हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है। अपने दिल की बात यदि आप जुबां से कहने की हिम्मत न जुटा पाएं तो आपका यह काम फूल बेहद आसान कर देते हैं। वैसे भी फूलों के बिना प्यार का इजहार तो अधूरा ही माना जाता है और जब बात फूलों की छिड़े तो फूलों के राजा गुलाब का तो कहना ही क्या! कवियों, शायरों से लेकर प्रेमियों तक की पसंद रहा है गुलाब। यहां तक कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू भी गुलाब के दीवाने थे, जिनकी अचकन में सदैव गुलाब का फूल लगा रहता था। मुगल बेगम नूरजहां को लाल गुलाब बेहद प्रिय था और कहा जाता है कि नूरजहां को खुश करने के लिए उनके शौहर प्रतिदिन कई टन ताजे गुलाब उनके महल भिजवाया करते थे। गुलाब के इत्र का आविष्कार नूरजहां ने ही किया था। वैलेंटाइन डे तो प्रेमियों द्वारा एक-दूसरे को उपहारों के साथ-साथ गुलाब भेंट करने का भी सबसे अच्छा मौका है। दुनियाभर में गुलाब की करीब एक हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। कहने को गुलाब भले ही कई रंगों और रूपों में देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में गुलाब के सभी रूप और रंग प्रेम के इजहार और शांति का प्रतीक हैं और गुलाब के हरेक रंग का अपना अलग ही मतलब है। गुलाब अपनी भाषा में आपकी भावनाओं को दूसरे तक पहुंचाता है। कहीं ऐसा न हो कि गुलाब के माध्यम से आप अपने प्रेमी अथवा प्रेमिका को जो संदेश देना चाहते हैं, गलत रंग के फूल के चुनाव से वह संदेश गलत अर्थ में आपके साथी तक पहुंचे, इसलिए यदि आप किसी को गुलाब दे रहे हैं तो अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले आपके लिए यह जान लेना बहुत जरूरी है कि आपकी भावनाओं के हिसाब से किस रंग के गुलाब का चयन सबसे बेहतर रहेगा। आइए जानें विभिन्न रंगों के गुलाब के फूलों की भाषा। वैलेंटाइन डे पर लाल गुलाब का चलन सर्वाधिक होता है। सुर्ख लाल गुलाब अजर-अमर प्रेम तथा पैशन का प्रतीक है और इसका उपयोग प्रेम का इजहार करने के लिए ही किया जाता है। किसी के लिए आपके दिल में कितना प्यार है, यह लाल गुलाब से बेहतर भला और कौन व्यक्त कर सकता है। यदि साथी लाल गुलाब को स्वीकार कर लेता है तो इसका अर्थ है कि उसे आपका प्रेम प्रस्ताव स्वीकार है। यदि आप किसी को बेइंतहा प्यार करते हैं और चाहते हैं कि वह आपके इस प्यार को आसानी से समझ सके तो उसे प्यार की निशानी के तौर पर लाल रंग का गुलाब भेंट कर सकते हैं, जो आपके प्यार का इजहार करने में आपकी मदद करेगा। गुलाबी गुलाब सौम्यता, मित्रता और दिल की धड़कन का प्रतीक है। वैलेंटाइन डे पर गुलाबी गुलाब देने का अर्थ है कि दिल की धड़कन अब सिर्फ और सिर्फ तुम्हारे लिए ही धड़क रही है। किसी दोस्त को आप अपने साथ का अहसास कराना चाहते हैं तो हल्के गुलाबी रंग का गुलाब उस अहसास को उस तक पहुंचाने का कार्य करेगा। सफेद गुलाब गोपनीयता, मासूमियत, मौन, पवित्रता तथा सच्चे, निर्मल और आध्यात्मिक प्रेम का प्रतीक है। सफेद गुलाब सच्चे प्रेम और मस्तिष्क की शुद्धता को दर्शाता है। यह शांति और स्वच्छता का प्रतीक भी माना जाता है। यदि आप किसी से माफी मांगने के लिए उसे कुछ देना चाहते हैं तो सफेद गुलाब भेंट कर सकते हैं। पीला गुलाब सामाजिकता और मित्रता का प्रतीक है। दरअसल पीले रंग का गुलाब मित्रता की निशानी माना जाता है और कहा जाता है कि प्यार की शुरूआत हमेशा मित्रता से ही होती है। काला गुलाब बिछुड़ते दिलों के लिए है और विदाई का प्रतीक है। यदि कोई जबरदस्ती आपके पीछे पड़ा है और आप उससे प्यार नहीं करते या किसी के साथ प्रेम संबंधों को जारी रखना अब आपके लिए संभव नहीं हो पा रहा तो जुबां से कुछ कहने के बजाय प्रेमपूर्वक उसे काला गुलाब दे दें, आपका काम हो जाएगा। बैंगनी गुलाब पहली नजर के प्यार का इजहार करने के लिए परफेक्ट माना जाता है। गहरा बरगंडी गुलाब अचेत सुंदरता का प्रतीक है। नारंगी गुलाब भावनाओं, आकर्षण और अनंत प्यार का प्रतीक है। नारंगी गुलाब हमारी इच्छा को बताने का कार्य करता है। लाल-सफेद गुलाब दोनों एक साथ देना एकता का प्रतीक है जबकि लाल-पीला गुलाब खुशी की भावनाओं का इजहार करते हैं। सफेद गुलाब की बंद कली देने का अर्थ है कि अभी आप मेरे प्यार के लिए बहुत छोटे हैं जबकि गुलाब का एक फूल सीधेपन का प्रतीक है। गुलाब की कलियां संदेश देती हैं कि आप युवा और बहुत सुंदर हैं जबकि खिले गुलाब के साथ रखी दो कलियां सुरक्षा के आश्वासन की प्रतीक हैं और कांटेरहित गुलाब की डंडी पहली नजर के प्रेम की प्रतीक है।

((लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक

संकलित

दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है। जब आपके पास एक बड़ा लक्ष्य होता है, जिस पर आप काम कर रहे होते हैं।

मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए

संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

सटाका

आज की पाती

जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है परीक्षा

हर वर्ष परीक्षा के मौसम में एक ही कहानी दोहराई जाती है। छात्रों पर असीमित दबाव, माता-पिता की बढ़ती चिंताएं, और समाज की अपेक्षाएं। लेकिन क्या हम कभी सोचते हैं कि इस दबाव का हमारी युवा पीढ़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है? क्या परीक्षा वाकई इतनी महत्वपूर्ण है कि हम अपने बच्चों का बचपन और उनकी खुशियां दांव पर लगा दें? इसी संदर्भ में परीक्षा के मौसम में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों से संवाद किया, जिसमें उन्होंने परीक्षा के दबाव से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कई छात्र अच्छे अंक प्राप्त करने के दबाव में अत्यधिक तनाव महसूस करते हैं। परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह सीखने का एक माध्यम है। यह जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है। - *अजय चौबे, भिलाई*

करंट अफेयर

पॉल कपूर दक्षिण एशियाई मामलों के राजनयिक बने

दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने जनवरी में पुष्टि की थी कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों का ब्यूरो अमेरिका की विदेश नीति और अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिज़स्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ अमेरिकी संबंधों से जुड़े मामलों को देखता है। भारतीय मूल के कपूर वर्तमान में 'यूनाइटेड स्टेट्स नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल' के राष्ट्रीय सुरक्षा मामला विभाग में प्रोफेसर हैं। उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के नीति नियोजन कर्मचारी के रूप में सेवाएं दी। इस विभाग में कपूर दक्षिण और मध्य एशिया, हिंद-प्रशांत रणनीति और अमेरिका-भारत संबंधों से जुड़े मामलों पर काम कर चुके हैं।

ऑफ बीट

भोजन आपकी आंत से कितनी तेजी से गुजरता है

हममें से कई लोग खाये जाने वाले खाद्य पदार्थों पर ध्यान देते हैं और स्वयं से पूछते हैं कि क्या वे हमारे लिए पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक हैं। लेकिन क्या आपने कभी स्वयं से यह पूछा है कि यह भोजन आपके पेट से कितनी तेजी से गुजर रहा है? इस सवाल का जवाब वाकई बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भोजन जिस गति से आपके पाचन तंत्र से गुजरता है, उसका असर आपके स्वास्थ्य और सेहत पर कई तरह से पड़ता है। एक बार जब आप अपना भोजन चबाकर निगल लेते हैं, तो यह भोजन जठरांत्र मार्ग से होकर अपनी यात्रा शुरू करता है - एक लंबा और घुमावदार मार्ग जो मुंह से शुरू होकर गुदा पर समाप्त होता है। रास्ते में, यह विशेष अंगों तक पहुंचता है, जो उसे पचाते हैं (पेट), पोषक तत्वों को अवशोषित करते हैं (छोटी आंत) और पानी और लवणों को अवशोषित करते हैं (बड़ी आंत)। भोजन के पाचन तंत्र के माध्यम से गुजरने को आंत की गतिशीलता के रूप में जाना जाता है। यह प्रक्रिया आंशिक रूप से हमारे आंत में मौजूद खरबों बैक्टीरिया द्वारा नियंत्रित होती है। आंत माइक्रोबायोम बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये बैक्टीरिया हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को विकसित करने और भोजन विघटित करने में मदद करते हैं।

ट्रेंड

विनम्र श्रद्धांजलि

भारत कोकिला', स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल सरोजिनी नायडू जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदान हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

भाजपा की कथनी

भाजपा नेता यह क्यों भूल जाते हैं कि 1989 में जब वीपी सिंह की सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू किया तब इसके विरोध में भाजपा ने उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था तथा वीपी सिंह की सरकार को गिरा दिया था।'

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

आध्यात्मिकता का मिलन

यह आध्यात्मिकता का शांति से मिलन का एक दिव्य अनुभव था, जब मैं हरिद्वार में मां गंगा के तट पर खड़ी थी, जब मैंने उनकी पूजा की तो उनकी शांत ऊर्जा मेरे अंदर प्रवाहित हो रही थी। वह हमारे प्राचीन इतिहास का प्रमाण है। हर हर गंगे!

-पीटी उषा, पूर्व धाविका

ध्यान भटकाने को नया बिल

कई लाख करोड़ के बजट के बाद भी जनता के चेहरे पर आई मायूसी से ध्यान हटाने के लिए, अब ला रहे हैं नया बिल सबका ध्यान भटकाने के लिए। बाक़ी जनता समझदार है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

शर्मा की पुण्यतिथि पर स्मरण कार्यक्रम आज

भोपाल। पिछली सदी के छठे दशक में भिंड जिले में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षाविद की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम की शुरूआत 14 फरवरी होगी। इस दौरान गौरी सरोवर के तट पर पुण्यतिथि पर स्मरण कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके चलते गुरुवार को वृद्धाश्रम में भोजन तथा शासकीय चिकित्सालय में फल वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्व श्री शर्मा ने भिंड में अनेक शिक्षण संस्थाओं की स्थापना की थी। उनका योगदान अतुल्यनीय था।

आचार्य का देवलोक गमन अपूरणीय क्षति

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र कुमार दास महाराज के देवलोक गमन पर शोक प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परम रामभक्त का निधन अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है, उनके मंगलकारी विचार और भक्तिमय व्यक्तित्व समस्त सनातन जगत को धर्म और मानव कल्याण के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोक संतप्त शिष्यों और अनुयायियों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

सेवानिवृत्त एसीएस मिश्रा आयोग के सदस्य बने

भोपाल। राज्य शासन ने सेवानिवृत्त एसीएस एसएन मिश्रा को मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। इससे पहले इस पद पर सेवानिवृत्त आईएएस मनोज श्रीवास्तव पदस्थ थे, किंतु सरकार ने कुछ समय पहले उन्हें राज्य निर्वाचन आयोग में अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। इसके बाद से यह पद रिक्त हो गया। अब मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें पुनर्गठन आयोग की जिम्मेदारी सौंपी है।

श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना ने कोयला अनलोडिंग करने का कीर्तिमान रचा, तीन माह में रिकॉर्ड 531 कोल रैक बिना डेमरेज चुकाए हुए अनलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (खंडवा) में कोल रैक से कोयला अनलोडिंग करने का नया कीर्तिमान रचा गया। कोयले की सतत उपलब्धता के लिए समय से रैक खाली किए जाने का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में कोल हस्तांतरण विभाग (सीएचपी)-1 व 2 में 9 दिसंबर 2024 से 11 फरवरी 2025 की अवधि में कुल 531 कोल रैक को रेलवे की निर्धारित अवधि में अनलोड किया गया।

यह तीन माह की अवधि में अभी तक का अधिकतम कोल रैक बिना डेमरेज चार्ज के खाली करने का रिकार्ड है। इससे पूर्व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह में वर्ष 2023 में 22 जनवरी 2023 से 4 अप्रैल 2023 की अवधि में कुल 505 कोल रैक डेमरेज का भुगतान किए बिना अनलोड किए गए थे। निर्धारित समय से कम समय में रैक खाली होने से रेलवे को कोल परिवहन के लिए रैक उपलब्धता बढ़ जाती है। परियोजना के अभियंताओं के कार्मिकों के प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है।

पांच घंटे प्रति रैक को अनलोड करना जरूरी

रेलवे ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के लिए पांच घंटे प्रति रैक का समय निर्धारित है। निर्धारित समय से ज्यादा समय लगने पर रेलवे ने 9 हजार रुपए प्रति घंटे के हिसाब से विलंब शुल्क (डेमरेज चार्ज) अधिरोपित किया जाता है। कोल रैक आने पर इन्हें समयावधि में खाली करना जटिल कार्य है। इस कार्य को सफलतापूर्वक करने के लिए संपूर्ण प्रणाली व उपकरणों की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करनी होती है।

कैसे अनलोड हुए कोल रैक

श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के कोल हस्तांतरण विभाग (सीएचपी) ने सुनियोजित तरीके से कार्य करते हुए दिसंबर 2024 में कुल 185 रैक, जनवरी 2025 में 252 रैक व फरवरी 2025 में 11 तारीख तक कुल 94 रैक अनलोड किए गए। कोल टैक अनलोडिंग की कीर्तिमान रचने वाली उपलब्धि को हासिल करने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना डोंगलिया के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में भविष्य में इसी प्रकार के उत्कृष्ट कार्य क्रियान्वित होने के साथ नए कीर्तिमान स्थापित होंगे।

मुख्यमंत्री ने जीआईएस भोपाल के लिए उद्योगपतियों को दिया आमंत्रण

नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में कहा

मप्र में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद है। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं।

मुख्यमंत्री ने 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में झीलों, पहाड़ों और वन संपदा से युक्त सुंदर भोपाल शहर में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मप्र में अधिक से अधिक निवेश करें और इन तारीखों को अविस्मरणीय बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के चमत्कारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था के बाद अब तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

दो इंटरैक्टिव राउंड टेबल बैठकें हुईं

कर्टन रेजर कार्यक्रम में दिल्ली में दो इंटरैक्टिव राउंड टेबल मीटिंग हुई। पहली इंटरैक्टिव राउंड टेबल प्रमुख दूरसंचार कंपनियों के साथ हुई, जिसमें भारत में दूरसंचार के भविष्य और मप्र में निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य सचिव ने की। डीपीआईआईपी के प्रमुख सचिव ने प्रस्तावित टेलीकॉम पार्क की जानकारी दी, जो राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

अनेक देशों ने दिखाई मप्र में निवेश की रुचि

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के कर्टन-रेजर कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूतों ने मप्र को संभावनाओं से भरपूर निवेश गंतव्य बताते हुए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई। ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ने शिक्षा, कृषि और कौशल विकास में सहयोग को प्राथमिकता देने की बात कही, जबकि मैक्सिको के राजदूत ने प्रदेश की नीतियों की सराहना करते हुए निवेश संभावनाओं पर सकारात्मक रुख प्रकट किया। अलबानिया के राजदूत ने शहरी नियोजन के क्षेत्र में अपनी रुचि व्यक्त की, वहीं जिम्बाब्वे के राजदूत ने कृषि क्षेत्र में साझेदारी को लेकर उत्साह दिखाया। स्लोवेनिया के राजदूत ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

दूसरी इंटरैक्टिव राउंड टेबल प्रमुख राजदूतों और राजनयिकों के साथ हुई

दूसरी इंटरैक्टिव राउंड टेबल प्रमुख राजदूतों और राजनयिकों के साथ हुई। इसमें जीआईएस-2025 की रणनीतिक रूपरेखा प्रस्तुत कर अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों से अवगत कराया गया। मप्र की व्यापक औद्योगिक क्षमता, निवेश अनुकूल नीतियां और सुदृढ़ अधोसंरचना को प्रस्तुत किया गया। बैठक में 40 देशों के 51 राजनयिक और व्यापारिक प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें 13 राजदूत, 4 उच्चायुक्त, 5 चार्ज द' अफेयर, 3 डिप्टी हेड्स, 6 काउंसलर, 4 प्रथम सचिव, 2 द्वितीय सचिव, और 5 आर्थिक एवं व्यापारिक विशेषज्ञ शामिल थे।

यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और जापान जैसे विकसित राष्ट्र पार्टनर कंट्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और जापान जैसे विकसित राष्ट्र पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल हो रहे हैं। यह वैश्विक प्रतिनिधित्व मप्र में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश के बढ़ते अवसरों को दर्शाता है। यहां निवेश के भरपूर संभावनाएं है।

सीएम हैं डायनेमिक एवं इंडस्ट्री फ्रेंडली

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मप्र के मुख्यमंत्री डायनेमिक और इंडस्ट्री फ्रेंडली है। उनका मानना है कि विकास समन्वित और चहुंमुखी होना चाहिए। मुख्यमंत्री की इसी विचार के कारण मप्र में 7वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पहली बार भोपाल में आयोजित होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने देश के प्रमुख शहरों के साथ ही यूके, जर्मनी और जापान जाकर निवेशकों को मप्र के विकास में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया।

नर्मदा जीवन रेखा, उसका संवर्धन और संरक्षण जरूरी

रेत नर्मदा और जल का आभूषण अवैध उत्खनन पसंद नहीं: चौधरी

नर्मदा लोक, नर्मदा पथ बने, गंदे नालों का मिलना बंद हो

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

दो प्रदेशों मप्र और गुजरात की जीवन रेखा नर्मदा नदी के अवैध उत्खनन का मुद्दा उठाने वाले नर्मदापुरम के भाजपा सांसद चौधरी दर्शन सिंह ने कहा है कि रेत नर्मदा ही नहीं, किसी भी नदी और उसके जल के लिए आभूषण की तरह है।

रेत के कारण ही जल संरक्षित है। इसलिए नर्मदा के संरक्षण और सवंर्धन के लिए जरूरी है कि रेत का अवैध उत्खनन न हो। उन्होंने कहा कि हम इसके खिलाफ हैं। चौधरी सिंह हरिभूमि से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नर्मदा हमारी जीवन रेखा है, इसलिए इसका संवर्धन और संरक्षण जरूरी है।

अवैध उत्खनन पर नहीं की ज्यादा बात

सांसद चौधरी सिंह से जैसे ही पूछा गया कि मप्र और गुजरात में लंबे समय से भाजपा की सरकारें हैं, फिर भी रेत का अवैध उत्खनन नहीं रुका। इसका जवाब देने की बजाय उन्होंने कहा आपको आवाज आ रही होगी, मैं एक कार्यक्रम में हूं, इसके बाद बात करता हूं।

गंदे नालों का शामिल होना बंद हो

चौधरी दर्शन सिंह ने कहा कि नर्मदा से रेत के अवैध उत्खनन के साथ इसमें मिलने वाले गंदे नाले भी बंद किए जाएं। उन्होंने कहा कि नर्मदा के संवर्धन के लिए जरूरी है कि नर्मदा लोक और नर्मदा पथ का निर्माण हो। हालांकि उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नर्मदा से धार्मिक आस्था तो जुड़ी ही है, यह भारतीय संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है।

निकाय चुनाव के दौरान 34 हजार लीटर अवैध शराब जब्त रायपुर-बिलासपुर समेत कई जिलों में एक्शन

छत्तीसगढ़ में 12 दिन में 2.25 करोड़ की अवैध शराब पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के दौरान 1 से 12 फरवरी तक 2.25 करोड़ की अवैध शराब पकड़ी गई है। आबकारी विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव और कवर्धा समेत कई जिलों में कार्रवाई की है। 34 हजार लीटर शराब दूसरे राज्यों से लाई गई थी। दरअसल, निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आबकारी विभाग की टीम लगातार एक्शन ले रही है। आयुक्त आर संगीता ने अवैध शराब की बिक्री, परिवहन पर रोक लगाने के लिए सभी संभाग और जिलों के अधिकारियों को चेकिंग प्वाइंट लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बिलासपुर में 1 करोड़ से अधिक की अंग्रेजी शराब पकड़ाई

10 फरवरी को बिलासपुर में निकाय चुनाव के बीच एक करोड़ रुपए की अंग्रेजी शराब पकड़ी गई। कंटेनर के अंदर से एक हजार पेटी शराब बरामद की गई है। इस शराब को गोवा से भूटान के लिए फर्जी परमिट पर भेजा जा रहा था। ड्राइवर शिव कुमार सैना और डिलीवरी मैन रवि शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया है। कंटेनर से 1000 पेटी विदेशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग, स्टेट और डिविजनल टीम के साथ एक्शन लिया।

कबीरधाम में 25 लाख रुपए की शराब जब्त

कबीरधाम के आबकारी विभाग ने बुधवार को चिल्फी घाटी के पास से अवैध शराब जब्त की। यह शराब मध्यप्रदेश से लाई गई थी। आरोपी राजवीर सिंह जो शिवपुरी (मप्र) का रहने वाला है। उसकी गाड़ी से नॉन ड्यूटी पेड (जिस पर गवर्नमेंट की ओर से टैक्स नहीं लगी हो) 330 पेटी देशी शराब और ड्यूटी पेड 200 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। आबकारी विभाग ने देशी और विदेशी मिलाकर कुल 4770 लीटर अवैध शराब जब्त की है। जिसकी कीमत 25 लाख रुपए है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

महिला बाल विकास विभाग ने परिजनों को समझाया

जांजगीर-चांपा में 5 नाबालिग लड़कियों की शादी रुकवाई, परिजन भी मान गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा जिले में 5 नाबालिग लड़कियों के बाल विवाह को रुकवाया गया है। नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अवरीद में महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए शादी रुकवाई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेंद्र सिंह जायसवाल के मुताबिक, पांच लड़कियों की शादी इसी महीने होनी थी। सभी लड़कियों की अंक सूची की जांच में उनकी उम्र विवाह योग्य आयु से कम पाई गई। जिसके बाद कार्रवाई की गई।

कलेक्टर आकाश छिकारा और महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी अनीता अग्रवाल के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि तीन लड़कियों की शादी 18, 19 और 21 फरवरी तथा दो की शादी दिसंबर 2025 में होनी थी। सभी लड़कियों की उम्र विवाह योग्य आयु से कम पाई गई। अधिकारियों ने परिवारों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि इससे न केवल लड़कियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह कानूनी अपराध भी है, जिसमें जेल और जुर्माने का प्रावधान है। विवाह में शामिल होने वाले मेहमानों को भी सजा हो सकती है।

समझाइश के बाद सभी परिवारों ने लड़कियों की शादी रोकने की सहमति दी और लिखित वचन दिया कि वे लड़कियों की शादी 18 साल की आयु पूरी होने के बाद ही करेंगे। गवाहों की मौजूदगी में इस आशय का घोषणा पत्र और राजीनामा भी तैयार किया गया। बता दें कि जिला प्रशासन ने पिछले कुछ दिनों में कुल 14 बाल विवाहों को रोकने में सफलता प्राप्त की है। सूचना पर टीम ने तुरंत कार्रवाई की।

रिपोर्ट आने के 70 दिन बाद भी एक्शन नहीं

दो लाख पुस्तकें रद्दी में बेची... डिपो से निकाली गई और कबाड़ पहुंच गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के सिलयारी में रद्दी में 2 लाख किताब बेचने के मामले में दोषी अफसरों पर मामले की जांच रिपोर्ट आने के 70 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले की जांच रिपोर्ट 3 दिसंबर को आ गई थी। इसमें उन्होंने धमतरी, सूरजपुर, जशपुर और राजनांदगांव के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और पाठ्य पुस्तक निगम के डिपो कर्मियों को दोषी पाया है।

1045 पेज की इस रिपोर्ट में दो आईएएस अफसर सहित 34 लोगों के बयान लिए गए। इसमें यह साफ पाया गया कि दो लाख सरकारी किताबों को रद्दी के भाव में बेचा गया। इसमें एक लाख किताबें 2024-25 सत्र की हैं, बाकी 2014 से 2023 के बीच की हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की मांग पर किताबें डिपो से निकलीं। फिर कबाड़ी की दुकान पर गईं।

गाड़ियों को रास्ता बदलकर जाते हुए पकड़ा गया, डीपीआई में रिपोर्ट दबा दी गई

ट्रकों को ट्रेस करने के लिए रेणु पिल्ले ने जीएसटी की मदद भी ली। इसमें गाड़ियों को रास्ता बदलकर जाते हुए पकड़ा गया। पिल्ले ने कबाड़ियों, ट्रांसपोर्टर और पेपर मिल मालिक पर भी एफआईआर की सिफारिश की है, लेकिन डीपीआई में रिपोर्ट दबा दी गई और अफसरों पर कार्रवाई नहीं हुई। जांच में पाया गया कि 35 दिन में पेपर मिल तक 80 टन किताबें पहुंचाई गईं। इस पर रियल बोर्ड एंड पेपर मिल के मालिक महेश पटेल और विनोद रूढानी ने जांच समिति को बताया कि उनके पास हर साल निगम की किताबें आती हैं। लेकिन हम सत्र नहीं देखते। हमने नहीं देखा कि 2024-25 की किताबें आई हैं।

पहले निजी अस्पतालों में होती थी, अब सरकारी अस्पताल में भी मिलेगी सुविधा

मरीज की एलएडी इंट्रामस्कुलर थी, जिसकी ग्राफ्टिंग करना बेहद जटिल था सर्जरी के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ

आंबेडकर अस्पताल में पहली बाईपास सर्जरी 72 साल के हार्ट पेशेंट को मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के आंबेडकर अस्पताल में हार्ट की पहली कोरोनरी बाईपास सर्जरी की गई है। इससे पहले ओपन हार्ट सर्जरी से ही इलाज होता था, लेकिन अब मरीजों को कोरोनरी बाईपास सर्जरी से इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है।

मेकाहारा में यह पहली सर्जरी 72 साल के मरीज की हुई है। हार्ट की बाईपास सर्जरी के लिए मरीज अब तक बड़े निजी अस्पतालों के ही भरोसे थे, लेकिन अब सरकारी अस्पताल में भी ये सर्जरी हो सकेगी।

आंबेडकर अस्पताल में अब तक 220 से ज्यादा हार्ट सर्जरी

आंबेडकर अस्पताल में पहले भी 220 से अधिक हार्ट सर्जरी हो चुकी हैं। अब तक 1,550 से अधिक हार्ट, चेस्ट, लंग्स और ब्लड वेसल्स की सर्जरी की जा चुकी हैं। लेकिन यह पहली बार है जब यहां कोरोनरी बाईपास सर्जरी की गई, जो कि छत्तीसगढ़ के सरकारी चिकित्सा संस्थानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। कई मरीजों को सुविधा मिलेगी।

72 साल मरीज की जटिल हार्ट सर्जरी रही सफल

हार्ट सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. कृष्णकांत साहू ने बताया कि दुर्ग जिले के रहने वाले 72 वर्षीय मरीज, जो रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी हैं, उन्हें कुछ समय पहले हार्ट अटैक आया था। जांच में पता चला कि उनके हार्ट की मुख्य नस (लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी) में 65% ब्लॉकेज था और तीन अन्य नसों में 90-95% तक अवरोध था। मरीज का हृदय केवल 35-40% ही काम कर रहा था।

बड़ा खतरा था

डॉ. कृष्णकांत साहू और उनकी टीम ने यह ऑपरेशन किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लेफ्ट इंटरनल मेमेरी आर्टरी और सैफेनस वेन का प्रयोग कर ब्लॉकेज को बाईपास किया गया। यह सर्जरी इसलिए भी चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि मरीज की एलएडी इंट्रामस्कुलर थी, जिसकी ग्राफ्टिंग करना बेहद जटिल था। सर्जरी के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और सर्जरी के बाद चलने भी लगा है। जल्द ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

यह होती है कोरोनरी बाईपास सर्जरी

कोरोनरी बाईपास सर्जरी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हार्ट की ब्लॉक हुई नसों को बाईपास कर रक्त प्रवाह को सुचारु किया जाता है। यह तब किया जाता है जब हार्ट की धमनियों में कोरोनरी आर्टरी डिजीज के कारण गंभीर ब्लॉकेज हो जाता है, जिससे हार्ट को पर्याप्त ऑक्सीजन और ब्लड सप्लाई नहीं मिल पाती।

कलेक्टर ने केंद्र अध्यक्षों को दिए निर्देश

बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने की तैयारी, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर कलेक्टर आकाश छिकारा ने महत्वपूर्ण बैठक ली। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित बैठक में सभी परीक्षा केंद्र अध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मार्च के पहले सप्ताह में होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारियों पर जोर दिया गया।

कलेक्टर छिकारा ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में छात्रों को समय पर उत्तर पुस्तिका और प्रश्न पत्र का वितरण सुनिश्चित किया जाए। नकल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ ही परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण माहौल रखा जाए। केंद्र अध्यक्षों को क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखने और परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।



27 मार्च को रिलीज होगी 'अंदाज अपना-अपना'

मुंबई। सलमान खान और आमिर खान की फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' का टीजर रिलीज हो चुका है। जारी हुए टीजर के मुताबिक फिल्म 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म पहली बार 1994 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' से कॉमेडी का शानदार डोज फैंस को देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म के टीजर में अभिनेताओं की वही मस्ती देखने को मिल रही है। फिल्म को देखने के लिए फैंस में बहुत उत्साह है। रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, आमिर खान और सलमान खान की फिल्म को 4के में रिस्टोर और रिमास्टर कर दिया है। साथ ही, इसका साउंड भी डॉल्बी 5.1 में अपग्रेड किया गया है। इससे दर्शकों को एक नया और बेहतरीन सिनेमाई अनुभव मिलेगा।

लाइफ Style

रकुल

कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है, लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।

रकुल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया- आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है, लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है। कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है। रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही कॅरियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म 'यारियां' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले 'पति पत्नी और वो', 'हैप्पी भाग जाएगी' और 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह 'दे दे प्यार दे 2', 'इंडियन 3' जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।



हॉलीवुड मसाला

'हाउ टू ट्रेन...' का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। लाइव-एक्शन फिल्म 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' का ट्रेलर जारी हो गया है। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया। यह लाइव-एक्शन फीचर ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की इसी नाम की हिट एनिमेटेड फिल्म का रीमेक है, जो 2010 में रिलीज हुई थी। लेखक-निर्देशक डीन डेब्लॉइस की नई हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन में मेसन थेम्स हिकप और निको पार्कर एस्ट्रिड की भूमिका में हैं। नए हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन ट्रेलर में हिकप ने टूथलेस के साथ अपने बंधन का खुलासा किया है।



'रेड हल्क' की भूमिका में आएंगे नजर ...

लॉस एंजिल्स। हैरिसन फोर्ड 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में रेड हल्क की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में रॉस को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले 100 दिनों में कैप्टन अमेरिका (एंथनी मैकी) के साथ मिलकर काम करते हुए देखा गया, साथ ही अपनी बेटी के साथ सुलह करने और उसे यह दिखाने का प्रयास भी किया कि वह बदल गए हैं। इस बीच, वह एक बड़ा, लाल रहस्य छिपा रहे हैं, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फोर्ड ने अपने किरदार को लेकर कहा कि यह एक ऐसा किरदार है, जो एक शानदार अभिनेता के काम पर आधारित है। उन्होंने कहा, 'जहां तक मेरा सवाल है, यह मेरे लिए एक बोनस है।' फोर्ड ने आगे कहा, 'मार्वल यूनिवर्स के नियमों के तहत किसी तरह एक अभिनेता का दूसरे अभिनेता की जगह लेना ठीक है।

पहली फ्लाइट यात्रा से डरीं मोनालिसा

नई दिल्ली। मोनालिसा कुंभ मेले में माला बेचकर इतनी मशहूर हुईं कि वे आज किसी स्टार से कम पॉपुलर नहीं हैं। वे फिल्म में काम कर रही हैं। उन्हें बड़े-बड़े इवेंट में शामिल होने के मौके मिल रहे हैं। मोनालिसा को केरल में एक इवेंट में शामिल होने के लिए मोटी फीस मिली हैं। उन्होंने बॉलीवुड के फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ पहली फ्लाइट यात्रा की। वे पहली बार 7 स्टार होटल में रुक रही हैं। वे झोपड़पट्टी से सीधा 7 स्टार होटल में रात गुजारेंगी और डिनर करेंगी। फ्लाइट से पहले उनका ब्लड टेस्ट हुआ, ताकि जान सकें कि वे कहीं डरी हुई तो नहीं हैं। वे फ्लाइट यात्रा से पहले काफी डरी हुई थीं। उन्हें विदा करने के लिए उनके घरवाले एयरपोर्ट के बाहर इकट्ठा हुए। वे मोनालिसा से बिछड़ने पर काफी रो रहे थे। उन्हें एक ब्रांड के इवेंट में शामिल होने के लिए केरल पहुंचना हैं।

शिलांग कॉन्सर्ट में पत्नी संग जॉन

मुंबई। गायक एड शिरीन ने शिलांग में 12 फरवरी को अपने इंडिया टूर के दौरान कॉन्सर्ट में परफॉर्म किया। यह कॉन्सर्ट पोलो के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। जॉन अब्राहम और उनकी पत्नी प्रिया रुंचल भी इस कॉन्सर्ट में पहुंचीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह तस्वीर साझा की है। प्रिया रुंचल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एड शिरीन के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीर के साथ कुछ वीडियो भी साझा किए गए हैं। प्रिया रुंचल की पहली तस्वीर में एड शिरीन और जॉन इब्राहम नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ जॉन और उनकी पत्नी नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के बच्चों के साथ भी तस्वीरें शेयर की हैं। जॉन अब्राहम अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' में 7 मार्च को नजर आने वाले हैं।

टीवी मसाला

वैलेंटाइस डे पर क्या है सितारों की खास तैयारी!

मुंबई। वैलेंटाइस डे हमारे लिए अपने प्रियजनों के साथ प्यार का जश्न मनाने और खूबसूरत यादें संजोने का एक बेहद खास मौका लेकर आता है। चाहे कोई बड़ा जश्न हो या छोटी-छोटी खुशियां, यह दिन अपनों के लिए प्यार और आभार जताने का होता है। सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) सहित एंड टीवी के कलाकारों ने भी इस प्यार भरे दिन पर अपने जीवनसाथी के लिए कुछ सरप्राइजेज की योजना बनाई है, ताकि इसे यादगार तरीके से मनाया जा सके। सपना सिकरवार, जो कि एंड टीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का किरदार अदा कर रही हैं, ने बताया, वैलेंटाइस डे हर रूप में प्यार का जश्न मनाने का दिन है। मेरे पति और मेरे बीच काफी गहरा लगाव है, और हर साल हम एक-दूसरे को सरप्राइज देना नहीं भूलते। इस बार मैंने हमारी पहली डेट को रिक्रिएट करने की योजना बनाई है- जिसमें वही कैफ्रे, वही पसंदीदा डिशेज, और वही खूबसूरत एहसास शामिल होंगे। इसके अलावा, मैंने एक स्क्रैपबुक भी तैयार की है, जिसमें हमारी जिंदगी के यागदार लम्हों की तस्वीरें और खास पलों के नोट्स हैं। प्यार का असली मतलब ही एक-दूसरे को खास महसूस कराना है, और छोटे-छोटे लेकिन दिल से जताए गए आभार बहुत मायने रखते हैं। आप सभी को वैलेंटाइस डे की ढेरों शुभकामनाएं!

बिपाशा की नई चाल सबको करेगी हैरान

नई दिल्ली। स्टार प्लस के सीरियल झनक में अब नया ट्विस्ट आने वाला है। बोस परिवार में बिपाशा अपने पति लाल के साथ मिलकर कोई प्लान तैयार कर रही है। इस प्लान के निशाने पर लालॉन और झनक हैं। बिपाशा कुछ ऐसी चाल चलने की कोशिश कर रही है जिससे बोस परिवार के सभी लोग लालॉन और झनक से नफरत करने के लिए है। वहीं, झनक नई मुसीबत में फंस गई है। अभी अनिरुद्ध और विहान दोनों की झनक की नई मुसीबत से अनजान हैं। झनक को जो लोग बस में मिले थे, उन लोगों ने झनक को बेच दिया है। झनक को जैसे ही इस सच्चाई का पता चलेगा वो हैरान रह जाएगी। सच्चाई पता चलते ही वो वहां से भागने की कोशिश करेगी। हालांकि, झनक वहां से भाग नहीं पाएगी। उसे रोक लिया जाएगा। उसपर तैयार होने के लिए दबाव बनाया जाता है। झनक जब तैयार होने जाएगी तो उसे एक लड़की मिलेगी। वो उससे कहेगी कि एक बार जो यहां आ जाता है, वो कभी वापस नहीं जा पाता। झनक ये सुनने के बाद और परेशान हो जाएगी। फिर वो लड़की झनक से पूछेगी कि क्या वो यहां से भागना चाहती है? वो लड़की झनक से कहेगी कि अगर वो यहां से भाग भी जाएगी तो कोई ना कोई उसके पीछा जरूर करेगा।

'उतरन' की तपस्या से मिली पहचान...

मुंबई। टीवी धारावाहिक 'उतरन' की तपस्या यानी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने 13 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। रश्मि देसाई ने इससे पहले भोजपुरी फिल्मों में भी काफी काम किया, हालांकि उन्हें प्रसिद्धी अपने इसी टीवी धारावाहिक से मिली। अभिनेत्री का नाम दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जुड़ चुका है। 'दिल से दिल तक' के सेट पर उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से हुई थी। इस शो के दौरान दोनों नजदीक आ गए थे। हालांकि, निजी कारणों से उनके बीच विवाद हुए और दोनों के रास्ते जुदा हो गए। रश्मि देसाई अपनी लव लाइफ में काफी अनलकी रही हैं। उन्होंने साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वे अभी भी सही जीवनसाथी की तलाश कर रही हैं। रश्मि बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। इसके अलावा उन्होंने खतरों के खिलाड़ी 6 में हिस्सा लिया था। रश्मि देसाई हिट शोज में काम करने की पूरी कोशिश कर रही थीं, हालांकि पैसों की तंगी के कारण इससे पहले रश्मि देसाई बी ग्रेड फिल्मों में भी काम किया। वे कई सारी भोजपुरी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं। रश्मि पहली बार साल 2002 में 'कन्यादान' नामक असम फिल्म में नजर आईं थीं।

अधूरे प्यार की कहानी बयां करती हैं ये फिल्में

नई दिल्ली। वैलेंटाइन वीक के मौके पर हम आपको बॉलीवुड की उन रोमांटिक फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका अंत काफी दुखी करने वाला है। बॉलीवुड में कई ऐसी रोमांटिक फिल्में बनी हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिल को झकझोर कर रख दिया, क्योंकि इनका अंत काफी दुखद हुआ। इन फिल्मों में रोमांस, कॉमेडी सबकुछ रहा, लेकिन अंत में इसके एंड ने सभी की आंखें नम कर दी।

सनम तेरी कसम : साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सनम तेरी कसम' इस साल दोबारा रिलीज हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस से पिछली बार से भी ज्यादा अच्छा कलेक्शन कर रही है। इस रोमांटिक फिल्म का अंत दुखी कर देने वाला है। फिल्म की हीरोइन 'सरू' अंत में कैंसर के चलते मर जाती है, जिसके बाद हीरो 'इंदर' अकेला रह जाता है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे ने इंदर की भूमिका निभाई है, 'सरू' के किरदार में पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन ने निभाया है।

सनम रे : इस फिल्म में पुलकित सम्राट यामी गौतम और उर्वशी रौतेला मुख्य किरदार में हैं। फिल्म एक रोमांटिक लव ट्रायएंगल पर आधारित है। इस फिल्म का अंत भी काफी सैड है। यामी गौतम का किरदार 'श्रुति' और पुलकित का किरदार 'आकाश' अपनी बचपन की प्रेम कहानी को पूरा करने की कोशिश में रहते हैं, लेकिन अंत में दोनों मिल नहीं पाते।

क्योंकि : सलमान खान और करीना कपूर की इस फिल्म का अंत भी काफी दुखदाई है। सलमान खान ने इस फिल्म में एक मानसिक रोगी का किरदार निभाया है। जिस हॉस्पिटल में सलमान का इलाज होता है, वहां पर करीना कपूर डॉक्टर रहती हैं। पहले दोनों में अच्छी दोस्ती होती है और बाद में प्यार हो जाता है। यह बात करीना के पिता ओम पुरी को अच्छी नहीं लगती और वह सलमान को कोई ट्रीटमेंट देकर विकलांग बना देते हैं। उसी अस्पताल में सलमान का इलाज करने वाले जैकी श्रॉफ ने दुखी होकर सलमान का मुंह तकिए से दबाकर मार देते हैं। अपने पिता की सच्चाई पता चलने के बाद करीना अपना मानसिक संतुलन खो देती हैं।

धड़क : जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की डेब्यू फिल्म 'धड़क' का अंत भी काफी दर्दनाक रहा है। यह फिल्म 20 जुलाई 2018 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में भी हीरो अंत में मर जाता है, जो दर्शकों को भावुक कर देता है।

रांझणा : धनुष और सोनम कपूर की यह फिल्म एक कल्ट है। इसे पसंद करने वाले लोगों की काफी लंबी लिस्ट है। 'रांझणा' को एक बेहतरीन रोमांटिक फिल्म माना जाता है। इस फिल्म का अंत काफी दुखी कर देने वाला है। फिल्म का मुख्य किरदार 'कुंदन' अंत में मर जाता है।

देवदास : शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म 'देवदास' से शायद ही कोई अंजान हो। यह फिल्म शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय की उपन्यास पर आधारित। इस फिल्म के गाने, डायलॉग और सीन सब कुछ लोगों के बीच काफी मशहूर हैं।

60-70 के दशक में कई फिल्मों में किया काम और अपनी कला से लोगों को खूब हंसाया

कॉमेडी से सुपरस्टार पर भारी पड़ जाते थे राजेंद्र नाथ

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा का एक ऐसा कलाकार, जिसकी खामोशी भी दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर देती थी। वह हास्य कलाकार कभी अपने हाव-भाव तो कभी अपने खास अंदाज के साथ-साथ अपनी अदाओं से भी दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ले आते थे। हम बात कर रहे हैं अभिनेता राजेंद्र नाथ की। हिंदी फिल्मों में अब भले ही हीरो खुद कॉमेडी करने लगे हों, लेकिन एक वक्त पर ये जिम्मेदारी सिर्फ हास्य कलाकारों के पास ही होती थी। फिल्म जहां कहीं भी कमजोर पड़ती, ये कलाकार अपनी काबिलियत से दर्शकों को फिल्म से बांधे रखते। कई फिल्में तो सिर्फ इन्हीं कलाकारों की वजह से हिट हुईं। ऐसे ही एक कलाकार थे राजेंद्र नाथ। 60 और 70 के दशक में राजेंद्र ने कई फिल्मों में काम किया और अपनी कला से लोगों को खूब हंसाया। गुरुवार को राजेंद्र नाथ की 17वीं पुण्यतिथि थी।

बड़े भाई के नक्शेकदम पर चल बने अभिनेता

राजेंद्र नाथ का जन्म 8 जून 1931 में हुआ था। राजेंद्र के पिता करतार नाथ रीवा शहर के आईजी ऑफ पुलिस थे। राजेंद्र के आठ भाई और चार बहनें थीं। राजेंद्र के सबसे बड़े भाई दिवंगत अभिनेता प्रेम नाथ थे। राजेंद्र डॉक्टर बनना चाहते थे। बड़े भाई का फिल्मों में रुझान देखते हुए उनकी भी फिल्मों में रुचि बढ़ने लगी थी। ऐसे में उन्होंने अपने बड़े भाई को देखकर ही फिल्मों में काम करने के लिए अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। रीवा में स्कूलिंग पूरी करने के बाद प्रेम नाथ के कहने पर राजेंद्र नाथ भी 1947 में बॉम्बे आ गए गए।

ऐसे मिली पहली फिल्म

राजेंद्र नाथ अपने भाई अभिनेता प्रेम नाथ की देखा देखी अभिनेता तो बन गए, लेकिन फिल्मों में उन्हें पहला किरदार पाने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर उस समय के बड़े फिल्म निर्देशकों में से एक नासिर हुसैन ने उन्हें अपनी फिल्म दिल देके देखो (1959) में छुट-पुट मजाक करने वाले एक कॉमेडियन का किरदार निभाने के लिए दिया, जिसमें उन्होंने 'कैलाश' का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग की बहुत तारीफें हुई तो नासिर हुसैन ने राजेंद्र को लगातार अपनी फिल्मों में लेना शुरू कर दिया था।

यह किरदार बना अभिनेता की पहचान

राजेंद्र नाथ ने अब तक कॉमेडी के कुछ छोटे-मोटे किरदार ही किए थे, लेकिन फिल्म जब प्यार किसी से होता है (1961) में उन्हें एक कॉमेडियन के रूप में मजबूत किरदार मिला, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। नासिर हुसैन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजेंद्र ने पोपट लाल का ऐसा किरदार निभाया, जो कहीं ना कहीं फिल्म के मुख्य नायक देव आनंद पर भी भारी पड़ा। इस फिल्म के किरदार पोपट लाल का नाम इतना पसंद किया गया कि आगे चलकर लोग उन्हें इसी नाम से पहचानने लगे।

बड़े भाई प्रेमनाथ ने निकाला घर से बाहर

राजेंद्र नाथ की बहन कृष्णा की शादी पृथ्वीराज कपूर के बेटे राज कपूर से हुई थी। ऐसे में उन्हें बॉम्बे में मदद मिल गई। राजेंद्र नाथ पहले पृथ्वी थिएटर से जुड़े, जिसके बाद उन्होंने दीवार, आहुति, पठान और शकुंतला जैसे नाटकों में हिस्सा लिया। अपने बड़े भाई प्रेम नाथ के नक्शेकदम पर राजेंद्र बॉम्बे तो आए, लेकिन काम के लेकर उनकी लापरवाही बड़े भाई से बर्दाश्त नहीं हुई। बात इतनी बढ़ी कि प्रेम ने इन्हें घर से निकाल दिया। हालांकि, वह फिल्मों में काम करने की इच्छा लिए संघर्ष करते रहे।

जब खून के आंसू रोए राजेंद्र

दरअसल, राजेंद्र को कॉमेडी में तो महारत हासिल थी, लेकिन फिल्म मेकिंग में उन्हें कोई अनुभव नहीं था। यही उनके कंगाल होने की वजह भी बनी। जब उन्होंने पहली फिल्म बनानी शुरू की, तब कास्ट, क्रू और निर्देशक ने जो फीस मांगी, उन्होंने तुरंत ही दे दी। नतीजा ये रहा कि ओवर बजट होने से 10 दिनों में ही फिल्म की शूटिंग रुक गई। राजेंद्र अब अपने और कर्ज लिए हुए सारे पैसे लगा चुके थे, लेकिन फिल्म बनने से पहले ही रुक गई। राजेंद्र ने जिनसे कर्ज लिया था, वे उनसे पैसे मांगने लगे। एक बार साक्षात्कार में राजेंद्र ने इस बारे में बात करते हुए कहा था कि यूपी और दिल्ली के डिस्ट्रीब्यूटरों ने मुझे खून के आंसू रुलाया। मेरी स्थिति पता होते हुए भी लोगों ने मुझसे ज्यादा ब्याज लिया और एक-एक पैसे निकलवाए।

जेईई मैन 2025 सेशन 1 (जनवरी) में रेज़ोनेंस के 147 विद्यार्थियों के 99 परसेंटाइल से अधिक मार्क्स

कोटा। रेज़ोनेंस के विद्यार्थियों ने जेईई मैन 2025 सेशन 1 (जनवरी) में के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष NTA द्वारा व्यक्तिगत छात्र स्कोर की सुरक्षा के लिए पासवर्ड प्रोटेक्शन लागू किए जाने के कारण, परिणामों को एकत्र करने और सत्यापित करने की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक समय ले रही है। अब तक के परिणामों के अनुसार रेज़ोनेंस के 16 विद्यार्थियों ने 99.9 परसेंटाइल (एनटीए स्कोर) से अधिक स्कोर प्राप्त किया है। 147 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक, 245 विद्यार्थियों ने 98 परसेंटाइल से अधिक और 449 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक स्कोर प्राप्त किया है। साथ ही संस्थान के 7 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिज़िक्स में 100 परसेंटाइल प्राप्त किये हैं। संस्थान के अर्चिष्मान नंदी, वेदांत श्री गोविन्द, लक्ष्य पारेता, प्रणय माहेश्वरी, तेजस के, लक्ष्य गर्ग, सोमिल गोयल, कृष्णा टाक, हृषिकेश विनय, हर्षित राणा, सुहास एस, सौनक बनर्जी, नगमवार हरितेज, प्रणय काबरा, प्रणव आर एच, संजीव एस, ने 99.9 परसेंटाइल से अधिक मार्क्स प्राप्त किये हैं। इस उत्कृष्ट सफलता पर संस्थान के प्रबंध निदेशक आर के वर्मा ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति, छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। एक शानदार परिणाम पर शिक्षकों ने चयनित विद्यार्थियों का मुंह मीठा करा कर उनका उत्साह बढ़ाया एवं बधाई दी। साथ ही शिक्षकों व टॉपर्स ने संस्थान में पढ़ रहे विद्यार्थियों के साथ ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। इस सफलता से वर्तमान में पढ़ रहे विद्यार्थियों का उत्साह चरम पर था।

एमजी एस्टर का नया एडीशन लॉन्च

गुरुग्राम। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने एसयूवी - एमजी एस्टर का एमवाई 2025 एडिशन लॉन्च किया है। एस्टर 2025 का शाइन वेरिएंट एक पैनोरमिक सनरूफ और छह स्पीकर के साथ आ रहा है। इससे एमजी एस्टर अपने सेगमेंट में 12.5 लाख रुपये से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ देने वाली एकमात्र एसयूवी बन गई है। सेलेक्ट वेरिएंट में छह एयरबैग और प्रीमियम आइवरी लेदरेट सीट्स को जोड़ा गया है, जो सुरक्षा को बढ़ाता है। एआई टेक्नोलॉजी से लैस यह भारत की पहली एसयूवी है।

लागत तो दूर, नहीं मिल रहा किराया भाड़ा और मजदूरी

ओह... टमाटर के बुरे हाल, किसान बेहाल मंडी में भाव 2 से 3 रुपए किलोग्राम हुए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

अहा... टमाटर बड़ा मजेदार । भाव सस्ते होने से यकीनन उपभोक्ताओं पर यह कविता चरितार्थ हो रही है और खरीदार खुश है। लेकिन टमाटर उत्पादक किसान बेहाल है क्योंकि थोक सब्जी मंडियों में टमाटर बेभाव (2 से 3 रुपए किलो) बिक रहा है। जिससे उनको उत्पादक लगात मिलना तो दूर, खेत से मंडी तक लाने का किराया-भाड़ा और मजदूरी तक नहीं मिल रहा है।

स्थानीय पंडित लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के सब्जी यॉर्ड स्थित टमाटर अड़तिया राजेन्द्र सैनी के अनुसार मंडी में इन दिनों टमाटर की बंपर आवक हो रही है। टमाटर की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्योंकि थोक मंडी टमाटर 70 से 80 रुपए कैरेट (22 से 24 किलो) बिक रहा है। जिस कारण किसानों को उसकी मूल लागत भी नसीब नहीं हो रही है।

परिवहन का खर्च भी नहीं निकल पा रहा

कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण किसान भारी नुकसान झेल रहे

किसान नेता और पूर्व मंडी अध्यक्ष भागीरथ पाटीदार ने कहाकि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों और कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण किसान भारी नुकसान झेल रहे हैं। सरकार को भंडारण सुविधाएं बढ़ाने और प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने पर ध्यान देना चाहिए, ताकि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके।

खजूरीकलां स्थित किसान मिश्रीलाल राजपूत के अनुसार बीज, खाद, कीटनाशक और परिवहन का खर्च भी नहीं निकल पा रहा। कम कीमत के कारण क्षेत्र के किसान फसल मवेशियों को खिलाने को मजबूर हो रहे हैं।

फूल गोभी और पत्ता गोभी की भी हालत खस्ता

सैनी ने बताया कि मंडी में बेभाव टमाटर बिकने से कुछ किसानों ने अपनी फसल मवेशियों को खिला रहे है। यही हाल फूल गोभी और पत्ता गोभी की भी है। मंडी में फूलगोभी और पत्ता गोभी 4 से 5 रुपए कि लो के दाम पर बिक रही है। जबकि मटरफली 10 से 12 रुपए किलो बिक रही है। बताया जा रहा कि तीन -चार महीने की मेहनत के बाद भी कटाई पर खर्च की गई मजदूरी नहीं निकल पा रही।

एक्टर-राजनेताओं का महाकुंभ

कांग्रेस नेता सचिन पायलट

अभिनेता विवेक ओबेराय

अभिनेता विक्की कौशल

प्रयागराज । महाकुंभ में गुरुवार को कई सेलेब्रिटी, वीआईपीज नजर आए। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सपरिवार संगम में डुबकी लगाई, परिवार के साथ पूजा की। उन्होंने कहा- यह हम सभी के लिए एक अलौकिक क्षण है। इस प्रयागराज से सिंधिया परिवार का एक ऐतिहासिक संबंध भी रहा है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भी पुण्य स्नान किया। एक्टर विवेक ओबेरॉय और विक्की कौशल भी प्रयागराज पहुंचे। बोट की सवारी की, संगम में डुबकी लगाई। संगम स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में भी एक्टर विवेक गुरुवार को परिवार के साथ पहुंचे। शिविर में वेदमंत्रों, पुष्प वर्षा और शंखनाद से उनका अभिनंदन किया गया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती का पूरे ओबेराय परिवार ने आशीर्वाद लिया। अपने आध्यात्मिक अनुभवों को साझा किया।

अब होगी निवेशकों की मदद

सेबी ने लांच किया नया डिजिटल प्लेटफॉर्म मित्रा

एजेंस ▶▶ नई दिल्ली

सेबी ने अपना नया डिजिटल प्लेटफॉर्म मित्रा को लॉन्च कर दिया. इसकी मदद से निवेशक निष्क्रिय और बिना दावे वाले म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगा सकेंगे। म्यूचुअल फंड इन्वेस्टमेंट ट्रेसिंग एंड रिट्रीवल असिस्टेंट के नाम से बनाए गए इस प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल से ऐसे म्यूचुअल फंड को खोजने में आसानी होगी, जिन्हें निवेशक भूल गए हैं। इस प्लेटफॉर्म के जरिए निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे अपना केवाईसी टाइम पर अपडेट कराएं।

इन्वेस्टर्स को सशक्त बनाएगा सेबी

सर्कुलर में आगे कहा गया ये इनएक्टिव फोलियो बेहद संवेदनशील होते हैं और इनका इस्तेमाल धोखाधड़ी के लिए किया जा सकता है। सेबी ने कहाकि चिंताओं को दूर करने के लिएमित्रा प्लेटफॉर्म को आरटीए ने डेवलप किया है ताकि इंडस्ट्री लेवल पर निष्क्रिय और दावा न किए गए म्यूचुअल फंड फोलियो का पता लगाने के लिए इंवेस्टर्स को एक डेटाबेस प्रदान किया जा सके। यह निवेशकों को सशक्त बनाएगा।

बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार होगी लागू

चैंपियंस ट्रॉफी : टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे परिजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के परिजन साथ नहीं जाएंगे चूंकि बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है जिसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है।

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेलेगी जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के तीन शहरों में होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को है लिहाजा यह दौरा तीन सप्ताह से कम समय का ही है जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की अनुमति नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो सप्ताह के लिए जा सकता है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'अगर कुछ बदलता है तो बात अलग है लेकिन अभी तो खिलाड़ियों के साथ उनका परिवार नहीं जा रहा। एक सीनियर खिलाड़ी ने इसके बारे में पूछा था लेकिन उसे बताया गया कि नई नीति का पालन किया जाएगा।'

कराची नेशनल स्टेडियम पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

कराची। न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के पाकिस्तान के मैच से पहले कराची नेशनल स्टेडियम के भीतर नकली पहचान पत्र के साथ घुसने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान मुजम्मिल कुरैशी के रूप में की गई है जिसे बुधवार को प्रवेश द्वार पर सुरक्षा जांच के दौरान रोका गया। अधिकारी ने कहा, 'वह खुद को पत्रकार बता रहा था और उसके पास आईसीसी तथा पीसीबी के नकली पहचान पत्र थे।' अधिकारी ने बताया कि जब सुरक्षाकर्मियों को संदेह हुआ तो उसने एक और फर्जी पहचान पत्र दिखाया जिसमें उसकी पहचान कैमरामैन के रूप में थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ जारी है।

पाक में कत्लेआम : दो हिंदू कारोबारियों की गोली मारकर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में गुरुवार को आतंकवादियों ने दो हिंदू कारोबारियों की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि यह घटना बलूचिस्तान में हुई है, जो पिछले काफी दिनों से अशांत है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जबकि दो दिन पहले ही 11 फरवरी को पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के केच जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दो सदस्यों सहित तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। लगातार हो रही इन घटनाओं की वजह से बलूचिस्तान इन दिनों काफी चर्चा में है। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार हथियारबंद लोगों ने ईरानी सीमा के करीब तुरबत में एक बाज़ार के पास गोलीबारी की। पुलिस ने इस घटना को टारगेट किलिंग करार दिया है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। एक अधिकारी ने कहा, 'गोलीबारी में हिंदू समुदाय के दो सदस्य मारे गए।' घटना के तुरंत बाद शवों और घायलों को तुरबत के एक सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया।

ईरानी सीमा के पास हमला

अशांत है बलूचिस्तान

मृतकों की पहचान हरि लाल और मोती लाल के रूप में हुई और घायलों की पहचान शेरो मल के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक दक्षिणी सिंध प्रांत के संघार इलाके का रहने वाला था। क्षेत्रफल के हिसाब से पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत और खनिज संसाधनों से समृद्ध बलूचिस्तान में अलगाववादी समूह लंबे समय से निम्न-स्तरीय विद्रोह में सबसे आगे रहे हैं। अलगाववादियों का दावा है कि इस्लामाबाद स्थानीय आबादी की अनदेखी करते हुए प्रांत की प्राकृतिक संपदा का दुरुपयोग कर रहा है। हाल के महीनों में इन समूहों ने बलूचिस्तान में बड़े पैमाने पर हमले किए हैं, चीनी नागरिकों और निवेश परियोजनाओं में लगे हितों, सुरक्षा बलों और जातीय पंजाबियों को निशाना बनाया है, जिन्हें वे अशांत प्रांत में बाहरी मानते हैं।

इंडियावुड 2025 चार दिवसीय व्यापार मेला 6 मार्च 2025 से

नई दिल्ली। इंडियावुड 2025 वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6 से 9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर , ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। न्यूर्नबर्गमेसेज के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। न्यूर्नबर्गमेसेज इंडिया के प्रबंध निदेशक सोनिया प्रशर ने कहाकि भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62फीसदी हिस्सा बनाती है और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है।

आवश्यकता

आवश्यकता है- कैरियर जॉब कंसलटेन्सी में पर्सनल सेक्रेटरी, टैली कॉलर, प्लांट सुपरवाइजर रिसेप्शानिस्ट, बिलिंग एक्जीक्यूटिव, नर्सिंग, कस्टमर रिलेसन्स, सिक्युरिटी ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, बिलिंग इंचार्ज, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर, सेल्स ट्रेनर, स्टोर इंचार्ज साइड सुपरवाइजर, पी आर टी इंग्लिश हिन्दी एन्ड के जी मदर टीचर संपर्क:- ऑफिस रायपुर घड़ी चौक 7879706968, 7389669576, 9131685985, 6265983246 (रायपुर/16/फरवरी 25)

आवश्यकता है- पैसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर /21 /फरवरी 25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी बामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

धनु आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

शब्द पहेली - 5778



बाएँ से दाए
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

ऊपर से नीचे
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 5777 का हल

प	व	न	कु	मा	र		म	क	ब	रा
ला	न		त		स	ली	का		स	त
थ		प	र	वा	ना		न	न		दि
न	का	र	ना			क		म	हा	न
वा		ख		स	ह	ल	ज		ज	
दी	वा	ना	प	न		प	र	व	री	श
	जि		र	स	ले	ना		न		री
ग	ब	न		नी			अ	वा	न्त	र
ज		शा	न		आ	ब	नू	स		र
रा	ज		ज	टा	यु		रू		क	क्ष
ज	ल	च	र		ध	मों	प	दे	श	क

सूडोकु नवताल - 5788

मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5787 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

टेक्नो-नॉलेज / शिखर चंद जैन

हर बच्चे को गेम्स खेलने में मजा आता है। कितना अच्छा हो, अगर स्कूल के क्लासरूम में भी पढ़ाई के बजाय कोई गेम खेलने को कहा जाए और इसी के साथ-साथ खेल में स्टडी-लर्निंग भी हो जाए। सोचकर देखो, कितना मजा आएगा! ऐसा हो सकता है, 'गेमिफिकेशन' के जरिए। जानो, गेमिफिकेशन के बारे में।

गेमिफिकेशन खेल-खेल में स्टडी

बच्चों, कितना मजा आए, अगर तुम्हें क्लास में किताबें खोलकर लेसन पढ़ने या टीचर का लेक्चर सुनने की बजाय पजल सॉल्व करने, कोड, डिकोड करने और गेम खेलकर कोई टारगेट अचीव करने का टास्क दिया जाए। तुम सोच रहे होगे, यह कैसे संभव है, यह तो कोरी कल्पना है। भला स्कूल में गेम कैसे खेल सकते हैं? ऐसा हुआ तो सिलेबस कैसे कंप्लीट होगा? डोंट वरी बच्चों, अब लर्निंग और टीचिंग का नया कॉन्सेप्ट आ चुका है- गेमीफिकेशन। इससे करिकुलम में गेम एलिमेंट डालकर क्लासरूम को इंटरेस्टिंग और एक्साइटिंग बनाया जा रहा है। बच्चों, जानो इस बारे में।

क्या है गेमिफिकेशन

एजुकेशन फील्ड में गेमिफिकेशन एक बहुत बड़ा कदम है। शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों ने मिलकर इसके माध्यम से बच्चों में क्रिएटिविटी बूस्ट करने, उन्हें मोटिवेट करने और सीखने के लिए प्रेरित करने वाला काम किया है। बच्चों, गेमिफिकेशन को किसी वीडियो गेम की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें तुम बड़े ही मजेदार ढंग से खेल-खेल में नई और ज्ञानवर्धक बातें सीख सकते हो।

कैसे प्रचलन में आया गेमिफिकेशन टर्म

ब्रिटिश कंप्यूटर प्रोग्रामर और आविष्कारक निक पेलिंग ने 2002 में 'गेमिफिकेशन' शब्द गढ़ा था। उस समय वे कमर्शियल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए गेम जैसे इंटरफेस तैयार कर रहे थे। साल 2010 में इस शब्द को व्यापक रूप से अपनाया गया। पेलिंग ने उद्योग, व्यापार और शिक्षा के लिए उपकरण के रूप में इन-गेम मैकेनिक्स की क्षमता और व्यावहारिकता को देखा। जैसे-जैसे 'गेमिफिकेशन' लोकप्रिय होता गया, इसके अनेक उपयोगों को रेखांकित करने वाले आर्टिकल्स पब्लिश होने लगे। इसके बाद इसे अलग-अलग क्षेत्रों में अपनाया जाने लगा।

इंटरेस्टिंग लर्निंग प्रोसेस

गेमिफिकेशन के माध्यम से लर्निंग का प्रोसेस इतना इंटरेस्टिंग होता है कि तुम इसमें पूरी तरह इन्वॉल्व हो जाओगे। हर स्टेप को कंप्लीट करने के बाद जब तुम्हें रिवॉर्ड्स और प्वॉइंट्स मिलेंगे, तो तुममें सीखने का नया जोश आएगा। गेमिफिकेशन के माध्यम से साइंस, मैथ्स जैसे कठिन विषयों को तुम आसानी से समझ सकोगे।

आएगा होमवर्क करने में भी मजा

अकसर बच्चों को होमवर्क करना बोरिंग लगता है। लेकिन गेमिफिकेशन के माध्यम से होमवर्क भी इंटरेस्टिंग लगने लगता है। स्कूल से मिला हुआ टास्क तुम्हारे लिए एडवेंचरस गेम बन जाता है। गेमिफिकेशन के दौरान अगर तुम कोई स्टेज चूक जाते हो या किसी प्रॉब्लम को सॉल्व नहीं कर पाते, तो तुम्हें अपनी गलती के बारे में बताया जाता है। आगे अपना टास्क कंप्लीट करने के लिए गाइड भी किया जाता है। यह कंप्लीट प्रोसेस बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक होता है।

डेवलप होते हैं ये स्किल्स

गेमिफिकेशन के अंतर्गत क्लासरूम या घर में टास्क या पजल्स सॉल्व करते समय या फिर कोड को डिकोड करते समय तुम्हें दिमाग पर जोर डालना पड़ता है। इससे तुम्हें क्रिटिकल और शार्प थिंकिंग की ट्रेनिंग मिलती है। दोस्तों के साथ गेम खेलते हुए सीखना तुम्हारे मन में कॉम्पिटिशन का भाव जगाता है। इससे तुम्हें जीतने की प्रेरणा मिलती है। गेमिफिकेशन के अंतर्गत कुछ गेम्स, तुम्हें खेलने का तरीका चुनने की आजादी देते हैं। इससे तुम अपने तरीके से गेम खेल सकते हो और सीख सकते हो। गेमिफिकेशन में तुम्हें जीतने के कई प्रयास करने की छूट मिलती है, इसे तुम तब तक खेल सकते हो, जब तक कि जीत न जाओ। इसमें जीतने के बाद तुम्हारा कॉन्फिडेंस बूस्ट होता है। *

गेमिफिकेशन के पांच फायदे

बच्चों, गेमिफिकेशन के मुख्य रूप से पांच फायदे हैं। इनके बारे में भी तुम्हें जानना चाहिए-

सेल्फ असेसमेंट: गेमिफिकेशन के जरिए तुम्हें अपनी प्रोग्रेस पर नजर रखने में मदद मिलती है। किसी कारणवश अगर तुम इसे बीच में डिस्कंटीन्यू भी कर देते हो, तो दोबारा लॉग इन करते ही तुम्हारा टास्क या गेम वहीं से शुरू हो जाता है, जहां तुमने इसे छोड़ा था।

इंटर एक्टिविटी: गेमिफिकेशन के दौरान स्टूडेंट्स आपस में डिस्कसन करते हैं। साथ ही पार्टिसिपेंट्स सिस्टम के साथ भी संवाद कर सकते हैं और दी गई जानकारी का उपयोग टारगेट अचीव करने में कर सकते हैं।

इमर्शन: आजकल 3 डी गेमिंग काफी पॉपुलर है। इस गेम को खेलने वाला कंटेस्टेंट या स्टूडेंट पूरी तरह से गेम में डूब जाता है, और खुद को एक अलग ही दुनिया में पाता है, जहां सिर्फ एंटरटेनमेंट और लर्निंग का ही माहौल होता है।

कॉम्पिटिशन: गेमिफिकेशन से परस्पर कॉम्पिटिशन की भावना जागृत होती है। जब कोई कंटेस्टेंट ज्यादा रिवॉर्ड और बैज हासिल करता है, तो अन्य कंटेस्टेंट्स के मन में भी कड़ी मेहनत करने की इच्छा होती है।

फोकस: गेमिफिकेशन एक इंटरेस्टिंग एक्टिविटी है। इसमें तुम बोर नहीं होते और न ही तुम्हारा ध्यान इधर-उधर भटकता है। इससे तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल बढ़ता है।

इंटरेस्टिंग इंफॉर्मेशन / नयनतारा

बच्चों, एक समय तक समुद्र या नदी की गहराइयों में इंसान का जाना आसान नहीं होता था। लेकिन एक्वालंग के आविष्कार के बाद पानी की गइराई में जाना आसान हो गया। जानो, क्या होता है एक्वालंग? इसका आविष्कार कब, किसने किया और यह कैसे काम करता है?

एक्वालंग से आसान हुई अंडर वाटर एक्टिविटी

बच्चों, इंसान हमेशा से ही पानी के भीतर की दुनिया के बारे में जानने को जिज्ञासु रहा है। लेकिन कुछ दशक पहले तक पानी के भीतर जाना आसान नहीं होता था। पानी के भीतर घटता-बढ़ता दबाव एक बड़ी समस्या थी। पानी के अंदर मूवमेंट करना भी बहुत मुश्किल था। इन सबसे भी बड़ी समस्या यह थी कि पानी के अंदर सांस लेने के लिए हवा कैसे मिले? इस समस्या से निपटने के लिए एक्वालंग का आविष्कार किया गया। इस आविष्कार के बाद पानी के भीतर जाना काफी आसान हो गया। एक्वालंग का आविष्कार कैप्टन जैक-य्वेस कौस्तेयू और एमिले गैगनन ने 1943 में किया था। एक्वालंग की वजह से अंडरवाटर वर्ल्ड के सारे रहस्य खुल गए।

पहले ऐसे होती थी अंडर-वाटर एक्टिविटी: बच्चों, एक्वालंग के आविष्कार से पहले भी लोग अंडर वाटर एक्टिविटीज करते थे। लेकिन ऐसा करना बहुत ही मुश्किल होता था। तब एयर सप्लाई के साथ कुछ प्रशिक्षित व्यक्ति ही डाइव करते थे, वह भी जटिल, वजनी डीप-सी सुइट्स और हेल्मेट्स के साथ। इनमें हाई-प्रेशर एयर लाइंस होती थीं, जो सतह से जुड़ी होती थीं। इतने सारे जटिल इक्विपमेंट्स के साथ डाइविंग बहुत मुश्किल होता था।

क्या होता है एक्वालंग: एक्वालंग एक ऐसा इक्विपमेंट है, जो पानी के अंदर की गतिविधियों को आसान बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह पहले इस्तेमाल किए जा रहे भारी-भरकम इक्विपमेंट की तुलना में कॉम्पैक्ट और पोर्टेबल होता है। जिससे अंडर वाटर एक्टिविटीज में इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है।

कैसे काम करता है एक्वालंग: डाइविंग से पहले, डाइवर्स की कमर पर एक हाई-प्रेशर सिलिंडर स्ट्रैप कर दिया जाता है, जिससे उन्हें नियमित एयर सप्लाई मिलती रहती है। एयर सिलिंडर से डिमांड रेग्युलेटर जुड़ा होता है, जो सांस लेने वाली हवा को उसी प्रेशर का कर देता है, जो आस-पास के पानी का प्रेशर होता है। इसे एडजस्ट करने के लिए वॉल्व नहीं होते हैं। डाइवर को सिर्फ सांस लेनी होती है। गहराई चाहे जितनी हो एक्वालंग से एकदम सही प्रेशर मिलता है। इससे सांस लेना उतना ही ऑटोमेटिक और नेचुरल हो जाता है, जितना कि जमीन पर होता है।

एक्वालंग के आविष्कार के बाद स्कूबा डाइविंग तेजी से पूरी दुनिया में पॉपुलर हो गई और डाइविंग को आसान बनाने के लिए एक्वालंग के अलावा कई अन्य उपकरण भी बनाए जाने लगे। *

तुम्हारे लिए नई किताब

सबक सिखाती ईरानी कहानियां

बच्चों, जैसे तुमको अपने दादा-दादी, नाना-नानी से प्यारी-प्यारी कहानियां सुनना या स्टोरी बुक्स से कहानियां पढ़ना अच्छा लगता है, वैसे ही दुनिया भर के अन्य देशों के बच्चे भी बड़े चाव से कहानियां पढ़ते-सुनते हैं। कुछ समय पहले ही एक नई किताब 'ईरानी बच्चों की कहानियां' छपकर आई है। इसमें तुम ईरान देश में रहने वाले बच्चों के बीच लोकप्रिय चौदह कहानियों का हिंदी अनुवाद पढ़ सकते हो। इन कहानियों में तुमको अपने जैसे नटखट, समझदार बच्चों समेत बकरी, डॉगी, डंकी, हाथी, भेड़िए आदि की कहानियां भी पढ़ने को मिलेंगी। 'बकरी का बच्चा' एक बहादुर लेकिन नासमझ बकरी के बच्चे की कहानी है, जिसे मुसीबत में फंसने पर अपनी गलती का अहसास होता है। 'आजादी' कहानी में गुलाम रहने की तकलीफ और आजादी से अपना जीवन जीने की महत्ता को एक जंगली डॉगी की कहानी के जरिए बताया गया है। इसी तरह 'चोर और संत' कहानी बताती है कि जो लोग सज्जन होते हैं, मुसीबत में उनकी मदद को सभी तैयार रहते हैं। 'किस्सा घड़ी की सुई का', 'हवा और पतंग', 'सींग की तलाश' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। इस किताब की सभी कहानियां तुम्हारा मनोरंजन तो करेंगी ही, तुम्हें जरूरी सबक भी सिखाएंगी। इनको पढ़ते हुए तुम्हें लगेगा जैसे तुम अपने देश में प्रचलित 'पंचतंत्र' या 'हितोपदेश' की कहानियां पढ़ रहे हो। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चे किसी भी देश के क्यों न हों, सब एक जैसे ही होते हैं। सब बच्चों को पढ़ाई करना, खेलना, हंसना और कहानियां पढ़ना पसंद होता है। *



-विज्ञान भूषण

किताब: ईरानी बच्चों की कहानियां, **अनुवादक:** राजेश सरकार, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली

सबको बांटो प्यार

बच्चों ने वैलेंटाइन-डे के मौके पर जब बाजार में एक अलग ही रौनक का माहौल देखा तो उन्होंने भी तय किया कि वे भी कुछ अलग ढंग से वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करेंगे। इस मौके पर बच्चों ने जिस तरह, जिन लोगों के बीच जाकर प्यार बांटा, वह सचमुच बहुत अनोखा था।

कहानी

अलका जैन 'आराधना'

इधर कई दिनों से रोहन, सान्वी, आयुष और मिष्टी स्कूल से लौटते समय बाजार में जगह-जगह दुकानों पर दिल के आकार के गुब्बारे और रेड पैक में गिफ्ट आइटम्स सजे देख रहे थे। सान्वी उत्सुकता से बोली, 'हर जगह इस तरह दिल-दिल के आकार में रेड आइटम्स दुकानों में क्यों सजे हैं? क्या कोई फेस्टिवल आने वाला है?'

आयुष हंसते हुए बोला, 'हां, बड़ा फेस्टिवल आ रहा है- वैलेंटाइन-डे।'

रोहन कुछ गंभीर स्वर में बोला, 'फेस्टिवल तो सब अच्छे होते हैं। दिवाली पर दिये जलाते हैं, होली पर रंग खेलते हैं। लेकिन वैलेंटाइन-डे तो बच्चे नहीं मनाते हैं। यह तो बड़े मनाते हैं। हमारा वैलेंटाइन-डे से कोई लेना-देना नहीं है।'

मिष्टी गोल-गोल आंखें घुमाती हुई बोली, 'क्यों नहीं लेना-देना है? हम बच्चे भी अपने ढंग से वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। हमारे आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनसे हम प्यार पाते हैं या हम उन्हें प्यार देते हैं। हम इनके साथ वैलेंटाइन-डे मना सकते हैं। इन्हें गुलाब का फूल और कोई गिफ्ट दे सकते हैं।' चारों बच्चों ने एक-दूसरे की तरफ देखा और उत्साह से भर उठे। सान्वी खुश होकर बोली, '...तो इस बार हम भी वैलेंटाइन-डे अपने तरीके से मनाएंगे!'

आयुष हां में हां मिलाते हुए बोला, 'हां, हम ऐसे ही एक यादगार वैलेंटाइन-डे मनाएंगे, जो सबको पसंद आए।'

रोहन ने पूछा, 'लेकिन हम करेंगे क्या...'

मिष्टी ने कुछ सोचा और उछल कर बोली, 'सुनो! हम उन लोगों के लिए कुछ करेंगे, जो हर दिन हमारे लिए मेहनत करते हैं, जैसे- दूध और अखबार वाले अंकल, कॉलोनी के गार्ड अंकल और हमारे घर में काम करने वाली मेड।' सान्वी झट से बोली, 'हम अपने दादा-दादी, नाना-नानी को भी इस अवसर पर न भूलें, वे हमें कितना प्यार करते हैं, हमारा ख्याल रखते हैं। इनको भी गुलाब का फूल देकर थैंक्स बोलेंगे। साथ ही हम पास के ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के पास भी जाएंगे, ये लोग हमेशा हमें हंसाते हैं।' आयुष चहक कर बोला, 'तो तय रहा! हम वैलेंटाइन-डे पर इनके पास जाएंगे, इन्हें गुलाब का फूल देंगे, इनके लिए कुछ और भी खास करेंगे।'

अगले दिन चारों अपने-अपने गुल्लक लेकर मिष्टी के घर पहुंचे। सभी बहुत उत्साहित थे। रोहन गुल्लक रखते हुए बोला, 'यह रहा मेरा खजाना। पिछले साल से जमा कर रहा हूं।'

सान्वी बोली, 'मेरा गुल्लक चॉकलेट के पैसों का है।' आयुष ने खिलखिला कर हंसते हुए कहा, '...और ये मेरा आइसक्रीम फंड है।' मिष्टी बोली, '...और मेरी गुल्लक में दिवाली-होली के ईनाम के पैसे हैं। चलो, गिनती शुरू करें।'

सभी ने गुल्लक में जमा किए सिक्के और नोट गिनने शुरू किए। इन्हें गिनने के बाद सब एक साथ बोले, 'अरे वाह...! इतने में तो हम बहुत अच्छे से अपना काम कर सकते हैं। वैसे भी हम यह काम अपने मम्मी-पापा की परमिशन से ही कर रहे हैं। वे भी बहुत खुश हैं, हमारे इस शानदार आइडिया के बारे में जानकर। उन्होंने भी अपनी तरफ से कंट्रीब्यूट करने का वादा किया है।'

अगले दिन सभी बच्चे बाजार गए। बाजार सजावट और रौनक से भरा हुआ था। रोहन एक मग उठाते हुए बोला, 'यह दूध वाले अंकल के लिए। इस पर लिखा है, 'बेस्ट मॉर्निंग फ्रेंड।' आयुष पेन सेट दिखाते हुए बोला, 'अखबार वाले अंकल के लिए।'

सान्वी एक सुंदर स्टोल उठाते हुए बोली, 'यह कामवाली बाई के लिए। वह हमेशा कहती हैं, सादगी में ही खूबसूरती है।'

मिष्टी एक टॉर्च उठाते हुए बोली, 'गार्ड अंकल के लिए... वह रातभर ड्यूटी करते हैं, ताकि हमारे घर सेफ रहें।'

इसके अलावा बच्चों ने ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी के लिए गर्म शॉल खरीदा। सबसे बाद में बच्चों ने ढेर सारे गुलाब के फूल भी खरीदे।

वैलेंटाइन-डे की सुबह बच्चे गिफ्ट और गुलाब के फूल लेकर सबके घर गए। सबने उन्हें धन्यवाद दिया और बहुत खुश हुए, क्योंकि उनके बारे में लोग ज्यादा कुछ सोचते नहीं हैं।

शाम को बच्चे ओल्ड एज होम के दादाजी-दादीजी को गिफ्ट देने पहुंचे। मिष्टी और दूसरे बच्चों ने दादाजी-दादीजी के पांव छूकर कहा, 'दादाजी, दादीजी, यह आपके लिए और साथ में हमारे हाथ से बना यह कार्ड। बच्चों ने दादाजी-दादीजी के साथ केक काटा और सबने मिलकर खूब मस्ती की।'

घर लौटते हुए चारों बच्चे बहुत खुश थे। उन्होंने सबके साथ प्यार बांटकर वैलेंटाइन-डे जो अनोखे तरीके से मनाया था। *

कविता

फहीम अहमद

डाकिया अंकल

अहा, डाकिया अंकल आए
लेकर चिट्ठी और किताब।।
घर-घर में चिट्ठी पहुंचाना
है अंकल का प्यारा पेशा।
ले आते पापा की खातिर,
जब-तब खुशी भरा संदेशा।
पढ़ते ही पापा का मुखड़ा
लगता जैसे खिला गुलाब।।
कंधे पर लटकाए थैला,
चेहरे पर मुस्कान अनूठी।
सर्दी, गर्मी हो या बारिश
नहीं भूलते अपनी ड्यूटी।
दरवाजे पर दस्तक देकर,
करते राम-राम, आदाब।।
गली, मुहल्ले के हर घर से,
उनकी है पहचान पुरानी।
थैले में भर ले आते हैं,
हर दिन कोई नई कहानी।
खूब दुआएं पाते हैं वे,
जिसका कोई नहीं हिसाब।।

जीके क्विज-141

1. अभी हाल ही में घोषित दिल्ली विधान सभा चुनाव परिणामों में किस राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त हुआ है?
2. किस क्रिकेट खिलाड़ी ने पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया?
3. अमेरिका के बाद किस देश ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अलग होने की घोषणा की है?
4. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5. महावीर स्वामी का मूल नाम क्या था?
6. स्वतंत्र भारत के प्रथम कृषि मंत्री कौन थे?
7. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
8. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
9. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-140 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-140 का उत्तर : 1.उत्तर प्रदेश, 2.डिब्रूगढ़, 3.लद्दाख और जम्मू कश्मीर, 4.निर्मला सीतारमण, 5.ऑस्मियम, 6.वुलर झील, 7.किडनी, 8.स्कॉटलैंड, 9.मैलिक एसिड, 10.ग्रीनलैंड

जीके क्विज-140 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, श्वेता-बिलासपुर, रमेश-कोरबा, ज्योति-रायगढ़, गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, खुशबू-दुर्ग, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, काम्या-महासमुंद

अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।

उत्तर: 1.दीवार पर लगी क्लॉक में अलग टाइम शो हो रहा है। 2.पीछे बाईं तरफ बैठी बिल्ली के दोनों अगले पंजे आपस में जुड़े हुए नहीं हैं। 3.पीछे बीच में बैठी बिल्ली हंस नहीं रही है। 4.पीछे दाईं तरफ बैठी बिल्ली की पूंछ दूसरी तरफ दिख रही है। 5.आगे बाईं तरफ बैठी बिल्ली की जीभ अंदर है। 6.बीच में लेटी हुई बिल्ली की दोनों आंखें खुली हुई हैं। 7.आगे दाईं तरफ बैठी बिल्ली के बाएं पैर में कम धारियां हैं।

एक जैसे दो चित्र ढूंढ़ो

बच्चों, यहां कई बच्चों के चित्र दिए गए हैं। इनमें से दो चित्र बिल्कुल एक जैसे हैं। बाकी चित्रों में कोई-न-कोई अंतर जरूर है। तुम एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों को पहचान कर, उसको पेंसिल से गोलाकार घेर दो।

डब्लूपीएल : तीसरा सत्र आज से, अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू क्रिकेटर लगाएंगे रनों की झड़ी

एजेंसी ▸▸ वडोदरा

महिला प्रीमियर लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से यहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच के साथ शुरू होगा जिसमें नजरें भारत के उदीयमान क्रिकेटरों पर लगी होंगी।

अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीग की असल सफलता घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है। पहले दो सत्र में श्रेयांका पाटिल और साइका इशाक जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में भी जगह बनाई। डब्लूपीएल के हर सत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों की सूची बढ़ती जा रही है। एलिसा हीली, सोफी मोलिनू और केट क्रॉस चोट के कारण इस सत्र में नहीं खेलेंगी।

मुंबई और आरसीबी ने पारुनिका और नुजहत को चुना

मुंबई इंडियन्स ने चोटिल ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर के विकल्प के तौर पर महिला प्रीमियर लीग के लिए पारुनिका सिसोदिया को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चोटिल स्पिनर आशा शोभना की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज नुजहत परवीन को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। भारत के लिए पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रेलवे की नुजहत 30 लाख रुपये के अपने आधार मूल्य पर आरसीबी से जुड़ेगी। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका 10 लाख रुपए में मुंबई इंडियन्स की टीम का हिस्सा बनेंगी।

खिताब जीतने उतरेगी दिल्ली

दो बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है और फाइनल हारने का गम दूर करने के इरादे से उतरेगी। उसके पास शेफाली वर्मा, मेग लानिंग, जेमिमा रौड्रिग्स, अनाबेल सदरलैंड और मरियाने काप जैसे खिलाड़ी हैं जबकि गेंदबाजी में शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, टिटास साधू और जेस जोनासेन जैसे दिग्गज हैं।

टूर्नामेंट के लिए तैयार

हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'भारतीय कप्तान होने के नाते मैं इस सत्र को लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि कई घरेलू क्रिकेटरों ने इस टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार किया है। नीलामी से पहले हमने बात की थी कि कई घरेलू क्रिकेटरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी के दिमाग में कुछ नाम थे। हम उम्मीद करते हैं कि वे अच्छा खेलें और भारतीय टीम मजबूत बने।'

खुद को साबित करने का मौका

खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगी। भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी और वनडे विश्व कप भी भारत में होना है। तेज गेंदबाज हरफनमौला केशवी गौतम के पास भी खुद को साबित करने का मौका होगा।

खिताब बरकरार रखना आसान नहीं

टूर्नामेंट में दो नए स्थान वडोदरा और लखनऊ जोड़े गए हैं और यह अपने और विरोधी के मैदान वाले प्रारूप में खेला जाएगा। गत चैंपियन आरसीबी के लिए खिताब बरकरार रखना आसान नहीं होगा क्योंकि सोफी डेवाइन, मोलिनू और केट क्रॉस जैसे खिलाड़ी इस बार नहीं खेल रहे हैं। स्टार हरफनमौला एलिसे पैरी, श्रेयांका पाटिल और आशा शोभना चोट से उबर रहे हैं। इन झटकों से उबरने की उनकी क्षमता ही साबित करेगी कि वे खिताब जीत पाएंगे या नहीं। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, 'पिछली बार एकादश का हिस्सा रहे कई खिलाड़ी इस बार चोट के कारण बाहर हैं। सोफी डेवाइन विश्व की सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है लिहाजा उसकी कमी खलेगी।'

खबर संक्षेप

अफरीदी और दो अन्य पर लगा भारी जुर्माना

कराची। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान उग्र व्यवहार के लिए पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर जुर्माना लगाने के अलावा उन्हें एक-एक डिमेरिट अंक दिया है। आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने के लिए अफरीदी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शकील और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक गुलाम पर 29वें ओवर में तेम्बा बावुमा के रन आउट होने के बाद उनके बहुत करीब पहुंचकर जश्न मनाने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने फैसला सुनाया कि अफरीदी ने जानबूझकर ब्रीट्जके का रास्ता रोका था और सऊद तथा गुलाम ने बावुमा के आउट होने पर उनके बेहद करीब पहुंचकर जश्न मनाया।

एवर्टन ने लिवरपूल को बराबरी पर रोका

लंदन। कप्तान जेम्स तार्कोवस्की के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत एवर्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लिवरपूल को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। तार्कोवस्की ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में बराबरी का गोल दागा।

सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में किया शानदार प्रदर्शन

रजत को आरसीबी ने बनाया कप्तान कोहली ने कहा- 'आप इसके हकदार'

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी सत्र के लिए गुरुवार को रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। पाटीदार दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल टीम ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा था। पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी तथा विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है।

इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था। पाटीदार की अगुआई में मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी जहां वे पिछले साल मुंबई से पांच विकेट से हार गए थे। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने पाटीदार को कप्तान बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'रजत में सादगी है, वह अपने आस-पास के लोगों की परवाह करता है, हमने करीब से देखा है कि उसने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कैसे किया है, हमें यह बहुत पसंद आया।'

कोहली ने दी बधाई

कोहली ने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। कोहली ने फ्रेंचाइजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो बयान में कहा, 'मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। आप इसके हकदार हैं।'

68 मैच जीते, 70 हारे

कोहली की अगुआई में टीम ने 68 मैच जीते, 70 हारे और चार मैच बेनतीजा रहे। टीम 2016 में कोहली की अगुआई में आईपीएल फाइनल में पहुंची थी। कप्तान ने उस सत्र में 973 रन बनाए थे जो आईपीएल के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। आईपीएल 2024 में कोहली 154 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। फ्रेंचाइजी ने स्वीकार किया कि कप्तान की भूमिका के लिए कोहली के नाम पर भी चर्चा हुई थी।

पाटीदार ने बनाए 428 रन

दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में अजिंक्य रहाणे के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 10 मैच में 61 की औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे। पाटीदार डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें 2022 से 2024 तक टीम की कप्तानी करने के बाद रिलीज कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीकी के 40 वर्षीय डु प्लेसी आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे।

विराट ने 143 मैचों में की कप्तानी

गुरुवार की घोषणा से पहले विराट कोहली के फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में लौटने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रहीं थी। कोहली 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान थे और उनका रिकॉर्ड शानदार रहा लेकिन उनकी अगुआई में टीम खिताब नहीं जीत सकी। कोहली ने 143 मुकाबलों में आरसीबी का नेतृत्व किया जो चेन्नई सुपर किंग्स के लिए दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के बाद कप्तान के रूप में दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल है।

शतरंज

हारे गुकेश, केमर ने कार्लसन को हराकर किया उलटफेर

एजेंसी ▸▸ हैम्बर्ग

विश्व चैंपियन डी गुकेश का जीत का इंतजार जारी रहा और उन्हें फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में हिकारू नाकामूरा के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

गुकेश को सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी स्थिति में पहुंचने के बावजूद टाईब्रेकर की दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने एक रणनीतिक गलती की और नाकामूरा ने इसका फायदा उठाते हुए पांचवें स्थान के प्ले ऑफ में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी। गुकेश अब सातवें स्थान के प्ले ऑफ में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे।

अमित पंघाल बने पेशेवर मुक्केबाज

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल पेशेवर बनने वाले देश के नवीनतम मुक्केबाज बन गए हैं। भारत के सबसे सफल पुरुष मुक्केबाजों में शामिल 29 वर्षीय पंघाल ने अमेरिका स्थित प्रतिभा प्रबंधन कंपनी क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के साथ करार किया है। एजेंसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट को विश्व प्रसिद्ध ओलंपियन मुक्केबाज अमित पंघाल के साथ करार की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।'

38वां राष्ट्रीय खेल

हरियाणा और कर्नाटक ने जीते हॉकी के स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸ हरिद्वार

हरियाणा ने पिछले सत्र की अपनी हार का बदला चुकता करते हुए गुरुवार को यहां गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

मध्य प्रदेश को ऐश्वर्या चव्हाण ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद हरियाणा ने जोरदार वापसी करते हुए महिमा चौधरी (37वें मिनट), इशिका (45वें और 50वें मिनट) और मोनिका (55वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। गोवा में 2023 में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने शूट आउट में हरियाणा को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बेहद कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। फराज खान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई लेकिन कर्नाटक के सामंत सी ने आठवें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटि (18वें मिनट) और अभारन सुदेश (39वें मिनट) ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर कर्नाटक को 3-1 की बढ़त दिलाई। शारदा नंद तिवारी ने 45वें मिनट में उत्तर प्रदेश की ओर से पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। महाराष्ट्र ने पंजाब को 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।

इस बार हमारी ट्रेनिंग बहुत अच्छी: सलीमा

भुवनेश्वर। भारत की महिला हॉकी कप्तान सलीमा टेटे को भरोसा है कि उनकी टीम शनिवार से शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में बेहतर प्रदर्शन करेगी और पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन का असर नहीं दिखेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत कलिंगा हॉकी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। टीम पिछले सत्र की यादें मिटाने की कोशिश करेगी जब वह सिर्फ अमेरिका से आगे आठवें स्थान पर रही थी। जर्मनी, स्पेन और दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड भी यहां खेलेगी।

भारत एशियन बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में कोरिया से हारा

एजेंसी ▸▸ किंगदाओ

भारत को बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी मुकाबले में गुरुवार को यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने पहला गेम 21-11 से जीतकर अच्छी शुरुआती की लेकिन अगले दो गेम 12-21, 15-21 से गंवाते हुए 56 मिनट में मैच हार गए। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिम यू जिन के खिलाफ केवल 27 मिनट में 9-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के सतीश करुणाकरण ने एक घंटे 12 मिनट में चो गिओनयिओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराकर भारत को वापसी दिलाई जिसके बाद त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने महिला युगल में किम मिन जी और किम यू जुंग पर 19-21, 21-16, 21-11 की जीत के साथ स्कोर 2-2 कर दिया। निर्णायक पांचवें मैच में अर्जुन और सात्विक की पुरुष युगल जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 53 मिनट में सुंग सेयुंग और जिन योंग के खिलाफ 14-21, 15-23 से हार गई।

पुरुष टेनिस चैम्पियनशिपः मानस धामने, शाह और करण को वाइल्ड कार्ड

पुणे। उभरते हुए खिलाड़ियों मानस धामने, आर्यन शाह और करण सिंह को बृहस्पतिवार को महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया। इस प्रतियोगिता में 28 देशों के शीर्ष खिलाड़ी 16 से 23 फरवरी तक यहां खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ इस टूर्नामेंट का आयोजन महाराष्ट्र सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग के सहयोग से म्हालुंगे बालेवाड़ी में शिव छत्रपति खेल परिसर में करेगा। यह प्रतियोगिता भारत में आयोजित होने वाले चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की श्रृंखला का तीसरा टूर्नामेंट है।

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धिपत्र संख्या 12/2025

निविदा सं. 81255001 एवं 81245892 जिसके खुलने की तिथि 17.02.2025 और 12.02.2025 थी जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/58/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है–**क्र. सं.**-01, **निविदा क्रमांक एवं संक्षिप्त विवरण**-81255001 विवरणः आरसी एमके-वी (आरटी-5919), **निविदा खुलने की तिथि-From**-17.02.2025, **TO** 24.02.2025 **क्र. सं.**-02, **निविदा क्रमांक एवं संक्षिप्त विवरण**-81245892 विवरणः चिपका हुआ जोड़ 60 कि.ग्रा. टी-2572, **निविदा खुलने की तिथि-From**-12.02.2025 **TO** 21.02.2025, अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईट https://www.ireps.gov.in देखे। कृपया उपरोक्त निविदाओं में संशोधित उपक्रम देखें।

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

VEHICLE AVAILABLE
for SALE
TATA LPT 1512 Model 2022, CG04NW6298
TATA ULTRA T.16 Model 2022, MP04GB7259
TATA ACE DIESEL Model 2024, MP20ZP2311
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

कार्यालय नगर परिषद लखनादौन जिला - सिवनी (म. प्र.)
OFFICE OF NAGAR PARISHAD LAKHNADON DIST. SEONI (M.P.)
Email :-cmolakhnadoan@mpur cmo.lakh@gmail.com Phone No. 07690-24013: Website: www.nplakhn:

क्रं.-636/रा.शा./ न. परि. / 2025-26 लखनादौन दिनांक 11/02/2025

/ / ई निविदा सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद लखनादौन जिला सिवनी (म.प्र.) द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचर संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल दिनांक 4 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत् वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि के लिए राजस्व वसूली हेतु नीचे तालिका में उल्लेखित निम्नलिखित ठेकों की वसूली हेतु ई-निविदा ऑनलाईन बेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, नगर परिषद लखनादौन में ई-निविदा की दरें प्रस्तुत कर सकते है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

टेण्डर क्रमांक	ठेका का नाम	वसूली का क्षेत्र	अमानत राशि	आरक्षित मूल्य	निविदा प्रपत्र मूल्य	अवधि
2025_UAD_402121_1	अस्थाई दखल फीस वसूली ठेका	नगर परिषद सीमा क्षेत्र	50,000रू.	4,99,173 रु.	2,000 रू.	दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक
2025_UAD_402122_1	साप्ताहिक बैठकी बाजार फीस वसूली ठेका		50,000रू.	3,66,006 रू.	2,000 रू.	
2025_UAD_402123_1	मवेशी बाजार फीस वसूली ठेका		50,000रू.	1,60,000 रू.	2,000 रू.	
2025_UAD_402124_1	वाहन पार्किंग शुल्क वसूली (बस, जीप, ऑटो,मालवाहन एवं अन्य वाहन)		50,000रू.	5,01,929 रु.	2,000 रू.	

1- नियम एवं शर्तें ऑनलाईन बेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।
2- ऑनलाईन ई-निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि 12/02/2025 प्रातः 18:30 बजे से दिनांक 03/03/2025 सायं 05:30 बजे तक है।
3- ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 03/03/2025 समय 05:30 बजे तक है।
4- ई-निविदा दिनांक 05/03/2025 को समय 11:00 बजे खोली जावेगी।
5- निविदा में किसी प्रकार के संशोधन में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, इसका प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।
6- निविदाकार / ठेकेदार द्वारा केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा :-
(अ) परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं आयकर चुकता का प्रमाण-पत्र।
(ब) नगर परिषद के समस्त कर जैसे (संपत्ति कर, जलकर, भवन / भूमि / दुकान किराया) का चुकता प्रमाण-पत्र।
7- निविदा फार्म में अमानत राशि एवं फार्म शुल्क का भुगतान ऑनलाईन की मान्य होगा।

श्रीमति मीना बलराम गोल्हानी, अध्यक्ष, नगर परिषद लखनादौन
श्रीमति विजूषा प्रदीप राजपूत, उपाध्यक्ष, नगर परिषद लखनादौन
श्रीमति संगीता संजय गोल्हानी, सभापति, राजस्व एवं बाजार समिति
(गीता वाल्मिकी), मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद लखनादौन

कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सतना (म. प्र.)
(मुख्तियारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन, सतना)
E-Mail-dfotsatna@mp.gov.in Phone-07672-223355

क्रमांक/व्यय/भण्डार/2025/1407 सतना, दिनांक .11/02/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में वन मण्डल सतना अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों के रोपण स्थलो तक बोनमील सामग्री प्रदाय करने हेतु पंजीकृत विनिमार्ताओं एवं प्रदायकताओं से निविदा ऑनलाईन पोर्टल https:// www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	सामग्री का नाम /विवरण	प्रदाय दर इकाई	प्रदाय स्थल	प्रदाय की जाने वाली कुल मात्रा
1	हड्डी चूरा (Bone Meal)	किलोग्राम	वन परिक्षेत्र सतना,मैहर, उचेहरा, चित्रकूट, बरौंधा, अमरपाटन, सिंहपुर,नागौद, मझगवां,मुकुन्दपुर, वन मण्डल सतना	आवश्यकतानुसार

1. निविदा फार्म एवं शर्तें ऑनलाईन ई-टेण्डर की वेबसाइट https:// www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।
2. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्टि, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
3. यदि प्रथम निविदा में पर्याप्त सफल निविदाकार प्राप्त नहीं होते है, तो द्वितीय एवं तृतीय निविदा ई-टेण्डर की वेबसाइटhttps:// www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं कराया जायेगा।

विवरण	दिनांक	समय
Tender Publishing Date & Time	12-02-2025 & 05:00PM	निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in प्रदर्शित है।
Tender Sale Start Date & Time	12-02-2025 & 05:00PM	
Pre Bid Meeting Date		
Bid Submission Start Date & Time	12-02-2025 & 05:00PM	
Bid Submission closing Date & Time	20-02-2025 & 02:00PM	
Bid Opening Date & Time	21-02-2025 & 02:00PM	

G-22967/24

वनमण्डल अधिकारी
वनमण्डल, सतना

शिकार के लिए बिछे बिजली के करंट से हुई थी तेंदुए की मौत

मंडला और जबलपुर से पकड़े गए पांच शिकारी

शिकारियों से जप्त किये तेंदुए के काटे गए पंजे

जबलपुर। रानीदुर्गावती समाधि क्षेत्र स्थित बारहा के जंगल मे मिले तेंदुए के शव मामले में वन विभाग ने बड़ा खुलासा करते हुए पांच शिकारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तेंदुए के काटे गए पंजे जप्त किये है। दरअसल मंडला और जबलपुर जिले की सीमा पर स्थित रानीदुर्गावती समाधि स्थल से कुछ ही दूरी पर एक तेंदुए का एक फरवरी को शव पाया गया था जिसकी सूचना पर पहुचे वन विभाग के आला अधिकारियों ने जब बारीकी से जांच की तो पाया कि तेंदुए की मौत बिजली का करंट लगने से हुई थी। जिसकी जांच करते हुए वन विभाग ने मंडला जिले के करौंदी और जबलपुर के पिपरिया से पांच शिकारियों को गिरफ्तार कर उनसे जब पूंछ तांछ की गई। शिकारियों ने बताया कि जंगल मे उन्होंने जंगली सुअर मारने के लिए बिजली करंट वाला तार बिछाया था जिसमे तेंदुआ फंस गया और उसकी मौत

हो गई थी। जिसे देख कर हम सभी ने तेंदुए के नाखून वाले पंजे काट लिए थे और उसका ताबीज बना कर बेचने के लिए रखे हुए थे इस पूरे मामले में पकड़े गए पांचों शिकारियों को वन अमले ने जिला न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को 13 दिन की रिमांड पर जिला न्यायालय ने भेजा है। जहां पर सभी शिकारियों से वन अमला पूंछ तांछ करके आने वाले समय में एक बड़ा खुलासा कर सकता है।

ये हुए गिरफ्तार

तेंदुए के शिकार मामले में वन अमले ने मंडला जिले के ग्राम करौंदी और जबलपुर जिले के ग्राम पिपरिया से लखन कुलस्ते, सत्येंद्र बरकडे, राधेश्याम यादव, सुरेंद्र मरावी, देवी सिंह को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया है।

कार्यवाई में यह रहे शामिल

एक फरवरी को मिले तेंदुए के शव मामले की बारीकी से जांच कर इस अंधे शिकार का खुलासा करने में मुख्य वन संरक्षक कमल अरोरा, वनमंडल अधिकारी ऋषि मिश्र, उपवनमंडल अधिकारी पीके श्रीवास्तव वन परिक्षेत्र अधिकारी जबलपुर अपूर्व प्रखर शर्मा, परिक्षेत्र सहायक महेश मिश्रा बारहा, विजय तिवारी बरेला, गुलाब सिंह, धनंजय घोष, सनी अहिरवार सहित अन्य वन कर्मचारी शामिल रहे।

पाटन के किसान ने 70 एकड़ में लगाया क्विनोआ

जबलपुर में भी होने लगी सुपर ग्रेन क्विनोआ की खेती

जबलपुर। जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण एवं नवाचार के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसके फलस्वरुप किसान न केवल प्राकृतिक और जैविक कृषि को अपनाने आगे आ रहे हैं बल्कि वे पारम्परिक की अपेक्षा ऐसी किस्मों की फसल भी ले रहे हैं जिनसे उन्हें अच्छा लाभ अर्जित हो सके। कम लागत में अधिक मुनाफ़ा देने वाली चिया और स्टीविया के बाद अब जिले में क्विनोआ की फसल लेने की शुरुआत कर दी गई है।

सुपर ग्रेन या सुपर फ़ूड कहे जाने वाले क्विनोआ की फसल पाटन विकासखंड के भरतरी गांव के प्रगतिशील किसान दुर्गेश पटेल ने 70 एकड में लगाई है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने गत दिवस किसान दुर्गेश पटेल द्वारा की जा रही क्विनोवा कि खेती का अवलोकन किया। क्विनोआ को किनवा के नाम से भी जाना जाता है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल नास्ते के रूप में होता है और इसे बनाना भी आसान होता है। क्विनोआ के पौधे की पत्तियाँ भी सलाद के रूप में इस्तेमाल की जा सकती हैं। आमतौर पर क्विनोआ को दक्षिणी अमेरिका की फसल माना जाता है लेकिन कुछ वर्षों से हमारे देश में भी इसकी खेती की जाने लगी है। दूसरे अनाज की तरह यह भी एक अनाज ही है और सभी नौ जरूरी अमीनो एसिड्स को मिलाकर यह प्रोटीन का पूरा स्रोत होता है।

क्विनोआ पर हुए कई शोधों से पता चला है कि प्रोटीन्स, विटामिन, मिनरल्स एवं आयरन सहित इसमें एंटी सेप्टिक, एंटी कैंसर, एंटी एजिंग के गुण भी होते हैं। ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने और वजन कम करने में भी यह कारगर आहार है। यह शरीर में खून की कमी को भी दूर करता है साथ ही आस्टियोपोरोसिस, गठिया और दिल के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है। बताया जाता है कि क्विनोआ का सेवन करने वाले लोगों में त्वचा की समस्या कम देखने मिलती है। यह बढ़ती उम्र के असर को भी कम करता है। इसमें मौजूद एंटी सेप्टिक गुण त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। क्विनोआ का ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है जिससे ब्लड शुगर नियंत्रित होता है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है।

सील की गई दुकान से संदिग्ध दस्तावेज गायब

जबलपुर

। बेलबाग पुलिस ने एमपी ऑनलाइन की बंद दुकान मलिक एसोशियेट से अहम दस्तावेज गायब होने की आशंका पर संचालक जुबेर मलिक मंसूरी के खिलाफ साक्ष्यों से छेड़छाड़ और शासकीय कार्य में बाधा डालने की एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई राजस्व निरीक्षक सुधीर सोनी की शिकायत पर की गई है, और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

प्रशासन ने मारा था छापा, संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 6 फरवरी 2025 को अनुविभागीय दंडाधिकारी तहसील रांझी ने जुबेर मलिक मंसूरी की एमपी ऑनलाइन दुकान को सील किया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि संचालक ने अनधिकृत रूप से दस्तावेजों में छेड़छाड़ की थी, जिससे शासकीय कार्य में रुकावट आई थी। जुबेर मलिक मंसूरी के खिलाफ धारा 329(4), 238, 221 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, घमापुर चौराहा स्थित मलिक एसोशियेट संचालक जुबेर मलिक मंसूरी पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र, फर्जी बीपीएल कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बनाने का आरोप था। अधिकारियों को शिकायत मिलने के बाद अनुविभागीय अधिकारी अधारताल और रांझी ने पुलिस की मौजूदगी में प्राथमिक जांच की। जांच में यह सामने आया कि जुबेर मलिक की दुकान पर कई स्कूलों के प्राचार्यों और प्रधानाध्यापकों के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज पाए गए थे, जिनका इस्तेमाल जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए किया जा रहा था।

मौके पर दुकान पर आपरेटर बुलबुल अख्तर मौजूद थीं, जिन्होंने बताया कि संचालक जुबेर मलिक नासिक गए हुए हैं। जांच के दौरान दुकान को संदिग्ध दस्तावेजों के साथ ताला लगाकर सील किया गया और पंचनामा तैयार किया गया।अगले दिन जब जांच टीम ने फिर से दुकान का निरीक्षण किया, तो पाया कि कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब थे। इनमें स्कूलों के दाखिल-खारिज के खाली प्रारूप, पंजी रजिस्टर और अन्य दस्तावेज शामिल थे। जुबेर मलिक से पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने दस्तावेजों को दुकान की पीछे की खिड़की से निकाल लिया था। जांच के दौरान खिड़की में खरोंचें भी पाई गईं, जिससे संदेह और गहरा हो गया है।

पुलिस ने आरोपी नया मोहल्ला बड़ी ओमती निवासी जुबेर मलिक के विरुद्ध धारा 329(4), 238, 221, भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से चर्च के फादर की मौत

जबलपुर। तिलवारा थाना अतंर्गत रमनगरा वॉटर प्लांट के आगे नागपुर रोड पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में तिलवार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सेंट जूट चर्च सगड़ा निवासी 49 वर्षीय फादर पालसन और कूरूष एन्थोनी मोटर सायकिल से तिलवारा तरफ आ रहे थे, तभी रात 8.30 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर सायकिल को टक्कर मार दी, इस हादसे में फादर पालसन की मौत हो गई, वहीं कूरुष एन्थोनी घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। घायल को कूरुष एन्थोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

थाईलैंड घुमाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

ट्रेवल एजेन्सी के संचालकों पर मामला दर्ज

जबलपुर।

माढ़ोताल थानान्तर्गत संस्कार सिटी सूरतलाई स्थित एक टूर्स एण्ड ट्रेवल्स एजेंसी के संचालकों ने दो लोगों को थाईलैण्ड घुमाने के लिए टूर पैकेज के नाम पर लाखों की चपत लगा दी। ट्रेवल एजेन्सी संचालकों के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि राजुल ड्रीम सिटी अमखेरा रोड निवासी रितेश सोहगोरा एक दवा कम्पनी में काम करता है कटनी निवासी डॉक्टर नीरेश जैन उसके मित्र हैं। रितेश व डॉक्टर निरेश ने अपने परिवार के साथ थाईलैण्ड जाने का विचार बनाया था इसके लिए डॉ जैन ने एक्सपर्ट हॉलीडे ट्रेवल एजेन्सी के संचालकों रजनी सोनी व अभिषेक सोनी से मोबाईल से टूर पैकेज के संबंध में जानकारी मांगी। चर्चा के दौरान संचालकों ने उन्हें बताया कि वे घर से ही ट्रेवल्स एजेन्सी का संचालन करते हैं। इस दौरान रितेश ने एजेन्सी के संचालकों को बताया कि वह अपने परिवार व डॉक्टर निरेश जैन के परिवार के 6 लोगों के साथ थाईलैण्डजाना चाहता है। रजनी सोनी ने उन्हें थाई लैण्ड घुमने के लिए 6 रात सात दिन का टूर पैकेज बताया जिसमें एयर टिकिट बैंकाक व पट्टाया की होटल में 3-3 रूकने एवं सुबह नाश्ता और दिल्ली बैंकाक, बैंकाक सेदिल्ली, दिल्ली से जबलपुर, दिल्लीसे इंदौर तथा थाईलैण्ड में पूरा घूमने तथा ट्रांसपोर्ट का खर्च 4 लाख 17 हजार रूपये तय हुआ। रितेश ने रजनी व अभिषेक सोनी के बैंक खाते में 2 लाख 50 हजार रूपये गत 13 सितम्बर को जमा करवाये। फिर डॉक्टर निरेश जैन 17 सितम्बरको इसी खाते में एक लाख रूपऐ डाले शेष 67 हजारा रूपए बचे थे। रजनी सोनी ने रितेश व डॉक्टर निरेश को दिल्ली से बैकाक के 6 एयर टिकिट व बैंकाक सेदिल्ली की वापिसी के लिए 6 एयर टिकिट व होटल के बाउचर भेजे। जब दोनों ने टिकटों की जांच करायी तो पता चला कि टिकटें रद्द होगई है। दोनों रजनी सोनी के पास गये औरउन्हें टिकट रददहोने की जानकारीदी तो उसने थाई एयर बेस 3 लाख 7 हजार रूपये की टिकिट बनवायी जिसमें रजनी की गल्ती से 98 हजार रूपए ज्यादा लग गये। इस तरह हॉलिडे ट्रेवल एजेंसी के संचालकों अभिषेक सोनी और रजनी सोनी ने दोनों परिवारों को थाईलैण्ड घुमाने के टूर पैकेज के नाम पर लाखों के रूपए हड़प लिये।

रेलवे प्लेटफार्म नंबर 6 में पकड़ा गया 10 किलो गांजा

जबलपुर। जीआरपी (रेल पुलिस) ने प्लेटफार्म नंबर 6 में एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 10 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी उमरिया जिले का निवासी बताया गया है जो शहडोल से नागपुर वाली ट्रेन से गांजे की खेप लेकर जबलपुर पहुंचा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जब्त किए गए गांजे की कीमत 4 लाख रुपए बताई गई है। जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शहडोल से नागपुर जाने वाली ट्रेन में एक युवक की गांजा लाने की खबर पर पुलिस ने संदिग्ध युवक की तलाश ली। उसके पास से एक बड़े थैले में 10 किलो गांजा रखा मिला। आरोपी उमरिया जिला के मानपुर थानाक्षेत्र का रहने वाला 18 वर्षीय नीलेश सिंह बताया गया है जो अपने साथ थैले में गांजा लेकर सोमनाथ एक्सप्रेस से जाने की फिराक में था, तभी पुलिस ने उसे धरदबोचा। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पशुपालन विभाग की टीमें अंडे, मुर्गी के सैंपल एकत्रित करने में जुटी

बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

जबलपुर। महाकोशल क्षेत्र के छिंदवाड़ा जिलें में बर्ड फ्लू के खतरे के बढ़ते संकेतों के बीच जबलपुर प्रशासन ने इस महामारी से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। गौरतलब है कि छिंदवाड़ा प्रशासन ने संदिग्ध मामलें सामने आने के बाद छिंदवाड़ा का मटन मार्केट बंद करा दिया है और साथ ही पोल्ट्री फार्म से सैंपल लिए जा रहे है। इसके बाद जबलपुर प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। पशुपालन विभाग की अलग-अलग टीमों को सेंपल एकत्र करने के निर्देश दिए हैं और मुर्गी पालन केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कहा कि बर्ड फ्लू को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सचेत है। उन्होंने बताया, हमारी पशुपालन की टीमें लगातार सेंपल एकत्र करके जांच के लिए भेज रही हैं। अब तक जितने भी सेंपल एकत्र किए गए हैं, उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन ने चिकन दुकानों और मुर्गी पालन केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग भी शुरू कर दी है, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण को समय रहते रोका जा सके।

विशेष रूप से, महाकोशल क्षेत्र के छिंदवाड़ा जिले में बर्ड फ्लू का खतरा बढ़ गया है। शहर की दो प्रमुख चिकन दुकानों, विक्की चिकन शॉप

और नॉवेल्टी चिकन शॉप में बिल्लियों के सैंपल में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई थी। इसके बाद, जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए इन दोनों दुकानों को 30 दिनों के लिए बंद कर दिया और आसपास के इलाकों को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया। इस दौरान, इन दुकानों से जुड़े मटन और चिकन की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। वहीं, प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि संक्रमित क्षेत्रों में की जा रही कार्रवाई का उद्देश्य संक्रमण के फैलाव को रोकना है। प्रशासन ने स्थानीय निवासियों से भी अपील की है कि वे चिकन और मटन उत्पादों को केवल प्रमाणित दुकानों से ही खरीदें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें।

बर्ड फ्लू के मामलों के बढ़ने की स्थिति में, प्रशासन ने पशुपालन विभाग को अलर्ट किया है और बर्ड फ्लू के संक्रमण की निगरानी और नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की योजना बनाई है। साथ ही, प्रशासन ने इस दौरान मुर्गी पालन केंद्रों और चिकन दुकानों पर विशेष ध्यान रखने के लिए अपने कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ा दी है। इससे पहले, छिंदवाड़ा में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ने के बाद प्रशासन ने मुर्गी पालन केंद्रों में संक्रमण की जांच तेज कर दी थी। जिले में सैंपल एकत्र किए जा रहे हैं और लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि संक्रमण के फैलाव को समय रहते रोका जा सके। इस समय जबलपुर प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और बर्ड फ्लू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठा रहा है। प्रशासन का कहना है कि वे स्थिति पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं और किसी भी प्रकार की समस्या से निपटने के लिए तैयार हैं।

किसानों को विद्युत दरों में वृद्धि मंजूर नहीं

जबलपुर। बिजली कंपनियों द्वारा विद्युत दरों में वृद्धि को लेकर नियामक आयोग द्वारा की गई ऑनलाईन जनसुनवाई में भारत कृषक समाज की ओर से महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष केके अग्रवाल द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान व उनकी आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्ता की विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किये बिना विद्युत कम्पनी द्वारा प्रस्तावित विद्युत दर बढ़ोतरी के प्रस्ताव को सिरे से ख़ारिज किये जाने का किया गया आयोग से अनुरोध किया गया। उन्होंने 15 बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई और विद्युत कम्पनी द्वारा दिए गये जवाब को वास्तविकता व तथ्यों से परे बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच का आयोग से आग्रह किया गया। श्री अग्रवाल ने आयोग से कहा की आज भी ग्रामीण क्षेत्र में सूचारु विद्युत प्रदाय व्यवस्था का अभाव है। मैंदानी अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाही के चलते ग्रामीण जन अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं है । ट्रांसफार्मर, खम्भे, लाईन की हालत बद से बदतर है, वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या, समय पर सुधार कार्य न होने से किसान बिजली का समुचित उपयोग नही कर पा रहे हैं। कृषि पम्पों के लिए सरकार के 10 घंटे के वायदे के इतर उन्हे अभी भी 5,6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, कृषि पम्पों के विद्युत बिलो मे अचानक अप्रत्याशित बृद्धि, चोरी के फर्जी प्रकरण बनाये जाने, तथा उन्हें ना ना प्रकार से प्रताड़ित व धमकाये जाने का सिलसिला जारी है। विडंबना है की नियामक आयोग ने इन शिकायतों को कभी संज्ञान मे नही लिया न ही जाँच की व न ही विद्युत कम्पनी पर कभी कोई कार्यवाही की, न ही कोई दिशा निर्देश जारी किये। नियामक आयोग अपने दायित्वों के निर्वहन मे पीछे क्यो रहा, यह समझ के परे है। आयोग के समक्ष किसानों की समस्याओं का प्रमाण सहित जोरदारी व विस्तार से प्रस्तुतीकरण कर आग्रह किया गया कि जब तक ग्रामीण क्षेत्र मे आवश्यकतानुसार, गुणवत्ता की बिजली प्रदाय तथा व्यवस्था मे सुधार व उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित नही किया जाता, तब तक विद्युत कम्पनी के दरों मे बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर विचार न किया जाए तथा इसे सिरे से ख़ारिज किया जाए।

भारत कृषक समाज ने 15 बिंदुओं पर दर्ज कराई आपत्ति

स्टेशन के टिकट काउंटर में सिरफिरे ने मचाया जमकर आतंक

रॉड लेकर घुसे युवक ने कर्मचारियों को खदेड़ा, तोड़फोड़ की

जबलपुर। जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में तड़के एक सिरफिरे यात्री ने टिकट काउंटर में घुसकर रॉड लेकर अचानक तोड़फोड़ कर दी। कर्मचारियों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने रॉड लेकर खदेड़ दिया। इससे स्टेशन में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ का बल मौके पर पहुंचा और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। तोडफ़ोड़ के दौरान युवक के सिर, सीने, हाथ व कमर में चोट आने के कारण मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डाक्टरों ने हालत को देखते हुए भर्ती कर लिया। युवक मानसिक रुप से विक्षिप्त बताया है। उसने घटना क्यों और किन कारणों से की इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है। आरपीएफ अभी इस मामलें की जांच कर रही है। सिरफिरे युवक की हरकत से रेलवे को काफी नुकसान

हुआ है, हालांकि टिकट मशीन सुरक्षित होने के कारण टिकट वितरण में कोई दिक्कत नहीं आई। आरपीएफ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक के टिकट काउंटर पर देर रात तीन बजे के लगभग एक युवक हाथ में राड लेकर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए काउंटर के अंदर पहुंचकर तोडफ़ोड़ शुरु कर दी। अचानक तोडफ़ोड़ होते देख कर्मचारियों ने पकडऩे की कोशिश की तो राड लेकर उन्हे खदेड़ दिया। इसके बाद उसने काउंटर में लगी खिड़कियों के कांच, कम्प्यूटर, मशीन सहित अन्य सामान राड मारकर तोडऩा शुरु कर दिया। इस घटना से टिकट काउंटर पर लगी भीड़ में अफरातफरी मच गई। लाईन में खड़े लोग इधर उधर भागने लगे। युवक काफी देर तक हंगामा करता रहा। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ थाना प्रभारी मंसूरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में लिया। तोड़फोड़ के दौरान कांच लगने से युवक भी घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना में रेल कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी। बड़ा सवाल यह है कि सिरफिरा युवक स्टेशन के अंदर तो ठीक, टिकट काउंटर के अंदर कैसे पहुंच गया। रात्रि गश्ती बल क्या कर रहा था। आरपीएफ को स्टेशन पर कड़ी निगरानी करनी हो, वर्ना ऐसे में तो कोई भी कभी भी स्टेशन पर कुछ भी कर सकता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240